रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

वैशाख शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 18 मई 2024, वर्ष-25, अंक-105, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com





आइए गर्व के साथ मतदान करें
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव

**सेंसेक्स**
73,917.03 ↑ +253.31

**डॉलर**
83.309 ↓ -0.167

**रांची सर्राफा**
10 ग्राम 72,710
01 किलो 92,500

**आज के मैच**

समय : 7:30 बजे से
स्थान : बेंगलुरु

## एक नजर

### स्वाति मालीवाल ने तीस हजारी कोर्ट में दर्ज कराया बयान



**नई दिल्ली।** आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर हुए कथित हमले के मामले में शुक्रवार को दिल्ली की तीस हजारी अदालत में अपना बयान दर्ज कराया। मालीवाल का बयान पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।


### हेमंत को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं, 21 मई को अगली सुनवाई



**रांची।** हेमंत को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। सोरेन ने ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की है। उन्होंने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की भी गुहार लगाई है, पीठ ने कहा कि आज समयाभाव के कारण इस पर सुनवाई नहीं हो सकती। अगली सुनवाई 21 मई को होगी।

## आज | कल



# अमित शाह ने किया भव्य रोड शो

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीन मई के रोड शो के बाद शुक्रवार को राजधानी रांची की सड़कों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जलवा दिखा। ओडिशा में जनसभा कर साढ़े पांच शाम अमित शाह रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से उनका काफिला सीधे चुटिया पहुंचा। जहां खुली जीप में रांची के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के साथ गृहमंत्री ने भव्य रोड शो किया। चुटिया इंदिरा गांधी चौक से शुरू हुए करीब ढाई किमी के रोड शो में जबरदस्त भीड़ उमड़ी, इसों महिलाओं की भी भारी संख्या देखी गई। हजारों लोग वाहन के आगे भाजपा का झंडा, नरेंद्र मोदी, अमित शाह और भाजपा प्रत्याशी के कटआउट लेकर नारे लगाते चलते रहे। इस दौरान अबकी बार चार सौ पार, हर-हर मोदी, घर-घर मोदी के नारे से पूरा इलाका गूंजता रहा।

इंटरव्यू

# मुझे जनता का जो प्यार मिल रहा है वह हेमंत की कमाई : कल्पना सोरेन

**रांची।** कल्पना मुर्मू सोरेन ने पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद 4 मार्च को राजनीति में धमाकेदार एंट्री की। तब से ढाई महीनों में वह झारखंड में इंडिया गठबंधन का प्रमुख चेहरा बन गई हैं। वह गिरिडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी हैं, लेकिन स्टार प्रचारक के तौर पर पूरे राज्य का दौरा कर रही हैं। राज्य की 14 सीटों पर गठबंधन की ओर से चलाए जा रहे चुनावी अभियान में कल्पना सोरेन ने खुद को दिन-रात झोंक रखा है। इसी व्यस्तता के बीच उन्होंने एजेंसी से कई अहम मुद्दों पर बातचीत की।

***Q. पति के जेल जाने के करीब डेढ़ महीने बाद कल्पना सोरेन 4 मार्च, 2024 को राजनीति में एंट्री का ऐलान करती हैं। इसके ठीक तीन महीने बाद 4 जून को जब चुनाव के रिजल्ट आएंगे, तब कल्पना सोरेन झारखंड की जनता के सामने किस रूप में होंगी?***

**जवाब :** आप खुद देख रहे होंगे कि कल्पना सोरेन जिस दिन से सामाजिक-राजनीतिक जीवन में आई है, उसी दिन से इसपर जनता प्यार की बारिश कर रही है। कल्पना को जो प्यार मिल रहा है, वह हेमंत सोरेन के त्याग और संघर्षों की कमाई है। मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि लोग उसमें अपनी बहन, बेटी, बहू, दीदी की छवि देख रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि 4 जून को गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता के सहयोग-समर्थन की बदौलत मैं झारखंड विधानसभा के लिए उनकी निर्वाचित प्रतिनिधि बन जाऊंगी। मेरे लिए यह बहुत बड़ा सौभाग्य होगा। विधानसभा के आने वाले मानसून सत्र में मैं सदन में उनकी आवाज रखने वाली मेंबर के रूप में मौजूद रहूंगी।

***Q. कुछ राजनीतिक पंडित भविष्यवाणी कर रहे हैं कि 4 जून को विधायक बनने के बाद कल्पना सोरेन के पास झारखंड के सीएम की कुर्सी भी होगी?***

**जवाब :** यह बिल्कुल हाइपोथेटिकल सवाल है। मेरी प्राथमिकता अभी गांडेय विधानसभा उपचुनाव और राज्य की 14 लोकसभा सीटों का चुनाव है?

***Q. हेमंत सोरेन की गैरमौजूदगी में क्या झारखंड में इंडिया गठबंधन का चुनावी अभियान प्रभावित हुआ है?***

**जवाब :** हेमंत सोरेन को चाहने वाले राज्य के करोड़ों लोग उन्हें मिस कर रहे हैं। उनकी जगह तो कोई भी नहीं ले सकता। उनके रहने से हर व्यक्ति खुद को मजबूत महसूस करता है। हेमंत है तो हिम्मत है का नारा जनता की भावनाओं से ही उपजा है। जनता जानती है कि हेमंत को झूठे आरोपों और साजिशों के तहत जेल भेजा गया है, इसलिए एक-एक व्यक्ति खुद को हेमंत के रूप में देख रहा है। मैं उनकी प्रतिनिधि के रूप में और पार्टी की सिपाही के रूप में लोगों के बीच उनकी ही बातें रख रही हूं।

***Q. ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ चार्जशीट फाइल की है। उनके खिलाफ ट्रायल भी शुरू कराने की तैयारी हो गई है। आप क्या सोचती हैं इस पूरे प्रकरण पर?***

**जवाब :** मैं क्या, झारखंड राज्य की पूरी जनता जानती है कि हेमंत जी को जबरन फंसाया गया है। जिस जमीन के मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया है, उसके मालिक हेमंत किसी हाल में हो ही नहीं सकते। ईडी एक भी कागज या एक भी सबूत नहीं दे पाई है कि यह जमीन हेमंत जी की है। आप कुछ लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डालते हैं और फिर उनके मुंह में अपनी जुबान डालकर कहते हैं कि जमीन हेमंत की है।

***Q. झारखंड सरकार के मंत्री के पीएस और उनसे जुड़े लोगों के घर से करोड़ों की रकम मिली है। अब तो मंत्री आलमगीर आलम को भी गिरफ्तार कर लिया गया। क्या यह भ्रष्टाचार नहीं है?***

**जवाब :** एक बात साफ कर दूं कि अगर कहीं किसी तरह का भ्रष्टाचार है तो हम उसका समर्थन कभी नहीं करते। खुद हेमंत का भ्रष्टाचार पर हमेशा सख्त रुख रहा है। अब इस मामले में सच क्या है, इसकी जांच होने दीजिए। मंत्री पर क्या आरोप लगाया गया हैं और उन्हें किस आधार पर गिरफ्तार किया गया है, सारी बातों को सामने आने दीजिए। हम आपको सच और ईमान के साथ खड़े दिखेंगे। मैं एक बात यह भी जोड़ूंगी कि जब किसी को सिर्फ राजनीतिक कारण से जेल भेजा जाता है तो यह भी बड़ा भ्रष्टाचार है।



शेष पेज-11 पर

# समय मांगने पर राहुल पर किया गया ₹1000 जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन जारी करने के आदेश को निरस्त करने के लिए झारखंड हाई कोर्ट में दायर याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से समय मांगे जाने पर उन पर एक हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। इससे पहले सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता राहुल गांधी की ओर से दो सप्ताह के समय की मांग की गई थी। यह मामला वर्ष 2018 का है। राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन



*राहुल गांधी की ओर से हाईकोर्ट से दो सप्ताह के समय की मांग की गई थी*

# ओएमआर शीट में छेड़छाड़ की केस दर्ज कराएं : हाईकोर्ट

**रांची।** हाई कोर्ट ने जेपीएससी के अभ्यर्थी गोपाल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। दरअसल, गोपाल ने हाई कोर्ट में रिट पिटीशन दाखिल कर आग्रह किया था कि उसने ओएमआर शीट में कई सवालों के जवाब दिये थे। इसके बावजूद उसे जान बूझकर असफल घोषित कर दिया गया। अदालत ने शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान ओएमआर शीट देखने के बाद हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को रिट पिटीशन और ओएमआर शीट को सील कर प्रार्थी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाने का निर्देश दिया है।

# आलमगीर आलम ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

## सीएम ने इस्तीफे को स्वीकार कर राज्यपाल को उन्हें हटाने के लिए लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफ दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को सौंपा। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने के लिए राज्यपाल को पत्र लिखा है। टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित आलमगीर आलम को ईडी ने 15 मई की देर शाम गिरफ्तार किया था। दरअसल, आलमगीर के पीएस के सहायक जहांगीर के घर से ईडी ने 35 करोड़ बरामद किए थे। इसे लेकर ईडी ने दो दिनों तक इनसे पूछताछ की थी। आलमगीर आलम 35 करोड़ रुपये की बरामदगी के मामले में ईडी को सही जवाब नहीं दे पाए, जिसके बाद उन्हें ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी के बाद से ही विपक्ष लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहा था। टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट ने ईडी को छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। उसके बाद उन्हें बिरसा मुंडा जेल भेज दिया गया था। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से कोर्ट में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी थी। मालूम हो कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस संबंध में शुक्रवार को मंत्री को रिमांड पर ले ईडी ने पूछताछ शुरू की। उनसे कई बिंदुओं पर पूछताछ हुई। मंत्री को उनके पीएस के सामने बिठा कर सवाल-जवाब किए गए।



### बरामद कैश व कमीशन के स्ट्रक्चर पर पूछताछ

सूत्रों ने बताया कि आलमगीर आलम को उनके पीएस संजीव लाल के आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई। मुख्यतः बरामद कैश व विभाग में चल रहे कमीशन के खेल के स्ट्रक्चर पर सवाल पूछे गए। आलम को घेरने के लिए कई उनके सामने दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए।

# उद्योग में बदलते कोचिंग और पब्लिक स्कूल और पिछड़ते सरकारी स्कूल



**सुनील बादल**

*सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के स्तर पर नाराजगी जता चुके हैं राज्य के कई अधिकारी*

कभी विद्या दान की बात करने वाले देश में शिक्षा को व्यवसाय बनाने के लिए मोटी तनख्वाह लेकर रिजल्ट नहीं देने वाले शिक्षक जिम्मेदार हैं या उद्योग का रूप ले चुके कोचिंग और पब्लिक स्कूल ? हाल ही में पलामू के एक उपायुक्त चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक स्कूल पहुंचे तो वहां की पढ़ाई का स्तर देख कर बहुत नाराज हुए क्योंकि बच्चे उनके किसी भी आसान सवाल का जवाब नहीं दे पाए। ऐसा ही हुआ था जब एक दशक पूर्व झारखंड के शिक्षा सचिव एके सिंह बोकारो के स्कूल में एक युवा को पढ़ाता देखकर खुश हुए पर पूछताछ से पता चला कि वह भाड़े का शिक्षक है असली गुरु जी तो आते ही नहीं । सातवें वेतन आयोग के बाद किसी भी स्कूल से अधिक वेतन पाने वाले ये सरकारी शिक्षक अपने ही बच्चों को सरकारी विद्यालयों में न पढ़ाकर पब्लिक स्कूलों में पढ़ाते हैं । कभी जनगणना तो कभी पशु गणना करने वाले सरकारी शिक्षकों में पारा शिक्षक,शिक्षा मित्र जैसे प्रयोगों से पढ़ाई पिछड़ती गई और बिहार झारखंड में सबसे बड़े उद्योग के रूप में अंग्रेजी स्कूलों और कोचिंग का व्यवसाय उभरा है । जिस तरह सरकारी डॉक्टर निजी प्रैक्टिस करते हैं उसी तरह कई शिक्षक निजी कोचिंग संस्थानों में भी नियमित पढ़ते हैं । यही हाल राष्ट्रीय स्तर पर है शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 2023, ग्रामीण भारत के 14 से 18 वर्ष की आयु के युवाओं के बीच शिक्षा के निराशाजनक परिदृश्य पर रोशनी डालती है। पढ़ने के कौशल में आठवीं कक्षा के 30 फीसदी ग्रामीण छात्र दूसरी कक्षा के मानक पाठ नहीं पढ़ सकते। इसी तरह अंकगणित कौशल में आठवीं कक्षा के 55 फीसदी ग्रामीण छात्र बुनियादी भाग करने में असमर्थ थे। जबकि अंग्रेजी समझ एवं कौशल में, आठवीं कक्षा के आधे ग्रामीण छात्र आसान वाक्यों को पढ़ने में असमर्थ थे और जो पढ़ सकते थे, उनमें से लगभग एक तिहाई छात्र अर्थ बताने में असमर्थ थे।स्कूली शिक्षा में सीखने के अपर्याप्त परिणामों को देखते हुए समकालीन भारत में कोचिंग संस्थानों का विस्तार होना स्वाभाविक है। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 2022 ने बताया कि कक्षा एक से आठवीं तक के 30.5 फीसदी ग्रामीण छात्र सशुल्क निजी कोचिंग कक्षाएं ले रहे थे। स्कूली शिक्षा में मूलभूत कौशल और गहन सोच कौशल की कमी के कारण निजी कोचिंग पर निर्भरता जरूरी हो गई है। जैसे-जैसे छात्र उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, कोचिंग पर निर्भरता बढ़ती जाती है। भारत एक कोचिंग राष्ट्र में बदल गया है, न केवल महानगरीय शहरों में, बल्कि छोटे शहरों में भी। सरकारी नौकरियों की इच्छा, जो सामाजिक सुरक्षा के साथ आती है, शायद ग्रामीण छात्रों को आगे बढ़ने के लिए यही एकमात्र रास्ता हो। भारत के 91 फीसदी कार्यबल अनौपचारिक रोजगार में है, जिसे सामाजिक बीमा के बिना रोजगार के रूप में परिभाषित किया गया है, अर्थात वृद्धावस्था पेंशन, मृत्यु/विकलांगता बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ इत्यादि से वंचित रोजगार। प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अंग्रेजी कौशल की आवश्यकता होती है, जिसके लिए कोचिंग अपरिहार्य हो जाती है। माता-पिता की उम्मीदें ऊंची बनी हुई हैं और उम्मीदवारों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। सफलता और विफलता को परिभाषित करने में कोचिंग एक महत्वपूर्ण कारक साबित हो सकती है। सभ्य गैर-कृषि रोजगार की अनुपलब्धता, रुकी हुई सरकारी नौकरियां और सीमित सरकारी नौकरियों के साथ-साथ उच्च शिक्षा के लिए युवाओं के बीच अभूतपूर्व प्रतिस्पर्धा है, जिसने छात्रों को ट्यूशन और कोचिंग में धकेल दिया है।



शेष पेज-11 पर

# झामुमो ने सीता व लोबिन को पार्टी से किया निष्कासित

**नवीन मेल संवाददाता**



सीता सोरेन



लोबिन हेम्ब्रम

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन ने शुक्रवार को सीता सोरेन को पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। वहीं बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम को भी पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

सीता सोरेन के संबंध में झामुमो अध्यक्ष की ओर से पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि 19 मार्च को पार्टी और पार्टी के वरीय नेताओं पर आधारहीन गंभीर आरोप लगाते हुए आपके ओर से पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए इस्तीफे को स्वीकार करने का अनुरोध किया गया था। साथ ही आपके द्वारा दुमका लोकसभा क्षेत्र से नामांकन किया गया। यह दोनों घटना यह दर्शाता है कि आपके पूर्व निर्धारित मंशा पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए आपके जरिये पार्टी के वरीय नेताओं पर आधारहीन आरोप लगाया जाता रहा है। इसलिए आपको पार्टी के सभी पदों से पदमुक्त करते हुए पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है। वहीं लोबिन हेंब्रम के संदर्भ में कहा गया कि सोशल मीडिया और अन्य स्त्रोतों से प्राप्त सूचना से ज्ञात हुआ कि लोकसभा चुनाव में आपने राजमहल क्षेत्र से नामांकन किया है, जो गठबंधन धर्म के विपरित है। इस वजह से आपको पार्टी के सभी पदों से पदमुक्त करते हुए प्राथमिक सदस्यता से छह वर्ष के लिए निष्कासित किया जाता है।

## एक नजर

### पिठोरिया बाजारटांड़ के शिव मंदिर में असामाजिक तत्वों ने गिराया शिवलिंग

**पिठोरिया।** राजधानी रांची के कांके प्रखंड के पिठोरिया बाजारटांड़ स्थित शिव मंदिर में असामाजिक तत्वों ने शिवलिंग को एक तरफ गिरा दिया है। मंदिर के पुजारी शुक्रवार को पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो देखा कि शिवलिंग गिरा हुआ है। पुजारी अवध मिश्रा ने स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी। इसके बाद आसपास के सैकड़ों लोग जुट गए और इस घटना की लिखित सूचना पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम कुमार राय को दी। हालांकि मंदिर में किसी तरह की चोरी की घटना नहीं हुई है। लेकिन, शिवलिंग को क्षतिग्रस्त करने से शिवभक्तों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनाव के समय में माहौल बिगाड़ने के लिए कुछ असामाजिक तत्वों ने ऐसा किया होगा। मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच पुलिस कर रही है। मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात किया गया है।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

**मांडर।** लोहरदगा जिले के रामपुर निवासी सिकंदर उरांव को मांडर थाना क्षेत्र की एक युवती ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाया है। मामले को लेकर शुक्रवार को पीड़िता द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार 2018 में उसका परिचय सिकंदर से हुआ था। धीरे-धीरे इन में दोस्ती बढ़ी और आरोपी ने शादी के नाम पर उससे शारीरिक संबंध बनाना शुरू कर दिया। तभी से शादी के नाम पर झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप मांडर थाना क्षेत्र की एक छब्बीस वर्षीय लड़की ने लगाया है। शादी की बात बोलने पर वह किसी ना किसी बहाने टाल जाता था। बाद में लड़की को पता चला कि सिकंदर पहले से ही शादीशुदा है और बाल बच्चेदार भी है। मामले की जानकारी मिलने पर पीड़िता ने मांडर थाने में प्राथमिक दर्ज कराई। सिकंदर आर्मी का जवान बताया जाता है। पुलिस मामले पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है। दूसरी ओर पुलिस के अनुसार आरोपी अभी अपनी ड्यूटी पर है।

### मुरहू में फंदे से झूलकर युवक ने की खुदकुशी

**खूंटी।** मुरहू थानांतर्गत घघारी गांव निवासी मार्शल बोदरा (28) ने शुक्रवार को बम्हनी गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर परती खेत में स्थित एक पेड़ में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।
पेड़ में फंदे से झूलते उसके शव पर जब ग्रामीणों की नजर पड़ी, तो इसकी सूचना मुरहू थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मुरहू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया। समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। इस संबंध में मुरहू थाने में अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

**हर दिन तय करते हैं चार से पांच किलोमीटर की यात्रा**

# पुरी धाम की दंडवत यात्रा पर निकले राजस्थान के हरि सिंह पहुंचे खूंटी

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
कहा जाता है कि भक्ति में शक्ति होती है। यदि कोई भक्तिभाव और सच्चे मन से कुछ ठान ले तो उसे वह हर हाल में पूरा कर ही लेता है। ऐसे ही एक हठयोगी का शुक्रवार को तोरपा आगमन हुआ, जो 16 महीने से जमीन पर लेटकर दंडवत प्रणाम करते हुए 4,000 किलोमीटर की पुरी धाम की यात्रा पर निकले हैं। राजस्थान के इस शख्स के तोरपा पहुंचने पर लोगों ने उनका स्वागत किया। राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के जौहरैया, मालियो की चौकी अमरगढ़, गंगपुर के रहने वाले 48 वर्षीय हरि सिंह ने जनवरी, 2023 से दंडवत यात्रा की शुरूआत की। हरि सिंह कभी पैदल नहीं चलते। चटाई के सहारे वे जमीन पर दंडवत प्रणाम करते हैं और फिर उठकर फिर उसी क्रिया को दुहराते हैं। हरिसिंह ने कहा कि एक दिन में वे चार से पांच किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। सोलह महीने की यात्रा के दौरान उनके तीस जोड़ी कपड़े फट चुके हैं। भक्त रास्ते में भोजन और वस्त्र आदि दे देते हैं।
हरि सिंह अपने साथ न कंबल रखते हैं और न ही कोई अन्य सामान। कुर्ता-पैजामा के सहारे ही जाड़ा, गर्मी और बरसात सभी मौसम पार हो जाते हैं। पैरों में न जूते हैं और न चप्पल। नंगे पांव चलने वाले हरि सिंह बताते हैं कि जहां थकावट होती है, वहीं आराम कर लेते हैं, चाहे जंगल हो या गांव। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी बात का भय नहीं है। उनका अंतिम पड़ाव ओडिशा के पुरी धाम है। वहां पहुंचकर जगन्नाथ महाप्रभु का दर्शन कर विश्व में शांति और खुशहाली के लिए वे श्रीहरि से प्रार्थना करेंगे।

**3500 किमी की यात्रा कर चुके हैं हरि सिंह**

हरि सिंह कहते हैं अभी तक वे लगभग 3,500 किलोमीटर की दंडवत यात्रा कर चुके हैं और पांच सौ किमी की यात्रा तय करने के बाद वे पुरी पहुंचे जायेंगे। उन्होंने कहा कि अब तक वह अयोध्या, वृंदावन, काशी विश्वनाथ के दर्शन करते हुए बिहार पहुंचे और इस समय वे झारखंड की पावन भूमि में हैं। हरि सिंह ने कहा कि उनके परिवार में पत्नी, दो पुत्र और एक पोता है।

# प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है, आपलोग मतदान अवश्य करें : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा स्थित ऑडिटोरियम में सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी और मतदान पदाधिकारी प्रथम के साथ बैठक की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी को चुनाव को स्वच्छ निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उनके दायित्वों और कर्तव्यों को विस्तार से बताया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की भुमिका काफी अहम हैं। अपने दायित्वों का बेहतर तरीके से निभाएंगे और शांतिपूर्ण, स्वच्छ व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतदान दिवस को उनकी भुमिका के बारे में सूक्ष्मता और गहनता से जानकारी देते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया को सुगम और सरल बनायेंगे। मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है ऐसे में अपने जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझें। मतदान कार्य से जुड़े यथा ईवीएम, वीवी पैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का बेहतर तरीके से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। हरेक वोट महत्वपूर्ण है मतदान अवश्य करें।

## न्यूज | बॉक्स

### कुरमी/कुड़मी समन्वय समिति की बैठक आज

**सिल्ली।** कुरमी/कुड़मी (महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के फाउंडर सदस्यों पदाधिकारियों , सभी प्रभारियों एवं समाज सेवियों का संयुक्त बैठक दिनांक 18 मई दिन शनिवार को 1 बजे डाक्टर श्रीपद महतो के बनता स्थित आवास बनता सिल्ली जिला रांची झारखंड में होगी, बैठक में जातिय सत्ता एवं एकजुटता कायम रखने के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक को सफल बनाने एवं ब्यवस्था के लिए समिति के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी निताई चन्द्र महतो टाटीसिलवे,सोनाहातु प्रखंड प्रभारी सह तेतला पंचायत समिति जगदीश महतो, सिल्ली प्रखंड प्रभारी देवेन महतो श्यामनगर,राहें प्रखंड प्रभारी रघुनाथ महतो डोकाद चिरुडीह,बुन्डू प्रखंड प्रभारी आनन्द महतो बुन्डू तमाड़ प्रखंड प्रभारी अखिलेश्वर महतो भिनसायडीह, तमाड़ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वक्त जानकारी समन्वय समिति के संयोजक लालचन महतो ने दी।

### टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस में यात्रा कर रही अकेली महिला का हैंडबैग छीना

**खलारी।** 18102 टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस के वातानुकूलित डब्बे (2ए) में यात्रा कर रही अकेली महिला से उचक्के ने हैंडबैग छीन लिया। भारतीय सेना में लेफ्टीनेंट कर्नल स्वाति शुभम की माता खलारी निवासी महिला अन्नपूर्णा प्रसाद (61 वर्ष) 18102 टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस से चण्डीगढ़ से अकेली खलारी लौट रही थी। ट्रेन करीब 12 घंटे देर से चल रही थी। शुक्रवार तड़के ट्रेन चुनार स्टेशन से खुलने के बाद साकेतगढ़ स्टेशन पर रूकी थी। तभी कोई उचक्का उनका पर्श छीनकर ट्रेन से कूद गया। इस दौरान महिला का मोबाइल पटरी पर गिर गया और चोरी होने से बच गया। पर्श में महिला का पासपोर्ट, आधारकार्ड, पैन कार्ड, आर्मी डिपेंडेंट कार्ड, आर्मी कैंटिन कार्ड, बैंक आफ इंडिया का डेबिट कार्ड, मोबाइल चार्जर, घर के चाबियों का गुच्छा तथा कुछ नगद रूपए थे। घटना के बाद दूसरे यात्रियों के सहयोग से उन्होंने अपने ही मोबाइल से रेलवे में शिकायत की। सूचना पाकर आरपीएफ ने घटना का संज्ञान लिया है। खलारी पहुंचने पर आरपीएफ के प्रशांत कुमार भुक्तभोगी अन्नपूर्णा प्रसाद से मिलकर घटना की जानकारी लिए और बरकाकाना रेल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने का सुझाव दिया। अन्नपूर्णा प्रसाद ने कहा कि ट्रेन के वातानुकूलित (ए वन) डिब्बे में अकेली महिला से हैंड बैग छिनतई होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### मृतक के परिवार वालों से मिलने पहुंचे पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत



**मांडर।** ज्ञात हो के विगत दिन पचपदा के रहने वाली सुरजमनी देवी का ऑटो एक्सीडेंट से निधन हो गई थी जो कि अपने पीछे दो छोटे छोटे बच्चे छोड़ गए। डॉ परमेश्वर भगत ने परिवार वालों से मिले एवं ढांढस बंधाया और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। मौके पर डॉ नाफर अली, किशोर लोहरा, कालीचरण लोहरा, लक्ष्मण लोहरा, अतहर रहमान, रिजवान अंसारी, कुरबान अंसारी, साहेब अंसारी, जुमन अंसारी एवं अन्य लोग उपस्थित हुए।

### एक तरफ पानी के लिए लोग परेशान, दूसरी ओर पानी की हो रही है बर्बादी

**रांची।** राजधानी के कई वार्डों में पानी को लेकर संकट की स्थिति बनी हुई है। वहीं, पाइप फट जाने से हजारों लीटर पानी सड़क पर बह रहा है। रातू रोड दुर्गा मंदिर के पीछे दूरदर्शन गली में शुक्रवार को दिन में नौ बजे से 12 बजे तक पानी यू ही सड़क पर बह रहा था। यह पानी सड़क के किनारे बिछी सप्लाई पाइपलाइन के मेन पाइप के फट जाने से बह रहा था। दूसरी ओर, रातू रोड के कब्रिस्तान के सामने मुख्य पाइप के फटने से पानी बहता रहा। इस पर विभाग के एसडीओ शुभम उपाध्याय ने बताया कि दूरदर्शन के पास मेन हाउस पाइप फट गया है, जिसकी मरम्मत का कार्य शनिवार को किया जाएगा। वहीं, कब्रिस्तान के पास केसीसी कंपनी द्वारा निर्माण कार्य के दौरान मैकेनिकल ज्वाइंट को तोड़े जाने से पानी बह रहा है। इसके लिए कंपनी को इसे ठीक करने को कहा गया है। लेकिन, शटडाउन के बाद ही इसे ठीक किया जा सकता है, क्योंकि इसमें पूरे पाइप को ही बदलना होगा और इसमें काफी समय लग जाएगा।

# खलारी में मजदूर महिला ने फांसी लगाकर अपनी जान दी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी थाना क्षेत्र के विश्रामपुर पंचायत अंतर्गत जेहलीटांड़ में 26 वर्षीय महिला पुनी कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में मृतका की सास फुदकी देवी ने बताया कि सामान्य दिनों की तरह गुरूवार रात भी उसकी बहु पुनी कुमारी अपने पांच वर्षीय एकलौते पुत्र विनीत के साथ अपने कमरे में सोने गई थी। शुक्रवार सुबह विनीत कमरे से बाहर निकल कर अपनी मां के फंदे पर लटके होने की जानकारी दी। सूचना पाकर विश्रामपुर पंचायत मखिया दीपमाला कुमारी के अलावा आसपास के ग्रामीण वहां पहुंचे। खलारी थाना पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया और पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतका पुनी कुमारी दिहाड़ी मजदूरी करती थी। गुरूवार को पड़ोस के एक घर में एक जन्मदिन का कार्यक्रम था। जिसमें जाने के लिए पुनी ने ही पैसे भी दिए थे। सब कुछ सामान्य था। जन्मदिन से लौटने के बाद पुनी अपने बेटे को लेकर अपने कमरे में सोने चली गई। रात में ही वह फांसी के फंदे से झूल गई। परिवार में कमाने वाली पुनी ही थी। उसके जाने के बाद घर में कमाने वाला कोई नहीं बचा। उसके पति सुरेन्द्र गंझू की दो साल पहले कैंसर की बीमारी से मृत्यु हो गई थी। एक देवर सत्येंद्र गंझू एक साल पहले दुर्घटना का शिकार हो चुका है। दो छोटे देवर उसी घर में रहते है। जिसमें एक विजय बाहर ट्रक चालक का काम करता है। छोटा देवर अमर घर पर ही अपनी मां के साथ रहता है। पुनी ने आत्महत्या क्यों कर ली यह कोई नहीं बता पा रहा है। खलारी थाना में घटना को लेकर यूडी केस दर्ज किया गया है।

### हाथियों ने बर्बाद की फसल, विधायक ने लिया नुकसान का जायजा

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में जगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शायद ही कोई ऐसी रात गुजरती है, जब जंगली हाथी कहीं घर को न ध्वस्त करते हों या फसलों की बर्बाद न करते हो। तोरपा प्रखंड की बारकुली पंचायत के मनमनी गांव में जंगली हाथियों की झुंड ने गुरुवार की रात धान और टमाटर की तैयार फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर तोरपा के विधायक कोचे मुंडा शुक्रवार को भाजपा कार्यकताओं के साथ मनमनी गांव पहुंचे और क्षति का जायजा लिया। विधायक ने कहा कि जंगली हाथियों से स्थायी निजात दिलाने में सरकार और प्रशासन पूरी तरह नाकाम है। पिछले चार दशकों से इस क्षेत्र में जंगली हाथी आतंक मचा रहे हैं, पर इसका समाधान करने की दिशा में ठोस प्रयास नहीं किये गये। उन्होंने प्रशासन सें मांग की कि प्रभावित लोगों को अवलंग उचित मुआवजा दिया जाए।

# बिना चालान परिवहन करते खनिज लदे पांच वाहन जब्त




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए खनन टास्क फोर्स में बिना परिवहन चालान के खनिज लेकर परिवहन करते पांच वाहनों को जब्त कर संबंधित थाना को कार्रवाई करने के लिए सुपुर्द किया है। खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर खनन टस्क फोर्स ने गोविंदपुर, सरायढेला एवं निरसा थाना क्षेत्र में संबंधित थाना के सहयोग से जांच अभियान चलाया। जांच के क्रम में गोविंदपुर थाना क्षेत्र से लगभग 800 - 800 सीएफटी पत्थर चिप्स लोड हाइवा संख्या जेएच 10 सी.डबलयु. 6667 व जेएच 10 सी.एन. 6667, निरसा थाना क्षेत्र से लगभग 500 सीएफटी पत्थर चिप्स लोड हाइवा संख्या जेएच 10 ए.एक्स. 0208 तथा सरायढेला थाना क्षेत्र से लगभग 100 - 100 सीएफटी बालू लोड टाटा 407 संख्या जेएच 10 वी 6811 व ट्रेक्टर संख्या जेएच 10 सी.जी. 9243 को जब्त कर संबंधित थाना को कार्रवाई करने के लिए सुपुर्द किया गया।

# संत माइकल स्कूल मुरी के कक्षा दसवीं व बारहवीं के टॉपर्स को किया गया सम्मानित




नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी
सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवी एवं बारहवीं का परिणाम दिनांक 13 मई को घोषित हुआ। जिसमें संत माईकल + 2 स्कूल का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। शुक्रवार को सभी टॉपर बच्चों को पुष्प गुच्छ देकर तथा मिठाई खिला कर विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया गया। इस खुशी के मौके पर सभी बच्चे तथा सभी शिक्षक कर्मी मौजूद थे। सभी ने एक साथ सफलता की खुशियाँ मनाई। विद्यालय के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षकों एवं विद्धार्थियों को बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का ही फल है।साथ ही उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षको को भी दिया जिसके अंतर्गत बच्चो ने गुणवत्ता शिक्षा प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया।स्कूल प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने शिक्षको एवम् विद्याथीर्यों को बधाई के साथ बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दिए उन्होंने उन सभी अभिभावकों को भी धन्यवाद दिए जिसने स्कूल के प्रति भरोसा जताया।स्कूल प्राचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने कहा कि बच्चे हमारे विश्वास पर खरे उतरे। आगे उनके सफल भविष्य की कामना करते हैं।इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षकाए मनीषा सिंह,ममता गोस्वामी, रमेश गौराई, सोमांशी तिवारी, किशोर कुमार, वि. वेंकट राव, अजय चिक बराईक, अभिरूप दत्ता, हनी कश्यप, अन्नत कुमार, अनिरुद्ध कुमार, इत्यादि उपस्थित थे।

### तपकारा थाना के नए भवन के लिए हुआ भूमि पूजन



**खूंटी।** एसपी अमन कुमार की मौजूदगी में शुक्रवार को तपकारा थाना के नये भवन के लिए भूमि पूजन किया गया। तपकारा बाजार टांड़ में बनने वाले नये भवन के लिए हुए भूमि पूजन में तपकारा के थाना प्रभारी राजू कुमार ने यजमान की भूमिका निभाई। पंडित रवि पाठक ने वैदिक विधि विधान से पूजन अनुष्ठान संपन्न कराये। मौके पर एसपी ने कहा कि तपकारा के लोगों का सौभाग्य है कि बाजार टांड़ में नये थाना भवन का निर्माण होने जा रह है। इससे इस क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में सफलता मिलेगी और पुलिस कर्मियों को भी सहूलियत होगी। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, अंचलाधिकारी पूजा बिन्हा, तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, तोरपा थाना पभारी प्रभात रंजन पांडेय, प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कुमार कर, नीरज पाढ़ी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर पुलिस भवन निर्माण निगम के सहायक अभियंता ने बताया कि लगभग दो करोड़ रुपये की प्राक्कलित राशि से अत्याधुनिक थाना भवन का निर्माण कराया जायेगा।

### कुएं में डूबने से युवती की मौत

**खूंटी।** रनिया थानांतर्गत ग्राम भीमा टोली तोकेन निवासी साधु लोहरा की पुत्री रीना कुमारी (18) की अपने घर के समीप स्थित कुएं में गिरकर डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रीना गुरुवार शाम अपने घर के समीप स्थित कुएं पर पानी भरने गई थी, लेकिन फिर वापस घर नहीं लौटी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर स्वजन उसे ढूंढने निकले। खोजबीन के दौरान जब रीना का कहीं कुछ पता नहीं चला, तब कुएं में जाकर देखा गया, तो कुएं के अंदर से उसका शव बरामद हुआ। बाद में इसकी सूचना रनिया थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर शुक्रवार सुबह रनिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि पानी भरने के दौरान वह कुएं में गिर गई होगी और डूबने से उसकी मौत हो गई। इस संबंध में रनिया थाने में अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

### सीआईपी ने मनाया 107वां स्थापना दिवस



रांची। सीआईपी का 107वां स्थापना दिवस शुक्रवार को निदेशक डॉ तरुण कुमार के नेतृत्व में मनाया गया। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत सिन्हा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रो दीपक श्रीवास्तव निदेशक आईआईएम सम्मानित अतिथि थे। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं को उनके विशिष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही 'मानसिक स्वास्थ्य रोकथाम और नए प्रगति' विषय पर वैज्ञानिक सत्र का भी आयोजन किया। शाम को एक अद्भुत सांस्कृतिक उत्सव मनाया गया, जिसमें कर्मचारियों और रोगियों ने सक्रिय भाग लिया। इस कार्यक्रम की मेजबानी इंडियन साइकिएट्रिक सोसाइटी, झारखंड राज्य शाखा के सहभागिता द्वारा की गई।

# शिक्षा समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाता है : डॉ परमेश्वर



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम डुमरी में एच. एस. इंपीरियल पब्लिक स्कूल के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत। उन्होंने फीता काट कर उद्घाटन किया। समारोह में नरकोपी थाना प्रभारी ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में परिर्वतन आ सकता है इसके साथ ही क्राइम भी रुक सकता है। क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। प्रो. डॉ. नाफर अली ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा सभी लोगों के लिए अतिआवश्यक है, शिक्षा से लोग बड़े बड़े पदों में आसीन हो सकते हैं एवं गरीबी में शिक्षा प्राप्त करने में कोई बाधक नहीं है। मांडर प्रखंड अंजुमन के सचिव अफरोज हुसैन ने कहा कि मोबाइल के कारण बच्चों का समय नष्ट होता है। बच्चे मोबाइल इस्तेमाल अच्छे बुरे चीजों को देखते हुए करें। डॉ. परमेश्वर भगत ने अपने साहसिक कदम के साथ शिक्षा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने आज एच. एस. इंपीरियल पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया, जिसमें वे समाज को समर्पित शिक्षा के माध्यम से एक सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर होने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा एक महत्वपूर्ण माध्यम है जो समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकता है। उन्होंने ने कहा कि विद्यार्थी को अनुशासित, संयमित रहते हुए खूब मेहनत करना चाहिए और एक अच्छी संगति में रहना चाहिए। अभिभावकों को इन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों को प्रतिदिन चेक करें, कही आपके बच्चे गलत रास्ता में तो नहीं जा रहे हैं? इन्होंने कहा कि समाज को सुधारने में मेरी प्राथमिकता शिक्षा का स्तर को सुधारना, स्वास्थ के क्षेत्र में काम करना, कृषि के क्षेत्र में काम करना, रोजी, रोजगर, बिजनेस, नौकरी एवं सभी जाति धर्म के लोगो के बीच सामाजिक समरता बनाए रखना अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि दो रोटी काम खाए लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं। मौके पर डॉ नाफर अली, स्कूल के निदेशक वशिम अंसारी, प्रधानाचार्य रेहान अंसारी, अध्यक्ष ताहिर अंसारी, सचिव इरसाद अंसारी, मांडर प्रखंड अंजुमन के सचिव अफरोज हुसैन, नरकोपी थाना प्रभारी, अतहर रहमान, रिजवान अंसारी, जुमन अंसारी और सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### दो पिकअप वाहन से 1200 किलोग्राम डोडा जब्त, दो गिरफ्तार

**खूंटी।** जिले के मुरहू थानांतर्गत ग्राम गुम्पडू एवं कातिंगकेल क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को छापामारी अभियान चलाकर दो पिकअप वाहन से तस्करों द्वारा अन्यत्र ले जाने के लिए बोरों में भरकर रखे गए लगभग 1184 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा बरामद किया। बरामद अफीम डोडा और दोनों पिकअप वाहनों (जेएच 05बीएक्स 9389 एवं जेएच 01सीएस 7416) सहित मौके पर बरामद एक मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया। साथ ही मौके पर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में मुरहू के गुम्पडू गांव निवासी दाऊद कंडीर (40) तथा सुनील कंडीर हैं, जिनके विरुद्ध मुरहू थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह जानकारी जिला पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। बताया गया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुम्डूपु गांव के ग्रामीणों द्वारा जंगली क्षेत्र में छिपाकर रखे गए अफीम डोडा को अन्यत्र ले जाने के लिए तस्कर आनेवाले हैं।

# सिल्ली में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर हुआ शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन जिला स्वास्थ्य समिति रांची के सौजन्य से राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर सामुदायिक अस्पताल सिल्ली की पूरी टीम के द्वारा प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय सिल्ली में बच्चों के बीच डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव हेतु कई महत्वपूर्ण जानकारियां अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर मुकेश कुमार और डॉ विवेक के द्वारा बच्चों के बीच दिया गया। साथ ही साथ जन जन में स्वच्छता के संदेश फैलाएं, डेंगू/चिकनगुनिया को दूर भगाने का नारा भी दिया गया। मौके पर बच्चों को यह भी बताया गया कि अपने आस पड़ोस में गंदी पानी को जमा न होने दें क्योंकि गंदी पानी जमा होने से मच्छर उत्पन्न होते हैं एवं वे बीमारियां को फैलाते हैं। आसपास के परिवेश को साफ सुथरा रखें तभी हम लोग स्वस्थ रह सकते हैं। साफ सफाई के लिए अपने आसपास पड़ोस के लोगों को प्रेरित भी करें। इस अवसर पर लगभग 120 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया एवं स्वस्थ रहने के बहुत सारे टिप्स भी दिए गए। मौके पर डॉक्टर अनुराधा शर्मा, एमपीडब्ल्यू सुरेंद्रनाथ महतो, बीपीएम शशि भूषण दुबे, कमल कुमार दे, संजीव महतो, एएनएम मंजूरा कुमारी, समेत पूरी अस्पताल की टीम एवं विद्यालय के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजी राजधानी





## गृह मंत्री अमित शाह का राजधानी में भव्य रोड शो

ब्यूरो रिपोर्ट । रांची केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अपने झारखंड दौरे के दौरान रांची के चुटिया में रोड शो किया। खुली जीप पर अमित शाह के साथ भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ भी सवार थे। रोड शो में राजधानी की जन सैलाब उमड़ पड़ी थी, सड़क के दोनों ओर गृह मंत्री को देखने के लिए भारी भीड़ मौजूद थी, इस दौरान जम कर जय श्री राम के नारे लगे। भारी भीड़ को देख कर गृह मंत्री भी काफी गदगद थे और अपने खास अंदाज से लोगों का अभिवादन कर रहे थे, गृह मंत्री कभी हाथ जोड़ कर , तो कभी हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन किया और जनता पर कमल फूल की पंखुडिया बरसायी। गृह मंत्री का रोड शो चुटिया के इंदिरा गांधी चौक से शुरू हुई। रोड शो के मार्ग में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। इसे लेकर भाजपा कार्यकताओं में काफी उत्साह दिखा । लोगों ने रोड शो में राम दरबार सजाया और गंगा आरती की। गंगा आरती करने के लिए बनारस से पुरोहित बुलाए गए थे। अमित शाह के रोड शो को लेकर जोरदार तैयारी की गयी थी। चुटिया में सड़कों के किनारे न सिर्फ भाजपा के झंडे लगाए गए थे, बल्कि अन्य साज-सज्जे भी किए गए थे। इससे इलाके की रौनक बढ़ गयी थी। बता दें कि 3 मई के शाम को रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी रोड शो में शामिल हुए थे। अमित शाह के रोड शो के दौरान सुरक्षा को लेकर मार्ग के दोनों ओर ऊंचे भवनों में पुलिस की तैनाती की गयी थी और रास्ते में दोनों ओर से बैरिकेडिंग की गयी थी, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक नहीं हो। कार्यक्रम के बाद अमित शाह शाम 7:00 बजे विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।



महिलाओं और युवाओं में दिखा भारी उत्साह



बनारस के पुरोहितों ने की गंगा आरती





### रांची रेलवे स्टेशन से चोरी हुआ बच्चा ओडिशा से बरामद

रांची। रांची रेलवे स्टेशन से चोरी हुए बच्चे को पुलिस ने ओडिशा से बरामद किया है। शुक्रवार को पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को यह पता चला कि कटक में कुछ बच्चा चोर गिरोह सक्रिय हैं और वह बिहार-झारखंड और बंगाल जैसे राज्यों से बच्चा चोरी करते हैं। रांची और ओडिशा पुलिस के जरिये की गई छापेमारी में मिले अपराधियों से जब कड़ी पूछताछ की गई, तो उसने कबूल कर लिया कि रांची स्टेशन से 12 मई को चुराए गए बच्चे को वे ओडिशा के खुर्दा में बेच चुके हैं। कटक में पूछताछ करने के बाद पुलिस अपराधियों के बयान के अनुसार खुर्दा गई, जहां से उन्होंने नौ माह के शुभम कुमार को बरामद कर लिया। मामले में महिला सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### अफ्रीकन स्वाइन फ्लू के बाद तेजी से उबर रहे किसान

# झारखंड में तेज गति से बढ़ रहा सूकर पालन

**अमित कुमार। रांची**

झारखंड में पिछले वर्ष अफ्रीकन स्वाइन फ्लू के कारण काफी नुकसान हुआ था। पर, सूकर पालन करने वाले किसान अब इससे तेजी से उबर रहे हैं। सूकर पालन का विस्तार तेज गति से हो रहा है। किसानों ने कम पूंजी के साथ सूकर पालन करते हुए आज अपनी आमदनी में अच्छी-खासी वृद्धि कर ली है। किसानों को सूकर पालन करने में झारखंड सहित केंद्र सरकार भी मदद दे रही है।

रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में सूकर पालन के लिए देश भर के किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही, इसकी बेहतरी के लिए झारखंड पशु-पक्षी पालक एवं उत्पादन सहयोग समिति नाम से एक सोसाइटी संचालित है। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से अखिल भारतीय समन्वित सूकर शोध परियोजना (आइसीएआर) गुवाहाटी से कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। बता दें कि भारत में सबसे अधिक सूकर पालन असम में किया जाता है। दूसरे नंबर पर झारखंड है, जहां 12.8 लाख संख्या में सूकर उपलब्ध हैं। वहीं, भारत में सुकरों की संख्या 90 लाख है। झारखंड में 'झारसुक' नस्ल के सूकर ही मुख्य रूप से पाले जाते हैं। सूकर की इस प्रजाति को डॉ संत कुमार सिंह और उनकी टीम ने तैयार की थी, जो दक्षिण भारत में बहुत लोकप्रिय है।



देश में झारखंड दूसरा ऐसा राज्य है, जहां सूकर पालन बड़े स्तर पर होती है। यहां सूकरों की वृद्धि दर 32 प्रतिशत से अधिक है, जबकि देश में 12 प्रतिशत है। झारखंड की अर्थव्यवस्था का यह मजबूत आधार बनने कि स्थिति में है। क्योंकि, यहां के लोकल नस्ल और ब्रिटेन के नस्ल को मिला कर झारसुक नस्ल तैयार किया गया है। इसमें स्वाद के साथ पौष्टिकता भी भरपूर है।

डॉ रवींद्र कुमार, सूकर पालन विभाग, बीएयू, रांची।

#### क्या कहते हैं सूकर पालक

वर्ष 2021 से पहले रोजगार के अभाव में काम की तलाश रहती थी। सूकर पालन कर आज महीने के 50 हजार रुपये आसानी से कमा ले रहे हैं। 10 कमरों का फार्म बनाया है। शुरुआत में 12 मादा और दो नर के साथ काम शुरू किया था। आज सूकर के बच्चों की बिक्री कर रहे हैं। इसकी मांग आसपास के क्षेत्रों में काफी है।

दलेश्वर महतो, गोमिया, बोकारो।



वर्ष 2010 में एक कमरे से सूकर पालन की शुरुआत की थी। तब छह मादा और दो नर थे। इसकी वृद्धि दर अधिक होने से आज 200 सूकर हो चुके हैं। इसमें सौ से अधिक सूकरों की मांग है। साथ ही, झारखंड सरकार को भी सप्लाइ कर रहे हैं। इसमें मादा की देखरेख बेहतर करनी पड़ती है।

गणेश राम, गढ़वा।



यह हमलोगों का परंपरागत पेशा है। वहीं, बीएयू से काफी सहयोग मिलता रहा है। पिछले साल रांची जिले में फैली बीमारी के कारण सात लाख रुपये का नुकसान हुआ था। इस बार लोकल नस्ल तुंबा से शुरुआत कर रहे हैं, क्योंकि उम्मीद है कि इस व्यवसाय से ही तेज गति से अब तक हुए नुकसान की भरपाई हो सकेगा।

संदीप मिंज, होराप, नामकुम।



एक लाख रुपये की पूंजी के साथ सूकर पालन की शुरुआत वर्ष 2013 में की थी। उस वक्त कुल 25 सूकर थे। नौ सालों में इस कारोबार का ग्रोथ काफी अच्छा रहा है। हर माह जानवर बेच कर 70 हजार रुपये तक की कमाई हो जाती है। डालटनगंज पलामू, गढ़वा में इसका काफी बड़ा बाजार होने से मांग बनी रहती है।

उदल कुमार, पलामू।

### बीएयू चिकित्सालय में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

# आंखों की नियमित जांच ही नेत्र रोगों से बचाव का उपाय : डॉ एससी दुबे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यूएस वर्मा ने बताया कि कुलपति डॉ एससी दुबे के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय अस्पताल में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में सेंटर फॉर साइट महिंद्रा कॉरपोरेशन ग्रुप के माध्यम से नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आंख के रोगों से ग्रसित 72 रोगियों की जांच की तथा उचित परामर्श दिया। चिकित्सकों के साथ विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उमाशंकर वर्मा ने बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, चेस्ट, एब्डोमेन, जोड़ों का दर्द, चर्म रोग, थायराइड, कोरोनरी आर्टरी डिजीज, ब्रेन हेमरेज इत्यादि रोगों से ग्रसित रोगियों की भी जांच की। जांच के बाद रोगियों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस निःशुल्क शिविर में कुलपति डॉ एससी दुबे ने छात्रों, कर्मचारियों और पदाधिकारियों को से आंखों की नियमित जांच कराते रहने की सलाह दी। इससे गंभीर नेत्र रोगों से बचाव की जा सकती है। उन्होंने कहा, आंख एक अति महत्वपूर्ण अंग है। आंख की रोशनी चली गई, तो जीवन अंधकार मय हो जाता है। इसलिए आंख की रोशनी को बचाने के लिए समय-समय पर जांच कराते रहें। यह अच्छी बात है कि हमारे विश्वविद्यालय में निःशुल्क नेत्र जांच की व्यवस्था की गई है। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यूएस वर्मा ने सलाह दी कि नेत्र रोग की छोटी से छोटी परेशानियों को भी नजर अंदाज न करें, अन्यथा भविष्य में गंभीर बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है। विश्वविद्यालय के नियंत्रक अफताब मोहसिन, सहायक नियंत्रक नंदकिशोर, मुमताज आलम, असुंता प्यारी एक्का, एलिसा एक्का, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के 14 छात्र, एग्रीकल्चर कॉलेज के 10 छात्र, कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री के 11 छात्र तथा 30 आकस्मिक कर्मचारियों ने नेत्र जांच कराई। नेत्र जांच टीम में डॉ कविता शर्मा, संजीव कुमार, राजीव कुमार, वीर चंद्र पटेल, संजय तथा अन्य स्पेशलिस्ट चिकित्सक शामिल थे। जांच के दौरान कैटरेक्ट या मोतियाबिंद के चार मरीज, आंख की रोशनी से संबंधित 16 मरीज और अन्य बीमारियों से ग्रसित 20 मरीज पाए गए। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि जिन लोगों को नेत्र जांच के समय ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन इत्यादि में गड़बड़ियां पाई गईं, उन्हें उचित दवाएं दी गईं। दूसरे दिन पुनः मरीजों की बीपी और शुगर की जांच करके देखी गई। उनमें सुधार पाया गया और यथोचित उचित परामर्श दिया गया।



## बैंकिंग उप समिति की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की बैंकिंग उप समिति की बैठक शुक्रवार को चैंबर भवन में हुई। इसमें विभिन्न जिलों में भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं के दोपहर में कार्य बंद हो जाने से ग्राहकों के समक्ष होने वाली कठिनाइयों पर चर्चा की गई। कहा गया कि चुनावी कार्यों में कर्मचारियों की संलग्नता के कारण विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्थित शाखाओं में दोपहर में ही कार्य बंद कर दिया जाता है। इससे व्यवसायियों को विशेष रूप से परेशानी होती है। यदि बैंक कर्मी चुनावी कार्यों में संलग्न हैं, तब उचित होगा कि कुछ कर्मचारियों की उपलब्धता बैंक शाखा में जरूर रखी जाए, ताकि व्यापारियों का लेन-देन कार्य प्रभावित न हो। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि नेतरहाट में चैंबर की संपन्न हुई बैठक में भी गुमला और गढ़वा जिले के व्यवसायियों द्वारा यह शिकायतें हमारे संज्ञान में लाई गई थीं। गढ़वा जिले के नगरउंटारी शाखा में पर्याप्त मैनपावर की कमी, लिंक फेल की समस्या, पासबुक प्रिंटिंग जैसी समस्या तथा इस शाखा में राष्ट्रीय पेंशन योजना खाता नहीं खोले जाने से भी लोग परेशान हैं। आए दिन इस शाखा में गलत भुगतान जैसी घटनाएं हो रही हैं तथा शिकायत करने पर शिकायतों का निपटारा भी जल्द संभव नहीं हो पा रहा है, जिसकी समीक्षा आवश्यक है। चर्चा के क्रम में चैंबर द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के डिप्टी जेनरल मैनेजर को पत्राचार कर मामले में कार्रवाई का आग्रह किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### सिख फेडरेशन ने पक्षियों को पानी पिलाने के लिए किया मिट्टी के कटोरे का वितरण

**रांची।** झारखंड सिख फेडरेशन ने शुक्रवार की संध्या में अल्बर्ट एक्का चौक पर पक्षियों को पानी पिलाने के लिए लोगों के बीच मिट्टी के कटोरे का वितरण किया। फेडरेशन के सदस्यों ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आप पक्षियों और पशुओं के लिए अपने घर की छत एवं आंगन में मिट्टी के कटोरे में जल भर कर रखें, ताकि वे पानी से अपनी प्यास बुझा सकें। मौके पर फेडरेशन के प्रेसिडेंट अमरजीत सिंह दुहरा, सचिव ज्योति सिंह मथारू, कोषाध्यक्ष जयदीप चड्ढा, संयुक्त सचिव गोल्डी जग्गी, पूर्व सचिव नवजोत अलग रूबल, राजा बग्गा, शरणजीत सिंह राजा, अमरजीत सिंह, सोनू मक्कड़ एवं झारखंड सिख फेडरेशन यूथ विंग के राजवीर सिंह दुहरा, हर्ष, समरजित सिंह, जगजोत, सिंह तिवाना आदि सदस्य उपस्थित थे।

### पेयजल की समुचित व्यवस्था करे मारवाड़ी महाविद्यालय : आजसू

**रांची ।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मारवाड़ी महाविद्यालय के डीएसडब्ल्यू तरुण चक्रवर्ती से मुलाकात की और छात्र-छात्राओं की समस्या से उन्हें अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए मारवाड़ी महाविद्यालय के अध्यक्ष विशाल कुमार यादव ने कहा कि महाविद्यालय में पीने योग्य स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते छात्र छात्राओं को बहुत परेशानी होती हैं। अभी गर्मी के मौसम मे यह समस्या और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए समुचित पेयजल की व्यवस्था कराई जाए। अन्यथा, छात्र आजसू आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मारवाड़ी महाविद्यालय के डीएसडब्ल्यू समेत अन्य सभी शिक्षक ने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि जल्द ही महाविद्यालय के सभी फ्लोर पर स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था कर दी जाएगी। मौके पर मारवाड़ी महाविद्यालय के एमबीए विभाग के डायरेक्टर डॉ संजीव चतुर्वेदी, परीक्षा नियंत्रक डॉ उमेश कुमार, छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष तरुण चक्रवर्ती, समीहा, सुमित सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में समर कैंप 'एक्सट्रावेगेंजा-2024' का भव्य समापन

**रांची ।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में चल रहे आठ दिवसीय समर कैंप 'एक्सट्रावेगेंजा-2024' का शुक्रवार को भव्य समापन समारोह मनाया गया। विद्यालय में विगत 10 मई को समर कैंप की शुरुआत हुई थी। प्रतिदिन बच्चों ने कई रचनात्मक और कलात्मक गतिविधियों में भाग लिया। समापन समारोह में पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाते हुए विद्यालय के बच्चों ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। समापन समारोह में बांग्ला तथा ओडिसी नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। ओडिसी नृत्यांगना कविता द्विवेदी द्वारा एक विशेष नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समर कैंप के दौरान बच्चों द्वारा की गई आकर्षक छतरी पेंटिंग और टी-शर्ट पेंटिंग के साथ विभिन्न कलात्मक वस्तुओं की कला प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे सभी ने काफी सराहा। बच्चों ने आकर्षक वाल पेंटिंग भी की। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों द्वारा इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की सराहना की तथा इस बात पर विशेष जोर दिया कि छात्र इस दौरान जो कुछ

### डॉ नंदनी कुमारी आईवीए की पूर्वी क्षेत्र संयोजक नियुक्त

**रांची ।** इंडियन वेटरिनरी एसोसिएशन (आईवीए) ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ नंदनी कुमारी को अपने महिला वेट विंग के पूर्वी क्षेत्र का संयोजक नियुक्त किया है। वह पिछले 3 वर्षों से झारखंड इकाई की संयोजक के रूप में काम कर रही थीं और महिला पशु चिकित्सकों के हितों की रक्षा और संवर्धन के लिए कार्यरत थीं। इसमें लिखा गया है कि इस नियुक्ति को आईवीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र शर्मा का अनुमोदन प्राप्त है। डॉ शर्मा वेटरिनरी कौंसिल ऑफ इंडिया (वीसीआई) के भी अध्यक्ष हैं। वर्ष 1922 में स्थापित इंडियन वेटरिनरी एसोसिएशन का मुख्यालय चेन्नई में है और देशभर में 60 हजार से अधिक पशु चिकित्सकों की यह शीर्ष संस्था है। इंडियन वेटरिनरी जर्नल नाम से संगठन का मुखपत्र सन 1924 से ही लगातार प्रकाशित हो रहा है। पशुओं में महामारी की रोकथाम, पशुओं से प्राप्त होने वाले खाद्य पदार्थों की सुरक्षा, पशु चिकित्सा शिक्षण एवं अनुसंधान को प्रोत्साहन तथा पशु चिकित्सकों के हितों, अधिकारों, मान सम्मान और बेहतर भविष्य का संरक्षण इस संगठन का प्रमुख उद्देश्य है।



### पांच माह से परेशान मरीज का रिम्स निदेशक ने किया सफल ऑपरेशन

**रांची ।** गरीब परिवारों के लिए रिम्स आज भी लाइफलाइन बनी हुई है। जब शहर के सभी निजी अस्पताल मरीज को अंतिम सांस चलने तक लुटते हैं, तब रिम्स ही अंत में सहारा बनता है। शुक्रवार को रिम्स ने फिर एक बार यह साबित किया कि वह गरीबों का सहारा है। चतरा के टंडवा निवासी एक 65 वर्षीय पुरुष का रिम्स निदेशक सह न्यूरोसर्जन प्रो (डॉ) राजकुमार के नेतृत्व में सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज को पिछले 5 महीने से अनुचित स्थान पर पेशाब, सिरदर्द और सामान्य कमजोरी की शिकायत के साथ रिम्स में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को न्यूरोसर्जरी व निश्चेतना की टीम ने मरीज का सफल ऑपरेशन किया। मरीज की हालत अब सामान्य है। ऐसे में उनके परिजन ने रिम्स निदेशक सहित सभी डॉक्टरों का धन्यवाद किया है।

### कांग्रेस-भाजपा नहीं कर रही ब्राह्मण समाज का सम्मान : सुनील पांडेय

**रांची ।** अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुल्ताना मेयातु निवासी सुनील कुमार पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हजारीबाग लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल सहित कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल भी कहीं ना कहीं ब्राह्मणों से दूरी बनाए हुए हैं। दोनों पार्टियों के प्रत्याशी द्वारा जिले के तमाम ब्राह्मणों को अनदेखा किया जा रहा है, जिसका खामियाजा दोनों प्रत्याशियों को भुगतना पड़ सकता है। ब्राह्मण समाज में पकड़ रखने वाले कई व्यक्तियों को कांग्रेस प्रत्यासी जेपी पटेल व भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल अनदेखी कर रहे हैं। इससे जिले का ब्राह्मण समाज अपने को अपमानित महसूस कर रहा है।

### केरोसिन डालकर महिला को जलाने के प्रयास के मामले में पति सहित दो गिरफ्तार

**रांची ।** रांची। रांची की सुखदेव नगर थाना पुलिस ने महिला पर केरोसिन तेल डालकर जलाने के प्रयास करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में महिला का पति निखिल प्रसाद साहू और जेठ रोहित प्रसाद साहू शामिल हैं। डीसीपी प्रकाश सोए ने शुक्रवार को बताया कि 16 मई की रात महिला पूजा कुमारी थाने पहुंची। वह केरोसिन तेल से लथपथ थी। महिला ने पुलिस को बताया कि उसके ससुराल वाले मिलकर उसे केरोसिन तेल डालकर आग लगाकर मारना चाहते हैं। किसी तरह वह बचाव करते हुए थाने आई। उसने कहा कि उसका विवाह 27 फरवरी, 2023 को हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था।






# राज्य में 20 को होने वाले मतदान में बूथों पर दिखेगी झारखंडी संस्कृति की झलक

**नवीन मेल संवाददाता**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में झारखंड की तीन सीटों पर 20 मई को मतदान होंगे। इस चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए चुनाव आयोग ने व्यापक तैयारी की है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के साथ आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई इंतेजाम किए हैं। बूथों को सजाने का काम अंतिम चरण में है। महिला, निशक्त और युवाओं के लिए अलग-अलग बूथ बनाए गए हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए बूथों को भव्य रूप दिया जा रहा है, जिसमें झारखंड की सभ्यता-संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। वैसे तो इस बार सभी मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र घोषित किए गए हैं। कुछ ऐसे भी मतदान केंद्र होंगे, जहां मतदान की पूरी जिम्मेदारी महिला, निशक्त और युवा मतदान कर्मी उठाएंगे। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि पांचवें चरण में 4589 लोकेशन में 6705 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन मतदान केंद्रों में 73 महिला, 13 निशक्त, 13 युवा और 36 यूनिक मतदान केंद्र होंगे। यूनिक बूथों पर झारखंडी संस्कृति की झलक दिखेगी। वन, पर्यावरण और झरनों को दशार्ता मतदान केंद्र बनेगा। इसके लिए तैयारी चल रही है। महिला संचालित सर्वाधिक बूथ हजारीबाग में हैं, जहां 34 ऐसे बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा इस चरण में प्रत्येक बूथ पर औसतन 870 मतदाता वोट डालेंगे।



## आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

रांची। देश के पांचवें व राज्य के दूसरे चरण का मतदान 20 मई को सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा। दूसरे चरण में झारखंड के चतरा, हजारीबाग और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लिए वोट डाले जाएंगे। इसे लेकर शनिवार की शाम पांच बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। 20 मई की सुबह सात बजे से होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टी को 18 मई और 19 को रवाना किया जाएगा।

| | महिला बूथ | निशक्त बूथ | युवा बूथ | यूनिक बूथ |
|---|---|---|---|---|
| चतरा | 16 | 04 | 03 | 05 |
| कोडरमा | 23 | 01 | 04 | 20 |
| हजारीबाग | 34 | 08 | 06 | 11 |

## रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के मद्देनजर चार जून तक धारा 144 लागू

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के मद्देनजर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने राजधानी रांची में 16 मार्च को धारा-144 के तहत दो माह के लिए निषेधाज्ञा लागू की थी। इसकी अवधि पूर्ण होने पर शुक्रवार को एसडीओ ने चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सम्पूर्ण क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की है। जिला प्रशासन के मुताबिक इस दौरान किसी भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संगठन और उम्मीदवार के जरिये राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पुवार्नुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा।

# चतरा लोस क्षेत्र के नक्सल प्रभावित इलाके में नौ बूथों के जगह बदले

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में झारखंड में तीन सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। इसमें अति नक्सल प्रभावित चतरा लोकसभा सीट भी शामिल है। चुनाव आयोग और जिला प्रशासन ने चतरा लोकसभा क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टिकोण से नौ मतदान केंद्रों के स्थल में परिवर्तन किया है। पलामू का पांकी विधानसभा क्षेत्र चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पांकी का अधिकतर इलाका नक्सल प्रभावित माना जाता है। इलाके में सुरक्षा की दृष्टिकोण से नौ मतदान केंद्रों को रिलोकेट किया गया है। लोकसभा चुनाव के लिए पलामू से पोलिंग पार्टी 19 मई को रवाना होगी। पांकी विधानसभा क्षेत्र में 326 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।



### इन मतदान केंद्रों को किया रिलोकेट

सुरक्षा की दृष्टिकोण से चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांकी विधानसभा के अपटी मतदान केंद्र को मिटार में, बिहरा मतदान केंद्र को सालमदिरी, बघमरी को सलमदिरी, होटाई को बनई में, भवरदह को बनई, गोगाड को हूरलौंग, आबुन को जांजो, गरीहारा को जोलहबीघा, केकरगढ़ को जोलहबिधा में रिलोकेट किया गया है। चतरा लोकसभा के अंतर्गत कई ऐसे इलाके हैं, जहां पहली बार पोलिंग पार्टी पैदल गुजरेगी। पांकी विधानसभा क्षेत्र मनातू के चक के इलाके में 2019 के चुनाव तक मतदान कर्मी हेलीकॉप्टर से गए थे। पहली बार मतदान कर्मी इलाके में रोड के माध्यम गुजरेंगे। इलाके में वोटिंग को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

## जमीन घोटाला मामले में तापस घोष ने दायर की जमानत याचिका

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गांई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा मामले में आरोपित कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी तापस घोष ने शुक्रवार को जमानत याचिका दायर की है। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में उनके अधिवक्ता ने जमानत याचिका दायर की। जमानत याचिका पर 21 मई को सुनवाई होगी। मामले में नौ मई को कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी तापस घोष, संजीत कुमार और हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद अख्तर को ईडी ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ये तीनों आरोपित अभी ईडी के रिमांड पर हैं। इनसे ईडी पूछताछ कर रही है। जमीन के मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने के तीनों मास्टरमाइंड हैं। फर्जी दस्तावेज के आधार पर इनपर जमीन पर कब्जा कर खरीद-बिक्री करने का आरोप है।

# इंडी गठबंधन के पास न कोई नीति है और न ही नेता : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि इंडी गठबंधन के पास न कोई नीति है और न ही नेता। जेएमएम ने कभी राज्यवासियों के हित में काम नहीं किया। कांग्रेस एवं जेएमएम ने राज्य को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। तुष्टिकरण और वोट की राजनीति ही इंडी गठबंधन की पहचान है। जबकि एनडीए विकास आधारित राजनीति, स्पष्ट नीति एवं नेतृत्व के साथ चुनाव में है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष ने भादुडीह, चांडिल में आयोजित ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव कई मायने में महत्वपूर्ण है। एक तरफ क्षेत्रीय शक्ति और राष्ट्रीय सोच के साथ सशक्त और विकासशील देश बनाने का संकल्प लेकर एनडीए जनता के बीच है और दूसरी तरफ बेमेल और स्वार्थ पर टिका गठबंधन है, जो चुनावों के नतीजे आने के बाद बिखर जायेगा।



सभी ग्राम प्रभारियों को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि हर गांव में एक नया लीडर और नेतृत्व देने के अधिकारी हैं हमारे ग्राम प्रभारी। राज्य व देश का विकास तब ही संभव है जब गांवों का विकास हो। राज्य के मुख्यमंत्री ही बिजली मंत्री हैं फिर भी पूरे राज्य में बिजली व्यवस्था धवस्त है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को अपने पद का दायित्व बोध नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव के नतीजे में ही झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस के लिए कुर्सी खाली करने का संदेश भी सामने आयेगा।

# सभी रेलकर्मी 25 मई को करें वोट : डीआरएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) जसमीत सिंह बिंद्रा ने अपने सभी रेल-कर्मियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई का दिन रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान का दिन है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि सभी रेल कर्मी रांची हटिया क्षेत्र में प्रतिनियुक्त हैं, उनसे आग्रह है कि 25 मई के दिन वे अपने मतदाता के अधिकार का पालन करें। पोलिंग बूथ जरूर जाये और अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करें। यह आपका अधिकार ही नहीं कर्तव्य है। आप अपने मनचाही सरकार को चुन सकते



हैं, अपने प्रतिनिधि को चुन सकते हैं और लोकतंत्र में अपना योगदान प्रदान कर सकते हैं। यह पावन दिन पावन पर्व है।

## मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली का आयोजन



**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को वोटिंग होनी है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में रांची संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, व्यय प्रेक्षक विरेंद्र कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी स्वीप दिनेश कुमार यादव व मतदाताओं ने हिस्सा लिया। साइकिल रैली मोरहाबादी मैदान से शुरू होकर कचहरी चौक, अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए सुजाता चौक और फिर वापस मोरहाबादी मैदान पहुंची। सभी ने मतदाताओं से 25 मई को ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट करने की अपील की।

## नाम वापसी के बाद सातवें चरण में कुल 52 उम्मीदवार : के रवि कुमार

# मतदान की गति और प्रतिशत बढ़ाने पर करें फोकस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा है कि नाम वापसी के बाद सातवें चरण के तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 52 उम्मीदवार रह गए हैं। उन्होंने बताया कि राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नाम वापसी के अंतिम दिन शुक्रवार को एक प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया। इस तरह यहां अब कुल 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में बचे हैं। दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 19 प्रत्याशी हैं। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 2 लोगों ने अपना नामांकन वापस लिया है। यहां से कुल 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में नियमित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि



2014 के लोकसभा चुनाव में झारखंड के 14 सीटों पर कुल 240 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे थे। उनमें 222 पुरुष और 18 महिलाएं थीं। 2019 में यह संख्या 229 थी। जिसमें 204 पुरुष और 25 महिलाएं थीं। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक 244 प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए नामांकन किया है। इनमें 212 पुरुष, 31 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग का फोकस मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर है। इसे लेकर जनजागरूकता के साथ तमाम उपाय किये जा रहे हैं। इसके लिए माइकिंग से मतदाताओं को जागरूक करने और मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए मोबलाइजेशन पर जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदान करने में लोगों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए मतदान की गति बढ़ाने के उपाय किये गये हैं। उसके तहत एक बार में तीन मतदाताओं को मतदान केंद्र के भीतर जाकर मतदान की सुविधा दी जा रही है। जिस बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता हैं, वहां एक अतिरिक्त मतदानकर्मी को लगाया जा रहा है, ताकि कतार लंबी नहीं हो, मतदान की गति बढ़े और लोगों को इंतजार नहीं करना पड़े। वहीं रिजर्व में रखे गए मतदानकर्मियों को भी जरूरत के अनुसार मतदान केंद्रों पर लगाया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान के लिए जाते वक्त अपने साथ मतदाता सूची का सीरियल नंबर नोट कर जरूर लेकर जाएं।

### जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**रांची।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की अधिक से अधिक



भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश से भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक कार्यालय केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के द्वारा शुक्रवार से पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। इसके तहत झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, के. रवि कुमार ने मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने बताया कि मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से धनबाद एवं दुमका इकाई के द्वारा भी विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जागरूकता वाहन के द्वारा रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में घूम-घूम कर लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। अभियान के दौरान विशेष रूप से आमंत्रित गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक एवं संत जेवियर स्कूल, डोरंडा रांची के शिक्षक संतोष कुमार ने युवाओं एवं सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व को उत्सव के जैसा मनाने की अपील की। इस मौके पर उप निदेशक, जनसंपर्क आनंद, पत्र सूचना कार्यालय के कार्यालय प्रमुख गौरव कुमार पुष्कर आदि थे।

## गृहमंत्री अमित शाह का रोड शो पूरी तरह फ्लॉप : राजेश ठाकुर

**रांची।** देश के गृहमंत्री अमित शाह का रांची के चुटिया मोहल्ला में रोड शो पर तंज करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अब मोहल्लेवासियों ने भी भाजपा को नकार दिया है। अमित शाह का रोड शो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई, क्योंकि जनता को अब भाजपा पर भरोसा नहीं रहा। भरोसा है तो कांग्रेस की पांच न्याय और 25 गारंटी पर। राहुल गांधी जी द्वारा जनता के लिए पूछे गए प्रश्न देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को मुहल्लों में रोड़ शो करने को विवश कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जो पार्टी वंचितों से उनका अधिकार छीनना चाहती हो, देश का संविधान बदलना चाहती हो, अपने पूंजीपति मित्रों का 16 लाख करोड रुपये माफ की है, युवाओं को रोजगार के लिए भटकाती हो, किसानों को एमएसपी देने के बदले गालिया बरसाती हो, महिलाओं को इज्जत लूटने वालों को सम्मान देती हो वैसी भाजपा पर अब जनता का भरोसा कभी नहीं रहेगा।

## न्यूज | बॉक्स

### राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पूरी, आदेश 27 मई को

**रांची ।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला के जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 27 मई निर्धारित की है। ईडी ने इस मामले में राजकुमार पाहन को भी आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसके बाद उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने एक मई को ईडी की विशेष कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। यह मामला बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा से जुड़ा है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था । मामले में 30 मार्च को ईडी ने हेमंत सोरेन सहित पांच आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है।

### हत्या मामले में जेल में बंद शशि महतो साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची ।** रांची। अपर न्यायायुक्त अरविन्द कुमार की अदालत ने शुक्रवार को नीलू लकड़ा हत्याकांड के आरोपित शशि महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई छोटू लड़का के आरोप को साबित करने के लिए नौ गवाह कोर्ट के समक्ष पेश किये थे। लेकिन सभी गवाह और पुलिस द्वारा पेश किये गये साक्ष्य यह साबित करने के नाकाम रहे कि नीलू लकड़ा की हत्या शशि ने करवाई थी। केस दर्ज होने के बाद से शशि महतो जेल में बंद है।आरोपित शशि महतो की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की। नीलू लकड़ा की हत्या वर्ष 2021 में रांची के नामकुम इलाके में गोली मारकर की गयी थी।

### लोकसभा चुनाव में अधिग्रहित एसी बसों का किराया तय

**रांची ।** लोकसभा चुनाव के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले विभिन्न श्रेणियों के मोटर वाहनों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज नये सिरे से तय कर दिया गया है। वातानुकूलित, डीलक्स, सेमी डीलक्स बसों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज तय करते हुए परिवहन विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी की है। इसी दर पर वाहन संचालकों को बस भाड़ा देना होगा। जारी अधिसूचना के अनुसार 35 सीट बैठान क्षमता या अधिक वाले वातानुकूलित डीलक्स बसों के लिए 4,730 रुपये, 35 सीट बैठान क्षमता वाले डीलक्स बसों के लिए 4,150 रुपये, 20 से 50 सीट तक सेमी डीलक्स बस 3,800 रुपये, मिनी बस 14 से 23 सीट तक वातानुकूलित 2,500 रुपये, कम सीट वाले मिनी बस 08 से 13 सीट तक वातनुकूलित बस का भाड़ा 1,650 रुपये और टाटा मैजिक के लिए 650 रुपये की दर तय की गयी है। झारखंड की 14 संसदीय सीटों के लिए चार चरणों में चुनाव हो रहा है। पहले चरण का चुनाव समाप्त हो गया है। शेष तीन चरण का चुनाव बाकी है।

### झारखंड हाई कोर्ट में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू की चेशायर होम रोड जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की दायर जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गड़बड़ी मामले मे ईडी ने ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है। मामले में छवि रंजन, प्रेम प्रकाश और अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ ईडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल, 2023 को छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। इसके बाद 14 अप्रैल, 2023 को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप है। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर चार मई, 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

### झारखंड हाई कोर्ट में पीड़ित की पहचान उजागर करने के मामले में की याचिका पर आदेश सुरक्षित

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में एक पीड़ित बच्ची को अस्पताल में देखने जाने के बाद बच्ची का फोटो वायरल होने से उसकी पहचान उजागर होने संबंधित एक मामले में विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी की ओर से निचली अदालत द्वारा आरोप गठन किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में उनके खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रायल चल रही है। इस मामले में दुमका की निचली अदालत ने इरफान अंसारी के खिलाफ मामले में संज्ञान लिया था। साथ ही उनके खिलाफ नवंबर 2022 में आरोप गठित किया था। इसे याचिकाकर्ता इरफान अंसारी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। मामले को लेकर इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में कांड संख्या 175/2018 दर्ज किया गया था। आरोप है कि वर्ष 2018 में एक चार साल की बच्ची के साथ छेड़खानी की घटना हुई थी। बच्ची का समुचित इलाज सुनिश्चित कराने को लेकर विधायक इरफान अंसारी बच्ची से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। इसी दौरान पीड़ित बच्ची का एक फोटो खींचा गया था, यह फोटो वायरल हुआ था। इस फोटो से बच्ची की पहचान उजागर हो रही थी।

### झारखंड हाई कोर्ट ने रतन हाइट्स मामले में वीकेएस रियलिटी की अपील को किया खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स के मामले में एकल पीठ के आदेश के खिलाफ बिल्डर वीकेएस रियलिटी और लैंड ओनर की अपील पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बिल्डर वीकेएस रियलिटी की अपील को खारिज कर दिया। मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। प्रतिवादी रतन हाइट्स रेसीडेंशियल सोसायटी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने और फ्लैट ओनर की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की थी। रतन हाइट्स की ओर से पूर्व में बताया गया था कि मामले में एकल पीठ ने उनके पक्ष में फैसला दिया है लेकिन बिल्डर एवं लैंड ओनर ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया। कोर्ट को यह भी बताया गया कि एकल पीठ के आदेश के बावजूद भी बिल्डर ने रतन हाइट के बहुमंजिला इमारत के बगल में स्थित गड्ढे को नहीं भरा, जिससे इस बहुमंजिला इमारत का अस्तित्व खतरे में है। यहां रहने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। रतन हाईट्स बिल्डिंग रेसिडेंशियल सोसाइटी की याचिका पर हाई कोर्ट की एकल पीठ ने जुलाई 2023 में फैसला सुनाते हुए नगर आयुक्त द्वारा संशोधित नक्शा पास किए जाने के आदेश एवं संशोधित नक्शे को रद्द कर दिया था।

## एक नजर

### एसडीपीओ नौशाद आलम का हुआ तबादला, पलामू के डीएसपी को मिली कमान

**बरही ।** चुनाव आयोग के निर्देशानुसार बरही के नवपदस्थापित एसडीपीओ नौशाद आलम का स्थानांतरण हो चुका है. उनके स्थान पर पलामू के डीएसपी सुरजीत कुमार पदभार संभालेंगे. श्री कुमार झारखंड के तीसरे बैच के पुलिस अधिकारी है. जो अपने कर्मठता और निष्ठता के लिए पलामू में लोगों के बीच विशेष पहचान बना चुके है. दूरभाष पर उन्होंने बताया कि फिलहाल मूवमेंट ऑर्डर नहीं आया है. इसके आते ही वह बरही में योगदान देंगे. क्षेत्र की शांति व्यवस्था सहित विधि सम्मत कार्यवाही में वह विश्वास करते हैं. विदित हो कि एक माह पूर्व ही बरही में नए एसडीपीओ ने पदभार ग्रहण किया था. जो बगोदर से आए थे. जानकारी के अनुसार बगोदर का हजारीबाग संसदीय लोकसभा क्षेत्र के बगल में होने के कारण चुनाव आयोग ने ऐसा निर्णय लिया है.

### जल जीवन मिशन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**बरही ।** पेयजल व स्वच्छता विभाग की ओर से बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत सचिवालय में दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ. जिसका शुभारंभ स्थानीय मुखिया नीलम देवी ने किया. प्रशिक्षण का उद्देश्य बताते हुए मुखिया ने कहा कि सरकार के नल जल योजना को धरातल पर लाना और उसे आम लोगो तक सुलभ बनाने की बात कही. प्रशिक्षण में पंचायत की जल सहिया सहित वार्ड सदस्य इत्यादि शामिल हुए. जिसका प्रशिक्षण जिला से आए प्रशिक्षक राजेश प्रजापति ने दिया. पहले दिन सभी प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनिंग कीट सहित जल संरक्षण और सरकारी योजनाओ की जानकारी दी गई. इस दौरान पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, समाजसेवी नागेश्वर रजक सिकंदर कुमार, देवंती देवी, लतीफ अंसारी, बसंती देवी, फुलवा देवी, मीना देवी, नैना देवी, सुनीता देवी, सविता देवी, रेखा देवी, शकुंतला देवी सुमन देवी, मीना देवी, देवकी मसोमात, गुड़िया देवी, बबिता देवी सुषमा देवी, रेखा देवी, पार्वती देवी, किरण देवी, सावित्री देवी, नीतू देवी सहित सभी प्रशिक्षु आदि मौजूद थे.

### चार बदमाशों ने दिनदहाड़े चोरी का किया प्रयास

**रामगढ़।** गिद्दी गोल्डेन क्लब निवासी अजीत कुमार के आवास में शुक्रवार को सुबह में साढ़े 9 बजे चार मुंह बांधे युवकों ने चोरी करने का असफल प्रयास किया है। अजीत कुमार के चाचा शशि भूषण सिंह ने बताया कि भतीजा अजीत कुमार की पत्नी ममता देवी आंगन में पानी भर रही थी। इस दौरान चार युवक जो मुंह बांधे हुए थे। पीछे से आंगन में कुद कर ममता देवी का मुंह दबा दिया। जिसके बाद ममता देवी ने मुंह पकड़ने वाले युवक को दांत काट कर शोर मचाने लगी। शोर सुन घर के कमरे में बैठा भतीजा आंगन में आया। जिसे देख कर भाग निकले। इस क्रम में एक बदमाश युवक पड़ोसी रंजीत के आंगन में कुद गया। जिसे रंजीत ने डंडे से वार कर पकड़ने का प्रयास किया।

धूमधाम से मनाया गया आईसेक्ट विवि का 9वां स्थापना दिवस

# छात्रों को खुद मतदान करने और इसके लिए दूसरों को प्रेरित करने की दिलायी गई शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग का 9वां स्थापना हर्षोल्लास से मनाया गया। दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम का समापन हजारीबाग झील परिसर स्थित ओपन एम्फी थियेटर में गुरुवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ किया गया। इससे पूर्व आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार सहित अन्य हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तन्नू श्री एंड ग्रूप, संध्या वर्मा एंड ग्रुप, स्वप्निल आर्या एंड ग्रुप के पेश किए गए एक से बढ़कर एक नृत्य ने मौजूद लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि शुरूआती दिनों से ही विद्यार्थियों के समावेशी विकास को आधार बनाकर तय किए सफर के परिणाम को देखकर आज अभीभूत हूं। ना केवल पढ़ाई में बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी यहां के विद्यार्थियों ने बुलंदियों को हासिल कर अपना लोहा मनवाया है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपनी शैक्षिणिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी बखुबी करता रहा है। साथ ही मतदान करने और मतदान के लिए दूसरों को प्रेरित करने को लेकर शपथ भी दिलाई गई। मंच संचालन डॉ प्रीति व्यास ने किया।

### पतरातू के कटिया बस्ती में भाजपा की ओर से किया गया पथसभा का आयोजन

**पतरातू।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने कटिया बस्ती पंचायत में पथ सभा का आयोजन कर एनडीए के उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में वोट देने की अपील की। साथ ही कमल छाप में वोट देकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा पतरातू मंडल उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारत ही नहीं पूरे विश्व की मांग है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के कुशल नेतृत्व में भारत ने एक नई ऊंचाई प्राप्त की है। सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति और संचालन गणेश ठाकुर ने किया। मौके पर हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह, पूर्व मुखिया गुंजरी देवी, मो वारिस खान, रणधीर कपूर, नंदकिशोर महतो, बाप्पी मुखर्जी, महावीर अग्रवाल, गोविंद सोनी, मनोज वर्मा, विजय सिंह, अनिता जैन, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, भुनेश्वर महतो, कौलेश्वर महतो, ब्रजेश सिंह, अशोक पाठक, त्रिलोकी गिरी, पारस महतो आदि शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### जीएम इंटर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता के तहत निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** जीएम इंटर महाविद्यालय, इचाक में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मजबूत लोकतंत्र- सबकी भागीदारी थीम के तहत उक्त कार्यक्रम संचालित हो रहा है। यह भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है। इस निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। लोकतंत्र को मजबूत करने में देश के हर व्यक्ति को मतदान करना बहुत जरूरी है। स्वीप कार्यक्रम व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी के लिए एक संक्षिप्त नाम है, यह भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदाता साक्षरता का समर्थन करने के लिए भारत के चुनाव आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है। निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से भारतीय चुनाव के दौरान सभी योग्य लोगों को मतदान करने और एक जानकार विकल्प बनाने के लिए प्रेरित करके भारत में एक सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है साथ ही भारत के मतदाताओं को संगठित करना और मतदान प्रक्रिया की सरल समझ के साथ उनकी मदद करना एवं सामाजिक समानता का निर्माण करना है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम इसलिए चलाए जा रहे हैं की 90 के दशक में विशेष कर युवाओं का चुनाव प्रक्रिया से विमुखीकरण हो गया था फल स्वरुप मतदान का प्रतिशत, अधिक से अधिक मतदाता पंजीकरण एवं सतत मतदाता शिक्षा और मतदाता शिक्षा को समाज की प्रमुख धारा से जोड़ना है।

### सीएचसीकर्मियों ने मतदाता जागरुकता को लेकर निकाली प्रभातफेरी




**बरकट्ठा।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के स्वास्थ्य कर्मियों ने शुक्रवार को प्रभातफेरी निकाली। प्रभातफेरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा से निकाल कर प्रखंड मुख्यालय जीटी रोड होते हुए बाजार रोड तक निकाली गई ।इस निमित पहले मतदान फिर जलपान, मतदान हमारा अधिकार है, इससे बनती सरकार है, हमको यह समझाना है सबको वोट दिलाना है, हमें सरकार बनाने आता है क्योंकि हम मतदाता है, चुनाव आयोग का है आवाह्न सबको करना है मतदान, डरने की क्या बात है, पुलिस प्रशासन साथ है,हम अपना कर्तव्य निभाएंगे सबसे मतदान कराएंगे जैसे नारे लगाते हुए स्वास्थ्य कर्मियों ने मतदाताओं को जागरूक किया। प्रभातफेरी का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्ना रानी कुंज, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, बीटीटी नरोत्तम कुमार ने किया ।कार्यक्रम में सहिया साथी सुनीता देवी, गुंजा देवी, रीना देवी, पूनम देवी, सुलोचना देवी, पुष्पा वर्णवाल, चंपा देवी एवं सहिया सोनाली देवी,काजल देवी, शिवानी देवी समेत दर्जनों सहिया दीदी प्रभात फेरी में शामिल थी।

### अभिनेत्री भाग्यश्री के हाथो सम्मानित हुई करियातपुर की बेटी, रेनबो के निदेशक ने दी बधाई

**बरही।** करियातपुर निवासी मोहन प्रसाद कुशवाहा व किरण देवी की पुत्री सोनी सिद्धि ने अभिनेत्री भाग्यश्री के हाथो सम्मानित हुई. यह सम्मान उन्हे पटना में आयोजित बिहारी हीरो अवार्ड 2024 में बेस्ट लीडिंग मेकअप आर्टिस्ट ऑफ झारखंड के रूप में मिला है. इस सम्मान के लिए रेनबो के निदेशक सिकंदर कुमार कुशवाहा ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है. उन्होंने कहा कि यह उनके क्षेत्र के लिए गौरव की बात है. उन्होंने बताया कि करियातपुर की यह बेटी हजारीबाग के मटवारी में संचालित ब्यूटी सैलून एवं अकादमी की निर्देशिका है. बीआईबी के निर्देशक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य देश में अच्छा कार्य कर रहे कलाकारो को सम्मानित कर मनोबल बढ़ाना है. मौके पर श्रीकांत सिंह, समन्वयक अंजली कुमारी सहित कई कलाकार उपस्थित थे।

बरही में शांतिपूर्ण मतदान करवाने को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद

## बिना किसी डर के मतदान करें, पुलिस-प्रशासन आपकी सुरक्षा में हर वक्त तत्पर : एसडीओ



लोकसभा चुनाव को लेकर बरही पुलिस प्रशासन ने पैदल मार्च कर दिया शांति का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** लोकसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बरही में 20 मई को मतदान होना है, जिसे लेकर बरही पुलिस प्रशासन काफी गंभीर है। चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर अपनी सारी तैयारियां बरही पुलिस प्रशासन द्वारा कर ली गई है। शुक्रवार को बरही पुलिस प्रशासन द्वारा निर्भीक मतदान करने को लेकर पैदल मार्च निकाला। जिसमेबरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुड्डू, अपर पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार, बरही अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो, कार्यपालक दंडाधिकारी दीपा खलखो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार सहित बरही सिविल एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों की संख्या में बरही पुलिस के जवान शामिल रहे। मार्च बरही थाना से प्रारंभ हुआ, जो बरही चौक के चारो रोड एवं कई संवेदनशील टोला मोहल्ला में पैदल रूप से भ्रमण किया और आम आवाम को यह भरोसा दिलाने का प्रयास किया की आप निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करे और देश के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करे। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि बिना किसी डर के मतदान करें। पुलिस-प्रशासन आपकी सुरक्षा में हर वक्त तत्पर है। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने आमजनमानस में सुरक्षा का वातावरण तैयार करते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक किया। साथ ही मतदाताओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए निर्भीक होकर मतदान करने के लिए अपील की।

## आईसीटीएसई ओलंपियाड में बरही को मिले दर्जनों पदक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** इंटरनेशनल स्कूल टैलेंट सर्च ओलंपियाड परीक्षा 2024 में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्यामंदिर के विद्यार्थी को दर्जनों स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्राप्त हुए है. प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने बताया कि ऑनलाइन हुए इस सर्च प्रतियोगिता में उनके विद्यालय के 200 भैया बहनों ने भाग लिया था. जिसमें 25 स्वर्ण, 25 रजत सहित 10 कांस्य पदक प्राप्त हुए हैं. जिसमे पंचम की आकृति कुमारी, षष्ठम (ब) की आरुषि प्रिया, सप्तम (ब) की आद्या प्रियदर्शी, दीपिका कुमारी, अष्टम (अ) की अनन्या भारती, पवन कुमार, नवम (अ) के सोनू कुमार, नवम(ब) की अंशिका गुप्ता, दशम (ब) की ऋषिका पांडेय दशम सहित कुल 10 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक सहित नकद 1100 रुपये की राशि और एमएसएमई का प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुए हैं. प्रधानाचार्य सहित विद्यालय के सभी आचार्य व दीदी ने इस उत्कृष्ट सफलता के लिए भैया बहनों को शुभकामनाए देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर टाउन हॉल में बैठक

## मतदान पूरी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष संपन्न हो : एसपी




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आगामी 20 मई को होनेवाले लोकसभा चुनाव के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन को लेकर शुक्रवार को टाउन हॉल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, पुलिस निरीक्षक, सभी थाना व ओपी प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 20 मई को संपन्न होनेवाले हजारीबाग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो इस बात का अधिकारी ख्याल रखें। एसपी ने कहा कि अधिकारी इस बात पर ध्यान दें की मतदान पूरी तरह से सवतंत्र और निष्पक्ष संपन्न हो।

### हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने की शत-प्रतिशत मतदान की अपील



**हजारीबाग।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र लाल, अध्यक्ष राजकुमार जैन टोंग्या, सचिव विजय केसरी ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान 20 मई को होना है। हजारीबाग के हर एक मतदाता मतदान जरूर करें। मतदान का अधिकार भारत के संविधान के तहत मिले समस्त मौलिक अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा कि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 65 के आसपास हुआ था। इस बार के चुनाव में लगभग तीन लाख मतदाता गत चुनाव की तुलना में बढ़ें हैं। अब हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या लगभग बीस लाख तक पहुंच गई है। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने चुनाव आयोग, गैर सरकारी संगठनों सहित स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जोरदार प्रचार किए जा रहे हैं। लेकिन देश में बीते चार चरणों में हुए लोकसभा चुनाव के मतदान में कोई भारी बढ़ोतरी नहीं हुई। यह बेहद चिंता की बात है। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के मतदाता यह संकल्प जरूर लें कि 20 मई को हर हाल में शत प्रतिशत मतदान का रिकॉर्ड बनाएं।

### चित्रांकन कर बिरहोर दीदी ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**बरही।** प्रखंड प्रशासन के सौजन्य से स्वीप के तहत बिरहोर टोला केवाल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. जिसमें विरहोर दीदीयों ने मतदान आधारित चित्रांकन बनाया. साथ ही लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया. इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस की दीदीयों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. साथ ही विरहोर टोला के निवासियों को आगामी 20 मई को मतदान देने के लिए प्रेरित किया. उक्त जानकारी जेपीएस सावना मांझी ने दिया. चित्रांकन कार्यक्रम में फूलमती देवी, सुनीता देवी, प्रिया देवी, टेकली देवी, गवंती देवी आदि ने मुख्य भूमिका निभाई.

# कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इस बार इंडी गठबंधन की जीत पक्की : जानकी प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** कोडरमा लोकसभा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह के समर्थन में बरकट्ठाडीह स्थित अडवार मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वहीं विभिन्न गांवों से गठबंधन के कार्यकर्ता मोटरसाइकिल रैली निकालकर सभा स्थल पहुंचे । वहीं जनसभा की अध्यक्षता मुखिया अब्बास अंसारी व संचालन छोटी दास ने किया। सभा को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा में भाकपा माले के विधायक दल के नेता महबूब आलम ने कहा कि पुरे देश में इस बार इण्डिया गठबंधन के पक्ष में लहर चल रही है। इस बार के चुनाव में धन बल हारेगी और जनबल की जीत होगी। केंद्र सरकार देश के आर्थिक संसाधनों को अपने दो पूंजी पतियों के हाथों बेच रहे हैं। राष्ट्र की संपत्ति को बेचना देशभक्ति नहीं बल्कि देश के साथ गद्दारी है। कोडरमा से महागठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह का चुनाव चिन्ह झंडा पर तीन तारा छाप पर बटन दबाकर विजय बनायें। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि इस बार 10 सालों का हिसाब देश की जनता लेगी इस बार झूठ की गारंटी नहीं चलेगी, देश के युवा रोजगार के बिना बेहाल है। कोडरमा लोकसभा से इस बार इंडिया गठबंधन की जीत पक्की है।

चुनावी जनसभा को श्री राम चौधरी, महिला नेत्री तारामणि साहू , कॉन्ग्रेस नेता प्रकाश कुमार, झामुमो के बासुदेव महतो, विधानसभा प्रभारी भुवनेश्वर केवट , प्रदीप प्रसाद, शेर मोहम्मद ,कलीम खान, प्रमोद दास, छोटी दास, निजाम अंसारी, पाचू राणा, महेन्द्र प्रसाद, किशोर पासवान समेत अन्य ने संबोधित किया।

लोक सभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## पोस्टल बैलेट की मिली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** आगामी लोकसभा चुनाव सुरक्षा पारदर्शी करवाने के उद्देश्य से नगर भवन बरही में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे बरही प्रखंड के सेक्टर मजिस्ट्रेट/बीएलओ/बीएलओ और सुपरवाइजर शामिल हुए. जिन्हे बीडीओ, सीओ और बीपीआरओ ने संयुक्त रूप से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण दिया. इस दौरान लोगो को पोस्टल बैलेट की जानकारी दी गई. बताया गया कि 40 फीसदी दिवयंगता और 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले अपने घर से ही करेगे मतदान. इसके लिए बीएलओ अपने बूथ अंतर्गत पड़ने वाले सभी घरों का सर्वेक्षण करेंगे और ऐसे लोगों का फॉर्म 12डी भरेंगे. जिससे वैसे लोग अपने घर से पोस्टल बैलेट से मतदान कर पाएंगे. इसके साथ ही प्रखंड के सभी बूथों का भौतिक निरीक्षण और सत्यापन करने का निर्देश दिया गया. बूथ पर मतदाता सूचना पर्ची, एएसडी, मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं यथा रैम्प, बिजली, पंखा, फोन चार्जिंग की सुविधा, शौचालय, फर्निचर आदि की व्यवस्था समय से उपलब्ध करवाने हेतु सभी आवश्यक बिंदुओ पर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया. जिससे मतदान के दौरान मतदाताओं या मतदान पदाधिकारियों को कोई परेशानी नही हो और आयोग को स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव कराने में सहयोग मिल सके. इसके साथ ही सोमवार 4 मार्च को मतदाता संतुष्टि को लेकर विशेष हैश टैग अभियान चलाने की जानकारी दी गई. बताया गया कि उक्त तिथि को प्रत्येक मतदाता मतदाता सूची से अपने डिटेल्स मिलान करके आई एम सेटिस्फाइड वोटर का हैश टैग सोशल मीडिया पर अपलोड करेगे. इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही गई. प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, बीपीआरओ सांवना मांझी के अलावा सभी बीएलओ उपस्थित थे.

वोट बहिष्कार को लेकर ग्रामीणों के साथ प्रशासन ने की बैठक

# आप सभी अपना मतदान अवश्य करें त्रुटियों को किया जायेगा दूर : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत झुरझुरी में रूट चार्ट के अनुसार वर्षो से रामनवमी महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है था ।वहीं झुरझुरी सिमाने के एनएच 2 मस्जिद के समीप 2017 में झुरझुरी के पंचायत भवन से यादव टोला, भुइया टोला ,मियां टोला होते हुए जीटी रोड होते हुए रूपाली महतो के घर से वापस पंचायत भवन में जुलूस समाप्त किया गया जाता था ।इस निमित पुनः शुक्रवार को झुरझुरी पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों एवं पुलिस प्रशासन के बीच बैठक हुई। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी बरही ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही ,भूमि सुधार उप समाहर्ता बरही एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बरकट्ठा उपस्थित हुए ।वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि आप लोगों का जो पूर्व से रामनवमी जुलूस के लिए रूट चार्ट एवं लाइसेंस निर्गत किया जा रहा है वह रूट चार्ट शुरू से सही है और लाइसेंस में जो कुछ भी छेड़छाड़ किया गया है उसे सुधार कर अगले वर्ष रामनवमी पर्व का जुलूस धूमधाम से पुलिस प्रशासन के द्वारा निकलवाया जाएगा ।आप सभी से अपील है कि आनेवाला लोकसभा चुनाव में आप सभी ग्रामीण मिलकर मतदान अवश्य करें । मतदान करना आपका अधिकार है इसे ना गवाएं । विदित हो कि पिछले वर्ष झुरझुरी में रामनवमी जुलूस के रूट को लेकर ग्रामीणों ने असहमति जताई थी और जुलूस नहीं निकाला गया था। वही ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया कि प्रशासन की बात मानकर इस बार लोकसभा चुनाव में हम सभी मतदान करेंगे और चुनाव संपन्न होने के बाद लाइसेंस में सुधार नहीं हुआ तो आगामी विधानसभा चुनाव में वोट का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे।

## एक नजर

### सिमडेगा उपायुक्त ने श्रम व नियोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में श्रम एवं नियोजन विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने श्रम एवं नियोजन विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा किया। उन्होंने श्रम विभाग की समीक्षा कर विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निबंध प्रवासी मजदूर किसी कारणवश प्रदेश में दुर्घटना हो जाता है तो योजना के तहत ससमय उनके परिवार की सहायता करेंगे। उन्होंने लंबित मुआवजा से राशि संबंधित मामलों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। विवाह सहायता योजना अंतर्गत लाभुकों को लाभ पहुंचाने की बात कहीं तथा उन्होंने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। नियोजन विभाग की समीक्षा कर उन्होंने रोजगार मेला के आयोजन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।बैठक में श्रम अधीक्षक पुनित मिंज एवं नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा उपस्थित रहे।

### संजय के समर्थन में आए युवा, देर संध्या घूम-घूमकर मांगा वोट

**बरही।** जेबीकेएसएस समर्थित संजय कुमार मेहता के पक्ष में कई नवयुवक घूम घूमकर वोट मांग रहे है. बुधवार की देर संध्या बरही चौक पर जनता को संबोधित करते हुए युवा प्रत्याशी श्री मेहता ने कहा कि जेबीकेएसएस के उम्मीदवार से झारखंडियो को उम्मीद जगी है. यह एक मात्र पार्टी है जो झारखनडियों को उसके हक और हुकूक दिलाने के लिए पिछले तीन वर्षो से संघर्ष रत है. उन्होंने उपस्थित लोगो से आगामी 20 मई को अपने पक्ष में मतदान करने का अपील किया. सभा के अंत में डोर टू डोर घूमकर मतदाताओं से संपर्क किया और वोट देगे का आग्रह किया. इस दौरान कई नवयुवक साथी उनके साथ थे. इन नवयुवकों ने बताया कि

## लीची की मिठास से गुलजार हुआ सिमडेगा का बाजार

# यूपी-बिहार तक लीची की मांग बढ़ी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** गर्मी का महीना यानी चिलचिलाती धूप, गर्म हवा के थपेड़े और हलक तर करने की बेचैनी। सिमडेगा में मई माह की पहचान सिर्फ इन नाकारात्मक पहलुओं से नहीं बल्कि मिठास भरे एक फल से भी होती है। सिमडेगा की गुदेदार लीची सूखते कंठ को तर तो करती हीं है साथ हीं लाजवाब स्वाद और पौष्टिकता भी देती है। यही वजह है कि यहां की लीची की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। फिलहाल यहां की लीची झारखंड के अलावे ओड़िसा के सुंदरगढ़ और आस- पास के जिलों में भेजी जाती है। इसके अलावे छत्तीसगढ़ के लोगों को भी सिमडेगा की लीची का स्वाद भा रहा है। वहां के व्यापारी थोक में लीची की खरीदारी कर रहे है। जिले के सिमडेगा, कोचेडेगा, मुड़िया, रेंगारिह, जलडेगा, कोलेबिरा और लचरागढ़ में लीची का उत्पादन होता है। लीची का पेड़ तीसरे साल से फल देने लगता है। एक पेड़ से दो से ढ़ाई हजार तक लीची मिलते है। व्यापारी पूरे पेड़ के फलों की खरीदारी एक साथ कर लेते है। इससे ग्रामीणों को अच्छी आय हो जाती है। सिमडेगा के बाजारो में 20 से 30 रुपए दर्जन के हिसाब से लीची बिक रही है। बताया गया कि वर्षा होने के बाद लीची के दामो में कमी आएगी।

### सिमडेगा में लीची के अनुकूल है जलवायु

जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास ने बताया कि सिमडेगा में लीची की दो किस्म पाई जाती है। जिसमें एक शाही रोज लीची और दूसरा लोकल चाईना है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा में लीची के अनुकूल जलवायु है। उन्होंने कहा कि अगर लीची की खेती को बढ़ावा दिया जाए तो सिमडेगा लीची उत्पादन में दूसरा मुजफ्फरपुर बन सकता है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में लीची की खेती की जाती है। उन्होंने कहा कि जिले के करीब 15 से 20 हेक्टयर भूमि में लीची की खेती की जाती है। लीची से किसानों को काफी आमदनी होती है। गर्मी के दिनों यह एक ऐसा फल है जो लोगों को काफी लुभाता है और बाजारों में इसकी मांग बढ़ जाती है।

## लोग लू और धूप से खुद को बचाएं : डीसी




**बरही ।** जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की जनता से धूप और लू से बचने की अपील किया है. उन्होंने कहा कि गर्म हवाएं एवं लोग कभी-कभी मौत का कारण भी बन हो सकते है. ऐसे में प्यास नहीं रहने के बाजूद भीं थोड़ी देर के अंतराल में पानी आवश्य पिएं. इसके साथ ही मिर्गी या वैसे मरीज जिन्हे अत्यधिक द्रव्य वर्जित है वह चिकित्सक से परामर्श लें. हरा व ढीला ढाला सूरी वा छिद्रयुक्त कपड़े ही पहने. घर से बाहर निकलते समय सर और वदन को सूर्य की तीखी रौशनी से बचाएं. रसीले फल खीरा, संतरा, तरबूज सहित ग्लूकोज या ओ आर एस के घोल का सेवन करें. चक्कर या अत्यधिक परेशानी की स्थिति में चिकित्सक से तुरंत सलाह लें.

## न्यूज बॉक्स

### विधायक ने धनबाद में इंडी गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में चलाया जनसंपर्क अभियान



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने धनबाद में इंडिया गठबंधन प्रत्यासी अनुपमा सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही क्षेत्र की जनता को इंडिया गठबंधन के समर्थन में वोट करने की अपील की। विधायक ने बताया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता ने इंडिया गठबंधन का भरपूर साथ दिया। खुंटी सीट से भाजपा के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को जनता ने नकार दिया है। इसी तरह पूरे देश की जनता ने भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया है। आज पूरे देश की जनता इंडिया गठबंधन के समर्थन में है और जनता का रुझान इंडिया गठबंधन के तरफ ही है। विधायक ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार ही देश का विकास कर सकती है। इस बात को जनता भी भली भांति जान चुकी है। आज मोदी सरकार देश मे तानाशाही शासन चला रही है। ऐसी सरकार को देश से भगाने की जरूरत है।

### नगरभवन बस पड़ाव व अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर से संबंधित कार्य की समीक्षा




सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद, सिमडेगा क्षेत्र में नगर भवन, बस पड़ाव एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर इत्यादि के लिए भूमि उपलब्धता संबंधी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अंचलाधिकारी मो० इम्तियाज अहमद एवं नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो को नगर क्षेत्र में ही नये बस पांडव हेतु ठल्ल-143 से सटे हुए सरकारी भूमि का चयन कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने नगर क्षेत्र अंतर्गत पुराने बिल्डिंग को डिमोलिश करने हेतु कार्यपालिका अभियंता भवन प्रमंडल अमृत मिंज को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र उपस्थित थे।

### विभागीय निर्देश के बाद भी सदर हॉस्पिटल में नहीं खुले हीट कॉर्नर

**कोडरमा।** सरकार का निर्देश के बावजूद सदर हॉस्पिटल में हीट कॉर्नर नहीं खुले। हालांकि विभागीय निर्देश पर हीट वेब से बचने के लिए सदर हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम किया गया था। इसके तहत बचाव के उपाय बताकर लोगों को जागरूक किया गया था। पर हॉस्पिटल के वार्डों में कूलर तो लगी है,लेकिन ठंडा पानी तो छोड दीजिए ,पीने का पानी भी पर्याप्त नहीं मिल रहा है। लिहाजा लोग पानी की बोतल खरीद कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। सीएस कार्यालय के सामने लगी चापाकल चिलचिलाती धूप में मरीजों,उनके परिजनों समेत अन्य लोगों के लिए राहत दे रहा था,पर पिछले कुछ दिनों से खराब है। इस ओर विभागीय पदाधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है।

## कांग्रेस-भाजपा नहीं कर रहें ब्राह्मण समाज का सम्मान

# चुनाव में भुगतना पड़ेगा इसका खामियाजा : सुनिल पाण्डेय



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष (सुल्ताना मेयातु) निवासी सुनिल कुमार पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हजारीबाग लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल सहित कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल भी कहीं ना कहीं ब्राह्मणों से दूरी बनाए हुए हैं। दोनों पाटीयों के प्रत्याशी द्वारा जिले के तमाम ब्राह्मणों को अनदेखा किया जा रहा हैं। जिसका खामियाजा दोनों प्रत्याशीयों को भुगतना पड़ सकता हैं। ब्राह्मण समाज में पकड़ रखने वाले कई व्यक्तियों को कांग्रेस प्रत्यासी जेपी पटेल, व भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल अनदेखी कर रहें है । जिससे जिले का ब्राम्हण समाज अपने को अपमानित महसूस कर रहा हैं। प्रत्येक चुनाव में ब्राम्हण समाज की अहम् भागिदारी रहीं हैं। ऐसे में इस बार ब्राह्मण समाज अपना निर्णय लेने पर मजबूर हो जाएगा। जिस तरह से लोकसभा चुनाव का प्रचार -प्रसार दोनों पार्टियों के द्वारा जोरो शोर से चल रहा है, जिसमे सभी ब्राह्मणों को किसी भी तरह से सूचित नहीं किया गया और ना ही संपर्क किया गया। दोनो प्रत्याशीयों से ब्राह्मण समाज इस समय नाराज चल रहें हैं। दोनों पार्टियां ब्राम्हणों के सम्मान की बात तो करती हैं पर सच्चाई इससे कोसों दूर हैं ! लोकसभा चुनाव का यह महापर्व चल रहा है और इस समय में एक भी ब्राह्मणों को किसी भी पार्टी के द्वारा किसी भी प्रकार का महत्व नहीं देना एक तरह से ब्राह्मणों का अपमान हैं। अगर हम ब्राह्मण समाज के लोगों ने चाह लिया तो दोनो पार्टियों के लिए नुकसानदायक हो सकता हैं।

## उपायुक्त ने कृषि, बागवानी व पशुपालन की समीक्षा की

# किसान मोटे आनाज को बढ़ावा दें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन / सहकारिता विभाग एवं आत्मा विभाग अंतर्गत संचालित कार्य योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने विभागवार कार्य प्रगति से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम उन्होंने बीज वितरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। बीज वितरण में इस बार मोटे अनाज के तहत ज्वार-बजरा की खेती को प्रमोट करने की बात कहीं। डीसी ने कहा कि मोटे अनाज को किसान बढ़ावा दें और उससे अपनी आमदनी को बढ़ाएं। साथ ही उपायुक्त महोदय ने हॉर्टिकल्चर के तहत ड्रैगन फ्रूट, चेरी, अमरूद, नींबू एवं पपीता आदि व्यापक रूप लगाने हेतु किसानों में जागरूकता लाते हुए प्रमोट करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने नई-नई कृषि तकनीक के साथ खेती करने हेतु किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। सहकारिता विभाग की समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने झारखंड राज्य फसल राहत योजना में लंबित लैंड वेरिफिकेशन से संबंधित मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। तथा उन्होंने धान अधिप्राप्ति से संबंधित कार्यों के समीक्षा की। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा पशुपालन एवं मत्स्य पालन से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।बैठक में कृषि पदाधिकारी मुनेन्द्र दास, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता एवं अन्य उपस्थित थे।

## चंद्रवंशी समाज ने भाजपा सरकार बनाने का लिया निर्णय

# मोदी ने राजनीतिक संस्कृति की परिभाषा बदली : रामचन्द्र चंद्रवंशी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में चंद्रवंशी समाज की बैठक हुई. जिसमे बरही, पदमा व चौपारण प्रखंड से कई लोग शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी और संचालन प्रदीप चंद्रवंशी ने किया. जिसमें विश्रामपुर विधायक सह पूर्व मंत्री रामचन्द्र चंद्रवंशी, लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के भाई प्रशांत जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी मुख्य रूप से शामिल हुए. मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा ने देश को सशक्त बनाया है. आज पूरे विश्व में हिंदुस्तान की अलग पहचान है. भाजपा ने राजनीति की संस्कृति व परिभाषा बदली है. देश हित के लिए पीएम मोदी का प्रधानमंत्री बनना एक बार फिर आवश्यक हैं. इसलिए 20 मई को चंद्रवंशी महासभा के हर एक योग्य मतदाताओं से बीजेपी के पक्ष में मतदान कर श्री जायसवाल को सांसद और नरेंद्र मोदी को पुनः पीएम बनाने का काम करें. भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि बीते 10 साल में पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त और चौतरफा विकास किया है. स्वच्छता हो या कौशल विकास गांव गांव और जन जन तक पहुंचाने का काम किया है. देश के वर्तमान हालात सिर्फ भाजपा को ही स्वीकारने पर अमादा है.

# दंपत्ति को रौंदने वाले मालवाहक ट्रक का ड्राइवर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** थाना क्षेत्र के बनजोगा सड़क टोली के पास चुनाव ड्यूटी से वापस लौट रहे छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स पुलिस की मालवाहक ट्रक के रौंदने से कौवादरहा निवासी कपिलास सिंह और उसकी पत्नी बिरसमुनी देवी की मौत हो गई थी। घटना के बाद ड्राइवर फरार हो गया था। जिसके बाद जलडेगा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने पुलिसिया कार्रवाई कर केस संख्या 23/24 दर्ज करते हुए धारा 279, 304अ, 337,338 और 427 के तहत आरोपी चालक को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। आरोपी ट्रक ड्राइवर की पहचान राज, उम्र 26 वर्ष, पिता हरपाल सिंह, गांव वहानपूर, थाना हाथरस, जिला हाथरस उत्तरप्रदेश के रूप में की गई है।

### मौत का क्या है पूरा मामला

बता दें कि 14 मई मंगलवार को कौआदरहा निवासी कपिलास सिंह और उसकी पत्नी बिरसमुनी देवी को चुनाव ड्यूटी में लगे छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स के अनियंत्रित मालवाहक ट्रक ने रौंदा दिया था। दोनो पति और पत्नी अपनी एक साल की बेटी को साथ लेकर अपने एक रिश्तेदार को शादी में देने के लिए गिफ्ट खरीद कर अपने बाइक से जलडेगा से वापस घर जा रहे थे। इस दौरान बनजोगा सड़क टोली के पास पुलिस की अनियंत्रित मालवाहक ट्रक ने बाइक सवार दंपती को अपनी चपेट में ले लिया दुर्घटना में पत्नी बिरसमुनी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल कपिलास सिंह की मौत जलडेगा अस्पताल से रेफर करने के बाद समय पर 108 एंबुलेंस नहीं मिलने और लेट से अस्पताल पहुंचने के कारण हो गई। वहीं दुर्घटना में एक वर्षीय बेटी वैष्णवी कुमारी को भी गंभीर चोट लगी है जिसका इलाज अभी ओडिशा के राउरकेला में चल रहा है। घटना के बाद सबसे बड़ी बेटी नेहा कुमारी 10 साल, सकीना कुमारी 4 साल और अस्पताल में इलाजरत एक वर्षीय बेटी वैष्णवी कुमारी के सिर से एक साथ माता पिता का साया उठ गया। मां बिरसमुनी देवी और पिता कपिलास सिंह बाजार में गुपचुप बेचकर और मेहनत मजदूरी अपनी बेटियों को पाल रहे थे।

### मैट्रिक उत्तीर्ण छात्र प्लस टू स्कूल के बजाय इंटरमीडिएट कॉलेज में लेना चाहते हैं नामांकन

**कोडरमा।** जिले में मैट्रिक का रिजल्ट जारी हो गया है। मैट्रिक उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं प्लस टू स्कूलों के बजाय इंटरमीडिएट कॉलेज में नामांकन की इच्छा ज्यादा रखते हैं। हलांकि इस साल सरकार स्तर से इंटरमीडिएट कॉलेजों में नामांकन की सीट घटा दी गई है। ऐसे में सभी छात्रों का नामांकन इन कॉलेजों में होना मुश्किल होगा। प्लस टू स्कूलों में फिलहाल जिले में करीब 131 शिक्षकों के पद खाली हैं। 20 प्लस टू स्कूलों में 198 शिक्षकों के पद स्वीकृत है, जिसमें 67 हीं कार्यरत हैं। जबकि कई विषयों के शिक्षक भी नहीं है। इंटर कॉलेजों में शिक्षकों के अलावा अन्य व्यवस्थाएं है। इसके कारण छात्र-छात्राएं ऐसे कॉलेजों में अपना दाखिला चाहते हैं। छात्राएं महिला कॉलेज में नामांकन को प्राथमिकता देती है। हालांकि इंटर कॉलेजों के अपेक्षा जिले के प्लस टू सरकारी स्कूलों में फिस कम लगते है।

# स्वर्ण व्यवसयियों के हितों की अनदेखी उचित नहीं : कश्मीर सिंह




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** स्थानीय स्वर्णकर भवन में हजारीबाग स्वर्णकार व्यावसाय संघ के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में व्यवसायियों ने अखिल भारतीय स्वर्णकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर सिंह राजपूत, डॉ दिलीप सोनी, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मण स्वर्णकार, पूर्व विधायक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अशोक नूरी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, राजेंद्र लाल, राष्ट्रीय मंत्री, वीरेंद्र प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता हजारीबाग स्वर्णकार व्यवसायी संघ के अध्यक्ष विक्रम सोनी एवं संचालन विजय केसरी ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों को पुष्प गुच्छ, माल्यार्पण, अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण रामसेवक सोनी ने दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय स्वर्णकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर सिंह राजपूत ने कहा कि सरकार स्वर्णकार के हितों की अनदेखी कर रही है। यह किसी भी दृष्टि में उचित नहीं है। देश में हर वर्ष एक हजार टन से अधिक सोने का कारोबार होता है, लेकिन अभी तक भारत सरकार स्वर्ण मंत्रालय का गठन तक नहीं कर पाई है । जबकि अन्य खनिजों के लिए अलग से मंत्रालय पहले ही बने हुए हैं। सोने पर कस्टम ड्यूटी लगभग 14 परसेंट है।

## विश्व रक्तचाप दिवस पर 'द हंस फाऊंडेशन' ने लगाया चिकित्सा शिविर

# रोग की जटिलताओं से समय से पहले मौत का खतरा बढ़ाता है : डॉ लेखराज

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



द हंस फाउंडेशन सिमडेगा की ओर से 17 मई 2024 को विश्व रक्तचाप दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान की ओर से लोगों को जागरुक करने के साथ साथ स्वास्थ्य सेवा मुहैया की गयी। जिले के सभी 9 प्रखंडों में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से चिह्नित गांव में सभी संबंधित लोगों का चिकित्सक द्वारा ब्लड प्रेशर चेक किया गया एवं उनका रिकार्ड पंजीयन किया गया साथ ही सभी को सही खान पान, अच्छी जीवन शैली के लिए जागरूक किया गया जिन्हे दवा की जरूरत थी उन्हें दवा देकर नियमित दवा का सेवन करने के बारे में बताया गया। डॉ लेखराज ने स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों को बताया की उच्च रक्तचाप हृदय रोग, स्ट्रोक, गुर्दे की जटिलताओं और समय से पहले मौत का खतरा बढ़ाता है. हालांकि अधिकांश लोगों में उच्च रक्तचाप का कोई लक्षण नहीं होता है, लेकिन अगर इसका इलाज न किया जाए तो यह गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकता है।नियमित रूप से रक्तचाप की जांच करके और यदि निर्धारित हो तो दवा लेकर उच्च रक्तचाप को रोका और प्रबंधित किया जा सकता है.इस क्रम में डॉ अजय ने लक्षण और सुधार के बारे में बताया की उच्च रक्तचाप वाले अधिकांश लोगों को कोई लक्षण महसूस नहीं होता है. बहुत उच्च रक्तचाप के कारण सिरदर्द, धुंधली दृष्टि, सीने में दर्द और अन्य लक्षण हो सकते हैं. उच्च रक्तचाप के कुछ प्रमुख लक्षणों में गंभीर सिरदर्द, सीने में दर्द, चक्कर आना, सांस लेने में कठिनाई, मतली, उल्टी, धुंधली दृष्टि या अन्य दृष्टि परिवर्तन, चिंता, भ्रम, कानों में गूंज, नाक से खून आना और असामान्य हृदय ताल शामिल हैं।डॉ निसार अली एवं डॉ खेमराज ने बताया जब किसी को उच्च रक्तचाप (सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 140 या अधिक और/या डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 90 या अधिक) होने का पता चलता है, तो आहार और व्यायाम के अलावा, दवाएं भी जरूरी हो जाती हैं। रक्तचाप को सीमा के भीतर रखने के लिए दवाओं को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाने की आवश्यकता है।

## कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

# चुनावी व काउंटिंग प्रक्रिया की दी गई जानकारी

**बरही।** प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वाराणसी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के पंचायत स्तरीय अधिकारियों व समर्पित कार्यकताओं की एक महत्पूर्ण बैठक हुई. जिसमे चुनावी प्रक्रिया और काउंटिंग प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया. प्रखंड अध्यक्ष ने वोटिंग मशीन, वीवी पैंट, काउंटिंग मशीन आदि के संबंध में विस्तार से बताया. साथ ही सबों को जागरूक रहकर सभी मतदाताओं को बूथ स्थल तक लाने और मतदान करवाने की बात कही. उन्होंने बताया कि चुनाव संवैधानिक तरीको से हो इसके लिए हम सभी संकल्पित हैं. इस चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष में जनसमर्थन देखने को मिला है. हम सबों को भी जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं के घर घर जाकर कांग्रेस के गारंटी कार्ड को देना है और उसके उद्देश्यों को समझाते हुए, कांग्रेस के पक्ष में वोटिंग करने का आग्रह करना है. मौके पर उपस्थित सभी कार्यकताओं ने भी कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करने की संकल्प लेते हुए निष्ठा पूर्वक मतदाताओं को प्रेरित करने की बात कही. बैठक में मुख्य रूप से 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, मो सरताज, राजेश उरांव, दशरथ यादव, उदय केसरी, गुलजार अंसारी, छोटे लाल यादव बुलाकी यादव, रिजवान अली, तैयब अंसारी, सुभाष यादव, अशोक कुमार सिंह, प्रकाश यादव, मुन्नीलाल ठाकुर, रोहित कुमार यादव, बलराम कुमार, सुरेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, आफताब कुरेशी, फिरदौस आलम, रमेश प्रसाद केसरी, देवचंद यादव, पंकज पासवान आदि उपस्थित रहें.

## बैंक ऑफ इंडिया के आश्रित ग्राहक को मिला बीमा का लाभ

# अपने परिवार की सुरक्षा के लिए बीमा अवश्य करायें : प्रमोद कुमार



**बीमा का लाभ आखिर समय में परिवार को जरूर मिलता है,चाहे वह जितना का हो।**

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** बैंक ऑफ इंडिया के आश्रित ग्राहक रेखा देवी पति अर्जुन महतो गंगपाचो निवासी को बीमा का लाभ दस लाख रुपए दिया गया। बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा के शाखा प्रबंधक प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आश्रित रेखा देवी के पति अर्जुन महतो जो जापान में मजदूरी कार्य करते थे। उनका तबियत खराब होने पर वह अपने घर पर रहकर इलाज करा रहे थे। तबियत अधिक बिगड़ने पर चार मई को परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान आठ मई को उनकी मौत हो गई। वह बैंक ऑफ इंडिया के सेंचुरी रॉयल प्लान के ग्राहक थे। उनकी मौत के बाद बीमा का लाभ उनकी पत्नी को दिया गया। उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया के सभी ग्राहकों से अपील करते हुए कहा कि अपने परिवार की सुरक्षा के लिए बीमा अवश्य करायें बैंक ऑफ इंडिया अपने ग्राहकों के लिए विभिन्न प्रकार की बीमा योजना लाई है। जिसका लाभ ग्राहक उठा सकते हैं। मौके पर सूडलाइफ के क्षेत्रीय प्रबंधक दिपांकर बोस, ट्रेजरी प्रबंधक प्रकाश मिश्रा, रिलेशनशिप प्रबंधक मुन्ना लाल प्रसाद,बीसी दिलीप कुमार नायक समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से डीलिट

**चक्रधरपुर।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के कई बूथों में मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से डीलिट होने के कारण कई मतदाता आपने मताधिकार से वंचित रह गए. इस मामले को लेकर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन शंकर पाण्डेय ने केन्द्रीय निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखा है.पत्र के माध्यम से कहा कि जहाँ निर्वाचन आयोग वोट का प्रतिशत बढ़ाने हेतु कई कदम उठाए हुए हैं, ताकि देश में अधिक से अधिक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करें, लेकिन कई मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मत देने से वंचित हो गए। चक्रधरपुर के शहरी क्षेत्र के बूथ संख्या 224, 225, 226 एवं 227 के कई मतदाता लगभग 700 से भी अधिक के नाम पर का स्टाम्प मारा हुआ था, जिससे वे अपने मत का प्रयोग नहीं कर पाये। इसका परिणाम यह हुआ कि मतदान का प्रतिशत कम हुआ, जबकि वे मतदाता उस वार्ड में ही निवास करते हैं, कुछ नागरिक उस स्थान से कहीं अन्यत्र रहने लगे है, परन्तु वे कहीं भी अन्यत्र अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं कराये हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी गलती किस पदाधिकारी से हुई, बीएलओ की गलती से इतने नागरिक मत देने से वंचित रह गए या किसी अन्य पदाधिकारी की गलती से, इसकी सच्चाई से जांच होनी चाहिए ताकि दोषी पदाधिकारी पर विभागीय एवं कानूनी कारवाई हो सके।

### निगम क्षेत्र के 55 हजार परिवार को 24 घंटे होगी जलापूर्ति

**आदित्यपुर।** तकरीबन 7 साल बाद जुलाई 2025 में आदित्यपुर वृहद जलापूर्ति योजना पूरी हो जाएगी. जिससे आदित्यपुर निगम क्षेत्र के तकरीबन 55 हजार परिवारों को 24 घंटे पाइप लाइन जलापूर्ति का लाभ मिलने लगेगा. चूंकि योजना के तहत सपड़ा और सीतारामपुर में फिल्टरेशन प्लांट का निर्माण कार्य जुडको ने वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर शुरू कर दिया है। अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद सपड़ा के वन भूमि से 1750 में से 1200 पेड़ भी हटाए जा चुके हैं।बता दें कि वर्ष 2018 में 395।12 करोड़ की लागत से आदित्यपुर के 55 हजार परिवारों को 24 घंटे पाइप लाइन जलापूर्ति का लाभ देने के लिए तत्कालीन झारखंड सरकार ने वृहद जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया था, तब 30 महीने का लक्ष्य रखकर योजना का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन वह वन विभाग, पथ निर्माण विभाग और दूसरे अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के चक्कर मे छह साल गुजर गए। इस बात से नाराज आदित्यपुर की सामाजिक संस्था जन कल्याण मोर्चा ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर दी।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिरसानगर थाना अंतर्गत संडे मार्केट के पास मंगलवार रात गोलमुरी नामदा बस्ती निवासी अभिषेक सिंह पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस ने राहुल नायक उर्फ पांडा, श्रुति नायक और युवराज दास को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है। शुक्रवार को सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।थाना प्रभारी नेमधारी सिंह ने बताया कि श्रुति और अभिषेक पूर्व में प्रेम संबंध में थे। बाद में श्रुति ने की शादी राहुल से हो गई। शादी के बाद भी राहुल फोन पर बात किया करता था। कई बार उसे ऐसा करने से मना भी किया गया पर वह परेशान करता रहा। घटना की रात श्रुति ने उसे फोन कर बुलाया जहां श्रुति, राहुल और उसका साथी युवराज पहले से ही मौजूद थे। सभी ने मिलकर अभिषेक पर हमला कर दिया। बाद में उसे घायल अवस्था में एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। फिलहाल अभिषेक इलाजरत है।

# देश और राज्य का विकास नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव : सीता सोरेन

## मौजूद सरकार ने राज्य को केवल लूटने का किया काम



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

दुमका लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी सीता सोरेन शुक्रवार को बेंगाबाद के दौरे पर थी। बेंगाबाद के डाकबंगला चौक पहुंची और नुक्कड़ सभा कर लोगों से भाजपा को समर्थन देने की अपील की। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सीता सोरेन ने कहा कि देश और राज्य का विकास नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव है। वर्तमान में झारखंड राज्य में जो सरकार चल रही है वह राज्य का विकास नहीं करके अपना विकास कर रही है। कहा झारखंड में सिर्फ चेहरा बदलने का काम किया जा रहा है और मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री का खेल खेला जा रहा है। कहा राज्य सरकार ने विकास नहीं किया बल्कि राज्य को लूटने का काम किया है। ये सरकार झूठ का पुलिंदा और जुमलेबाज साबित हुई है। उन्होंने जनता से विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी को समर्थन देने की बात कही और कोडरमा लोकसभा एवं गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। इससे पहले वह कर्मजोरा स्थित सिद्धू कान्हू पार्क पहुंची और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मौके पर कई भाजपाई उपस्थित थे।

# पीएम मोदी की सुरक्षा में 1651 अतिरिक्त जवानों की होगी तैनाती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 19 मई को जमशेदपुर में प्रस्तावित चुनावी जनसभा के मद्देनजर सुरक्षा के लिए पुलिस मुख्यालय से 1651 अतिरिक्त जवानों की प्रतिनियुक्ति शुक्रवार से की गई है। इसमें 27 इंस्पेक्टर, 246 एसआई और एएसआई, 1246 लाठी बल, 82 सशस्त्र बल, 50 यातायात पुलिसकर्मी, दो बीडीएस की टीमें, तीन हिट टीमें, तीन डॉग स्कवायड और रैप की दो कंपनियों सहित इको की चार टीमें शामिल हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर हथियाबंद जवान तैनात रहेंगे। इसके लिए आसपास के जिलों और ट्रेनिंग सेंटर से भी पुलिस बल बुलाया गया है। जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने मउभंडार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार पहुंचेंगे। बताया गया है कि मउभंडार ग्राउंड प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के अनुरूप छोटा है। इस हिसाब से कार्यक्रम स्थल और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर कंट्रोल बनाए रखना चैलेंज भरा काम होगा। क्योंकि, शहर में एक ही मुख्य मार्ग है, जो सभास्थल मैदान के समीप से होकर गुजरती है। जनसभा में दूर-दराज से वाहनों से पहुंचने वाले लोगों को कार्यक्रम स्थल से ही कुछ दूरी पर बड़े वाहनों को तय पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करना होगा। इसके लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बेनाशोल फुटबाल ग्राउंड, मउभंडार बाबूलाइन, टुमांगडुंगरी ग्राउंड, सर्कस मैदान ग्राउंड और कीताड़ीह काजू जंगल के समीप ग्राउंड को देखकर उसे चिह्नित किया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने तीन मई को सिंहभूम और रांची, चार मई को पलामू और सिसई में जनसभा को संबोधित किया था। इसके बाद 11 मई को चतरा के सिमरिया और 14 मई को गिरिडी में जनसभा को संबोधित कर चुके हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### लोकसभा चुनाव को लेकर सामान्य प्रेक्षक ने किया डिस्पैच सेंटर व कमीशनिंग रूम का निरीक्षण



**गिरिडीह।** गिरिडीह लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त आज सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय महेशलुंडी में स्थापित डिस्पैच सेंटर तथा कमीशनिंग रूम का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त कर्मियों के द्वारा किया जा रहे कार्यों का जांच कर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों व कर्मियों की कार्य प्रणाली व कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, संबंधित कोषांग के अधिकारी समेत निर्वाचन के अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।

### मुंडा समाज के लोगों ने महागठबंधन के प्रत्याशी को दिया समर्थन



**घाटशिला।** मुंडा समाज के लोगों ने घाटशिला के एक होटल में शुक्रवार को बैठक आयोजित कर इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी समीर महंती को समर्थन देने की घोषणा की। मौके पर प्रत्याशी समीर महंती ने कहा कि अब समय आ गया है कि मोदी सरकार के घमंड को तोड़ने का। उन्होंने भगवान श्री राम के संबंध में कहा कि जब महाबली लंकेश को मारकर अयोध्या लौटे थे तो माता कैकई ने कहा की बेटा लंकेश को तुमने मार दिया उन्होंने कहा कि मैंने नहीं मारा उन्हें उनका अहम मारा है। समीर महंती ने कहा कि इसका तात्पर्य है कि जब-जब सत्ता के सर्वोच्च स्थान पर बैठने वाले को अहम हो जाए तो विनाश निश्चित है।

### सुंदरनगर पुलिस ने अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा



**जमशेदपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के प्रवाह और इसके निर्माण कार्य पर नकेल कसने को लेकर सभी थानों की पुलिस सक्रिय है. इसी कड़ी में शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर सुन्दरनगर थाना पुलिस ने चिरुगोड़ा के जंगल में अवैध रूप से संचालित हो रहे तीन देशी शराब के भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए शराब बनाने वाले उपकरण जप्त किए हैं। वहीं मौके पर पुलिस ने 200 केजी अवैध महुआ बरामद किया जिसे विनष्ट कर दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सुंदर नगर थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर यह छापेमारी की गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी हाल में क्षेत्र में अवैध शराब की भट्ठियों का संचालन होने नहीं दिया जाएगा। हालांकि छापेमारी में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। शराब माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सीता नवमी महोत्सव में उमड़ रहे श्रद्धालु चार प्रखंडों में होगा कार्यक्रम

**चांडिल।** विश्व हिंदू परिषद की ओर से शुक्रवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में सीता नवमी महोत्सव मनाया जा रहा है. वैसे विहिप की ओर से 12 से 19 मई तक पूरे देश में सीता नवमी महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है. इसी क्रम में शुक्रवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चारों प्रखंड चांडिल, ईचागढ़, कुकड़ू व नीमडीह में राम नवमी महोत्सव के तर्ज पर सीता नवमी महोत्सव मनाया जा रहा है. तय कार्यक्रम के तहत सीता नवमी महोत्सव का शुभारंभ ईचागढ़ प्रखंड के देवलटांड पंचायत के नवाडीह गांव के हरि मंदिर से होगा।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने चुनावी कार्यालय में की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल जाने के दौरान भाजपा के घाटशिला विधानसभा स्तरीय चुनावी कार्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक कर मौजूदा स्थिति का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि चार चरण का मतदान संपन्न हो चुका है. पांचवें चरण में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। जनता से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान करें एवं देश के सशक्त निर्माण में अपना योगदान करें। उन्होंने कहा कि देवतुल जनता ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया जिसका परिणाम है कि 10 वर्षों में नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो या आंतरिक स्तर पर हर क्षेत्र में मजबूत हुआ है।उन्होंने लोगों से अपील है कि ऐसे सशक्त व्यक्ति के हाथ में देश की बागडोर सौंपने के लिए भाजपा को वोट देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 100 दिन का एजेंडा तैयार कर दिया है। सभी मंत्रालय को भी निर्देश जारी किया गया है। चुनाव के बाद देश के विकास में रुकावट ना हो इसके लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार है। उनका लक्ष्य 125 दिन का है। मौके पर बड़कुवर घाघराई, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव, देवयानी मुर्मू बृजेश सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिरनी में इंडिया गठबंधन की सभा में उमड़ा जनसैलाब

# मोदी सरकार ने जनता को ठगा : ठाकुर



**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरीडीह**

बिरनी के बाजार मैदान में इंडिया गठबंधन के सभा का आयोजन किया गया।। इस सभा में मुख्य रूप से कॉग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, इंडिया गठबंधन कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह, गौतम सागर राणा,बगोदर के वरिष्ठ नेता बासुदेव वर्मा, डॉ सलीम अन्सारी,सीताराम सिह समेत हजारों की संख्याओं में महिला पुरुष उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने जनता को ठगने का काम किया है। आपको मालूम होगा कि कोडरमा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आने के बाद मोदी सरकार को भी डर पैदा हो गया।। जिसके लिए मोदी सरकार को जनसभा करने की जरूरत पड़ गई।। बिना चुनाव के कोडरमा क्षेत्र में वे नहीं आये। जब मोदी सरकार को लगा कि कोडरमा में मेरा फूल को जनता ने उखाड़ फेकने का ठान लिया है तो उनकी बैचेनी बढ़ गई। इंडिया गठबंधन की यहां से जीत तय है। महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने जनसभा को संबोधित करते कहा कि मोदी सरकार को इस बार मुँह तोड़ जबाब मिलेगा, इस चीज की जबाब देश की जनता देगी,क्योंकि मोदी सरकार सिर्फ जनता को मूर्ख बनाने का काम किया है।। मोदी सरकार ने देश में नफरत फैलाने का काम किया है।

इंडिया गठबंधन कोडरमा प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह ने भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बार कोडरमा सहित पूरे राज्य से भाजपा का खूंटा उखड़ना तय है। केंद्र की भाजपा सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। उन्होंने लोगों से कोडरमा में बढ़ चढ़कर इंडी गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## गावां के लोढ़ियाटांड़ में भाजपा की चुनावी जनसभा

# क्षेत्र का विकास भाजपा की देन : मरांडी




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां थाना क्षेत्र के लोढ़ियाटांड़ गांव के समीप मैदान में भाजपा की ओर से चुनावी सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण सिंह, विधानसभा प्रभारी चुन्नुकान्त एवं अशोक उपाध्याय उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए बाबुलाल मरांडी ने कहा कि क्षेत्र का विकास भाजपा का ही देन है। सुदूरवर्ती गांव में सड़क, पुल पुलिया के अभाव था। जिसके कारण लोग भारी परेशानी का सामना करते थे। मैं जब राज्य का मुख्यमंत्री बना तो इस क्षेत्र में पुल पुलिया व सड़को का निर्माण हुआ। लोग ढिबरी युग मे जी रहे थे। लेकिन भाजपा की सरकार में घर घर बिजली पहुँचाया गया है। वहीं आवास की सुविधा भी मिल रही है। क्षेत्र में उग्रवाद चरम पर था। लोग घर से निकलने में भी भय महसूस करते थे। भाजपा के शासनकाल में ही इन क्षेत्रों में पुलिस पिकेट की स्थापना की गई। जिससे क्षेत्र में शांति है।

कहा कि इस क्षेत्र में ढिबरा रोजगार का साधन है। वर्तमान झामुमो की सरकार ने इसे छिनने का काम किया है। स्वयं बालू को बिहार व यूपी में भेजते है। पत्थर की चोरी करवाते हैं। और गरीब जब घर बनाने के लिए नदी से बालू उठाता है। तो उसे रोका जाता है। वर्तमान गठबंधन की सरकार में जब ईडी की छापेमारी हो रही है तो अवैध नोटों का पहाड़ मिल रहा है। तिसरी के एक जगंली क्षेत्र के लोगो ने पीने के लिए पेयजल हेतु पम्प लगाया तो वह विभाग के लोगो ने उसे तोड़ दिया। आखिर जंगल मे रहने वाले पानी का व्यवस्था कहां करेंगे। जब कोई ग्रामीण आत्मरक्षा में भालू को मार देता है। उसे जेल भेज दिया जाता है। लेकिन जब भालू किसी को मार देता है वन विभाग के रेंजर फोरेस्टर आदि देखने तक नहीं जाते है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की तकलीफ हो तो मैं आपके घर का हूँ बेहिचक अपनी समस्या रखें, हम आपके साथ है।

# हाई वॉल्टेज तार की चपेट में आने से मदरसे का छात्र गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां प्रखंड स्थित मदरसा अनरलूल इस्लाम मे अध्ययनरत एक छात्र हाई वोल्टेज तार के चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरी प्रखंड के पलमरुआ निवासी मो शाहनवाज पिता मो सरफराज अपने मामा घर गावां प्रखंड के गदर में रहता था। बच्चे की मां का देहांत होने के बाद वे अपने मामा घर मे रहकर पढ़ाई करता था। वर्तमान में उसका नामांकन उक्त मदरसे में करवाने के बाद वहीं होस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। शुक्रवार की सुबह स्नान करने के लिए छत पर गया। नल से कम पानी आने पर छत में लगे टँकी में झांक कर पानी को देख रहा था। इस दौरान वह बगल से गुजरे 11 हजार तार के चपेट में आ गया। जिससे उसका दोनो हाथ व पैर आदि झुलस गया है। आनन फानन में इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां लाया गया। छात्र की गभीर स्थिति को देखते हुए परिजन इलाज के लिए इसे बोकारो ले गए है। घटना के बाद परिजनों समेत आसपास के लोगो मे आक्रोश व्यक्त है। लोगो का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं बिजली विभाग के लापरवाही से लगातार घट रही है। विभाग के द्वारा बार बार तार बदलने का आश्वासन दिया जाता है। लेकिन इस दिशा में कोई काम नही होने के कारण लगातार घटनाएं हो रही है। इधर भाकपा माले सचिव नागेश्वर यादव ने पीड़ित छात्र के परिजनों को इलाज हेतु मुआवजा देने की मांग की है।

## मतदाता जागरूकता रैली और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

# मतदान करना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी, इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत होता है : प्रधानाचार्या






**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद के द्वारा जिले के मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोक सभा के आम चुनाव में भाग लेने हेतु, पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान के चौथे दिन आज बी.एस.एस. बालिका उच्च विद्यालय, धनबाद में मतदाता जागरूकता रैली तथा युवा मतदाओं का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रथा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार रोशन आरा, तृतीय पुरस्कार शगुन कुमारी एवं सांत्वना पुरस्कार कशिश कुमारी को दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अंजुला गुप्ता और क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

तदोपरांत अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्या श्रीमती गुप्ता ने कहा कि हमारे विद्यालय के लिए यह हर्ष और उत्साह का विषय है कि हमें लोकतंत्र के इस पर्व में शामिल होने का अवसर मिला है। मतदान करना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है, इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत होता है। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री ओंकार नाथ पाण्डेय ने युवा मतदाताओं और 'फर्स्ट टाइम वोटर्स' के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक छात्राओं को जानकारी दी। और सभी से अपील किया कि अपने परिवार और पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर मौजूद केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राज किशोर पासवान विद्यालय के शिक्षक सुषमा कांडुलना अरविंद कुमार यादव रश्मि कुमारी रत्नेश कुमार रमेश कुमार त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित थे। विदित हो कि इससे पूर्व विभाग द्वारा 14 मई 2024 से पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता रथ अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्घाटन नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया था।

जागरूकता रथ द्वारा आज भी मतदाता जागरूकता रैली में हिस्सा लेने के बाद से, कोर्ट मोड़, डीआरएम चौक, श्रमिक चौक, नया बाजार, बैंक मोड़, बस्ता कोला,झरिया, गौशाला मोड़, इंदिरा चौक, लोधना मोड़, आदि जगहों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

# लू से बचने के उपाय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित, कई छात्र-छात्राएं हुईं पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, दुमका की ओर से शुक्रवार को राजकीय उच्च विद्यालय कडहरबिल, दुमका में छात्र-छात्राओं के बीच लू से बचने के उपाय पर निबंध प्रतियोगिता व परिचर्चा आयोजित किया गया। उविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार से लू से बचने के उपाय सुझाए

- लू से बचने के लिए ओआरएस का घोल या घर में बने नींबू/पानी/चीनी और चुटकी भर नमक नमक या फिर आम के पन्ने का सेवन करें
- धूप में निकलने से पहले अपने सिर को छतरी या मोटे कपड़े की सहायता से ढके रहें।
- धूप से वापिस आने के तुरंत बाद स्नान न करें।
- ज्यादा से ज्यादा पीना पीते रहें ।
- घर से खाली पेट ना निकलें हमेशा खाना खाकर व पानी पीकर ही निकलें।
- अगर लू लग ही जाए तो कपड़े को पानी में भीगा कर शरीर पोंछें? और कच्चे आम को भूनकर शरीर पर लगाएं तथा डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें
- सुती और गर्मी से सुरक्षा देने वाले खादी टाइप के कपड़े पहनें।

### निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं

प्राची कुमारी, अरविंद मुर्मू , शिवम कुमार दास एवं दिव्या कुमारी

निबंध प्रतियोगिता एवं परिचर्चा के अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सिंधु स्नेही भारती, सहायक शिक्षक श्रीमती सविता कुमारी, श्री पवन कुमार ठाकुर एवं श्रीमती साहिल रेणुका किसकु आदि उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिता कार्यक्रम को सफल बनाने में बढ़ चढ़कर सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में इकाई के तकनीकी सहायक एमके आलम ने भी सराहनीय योगदान दिया।

# बेमौसम के मौसम को समझना जरुरी

गर्मी में बरसात और बरसात में सूखा किसानों के लिए ही नहीं जलवायु परिवर्तन से प्रभावित सभी के लिए चिंता का विषय है ।जीवन की विविधता के मूल में एक मूलभूत सत्य निहित है : जगत में सबकुछ अंतसंबंधों से बंधा है। जैव विविधता जीवन के स्थायित्व और चिरंजीविता के केंद्र में है, किंतु जैव विविधता के योग से भी परे अस्तित्व से आलोक से सराबोर जीवन स्वयं में नैसर्गिक विकास (इवोल्यूशन) की एक मनोरम गाथा का प्रतीक है। जैव विविधता ही जीवन की नैया की खेवनहार है। जितनी अधिक जैव विविधता, उतना ही अधिक जीवन का उत्कर्ष, उतना ही प्रबल जीवनगामी पृथ्वी का ब्रह्मांड में साम्राज्य! जैव विविधता जीवन की शाश्वतता की अनंत कथा है। जैव विविधता प्रकाश की जीवंत कहानी है, जिसे सूर्य का प्रकाश प्रकाश-संश्लेषण के माध्यम से जीवन ऊर्जा के अनंत रूपों में खिलकर आकाशगंगाओं को सुनाता है। प्रकाश की सृजनात्मक क्षमता असीमित है। पेड़-पौधों के पर्णहरित से अठखेलियां कर प्राकृतिक विकास के नवाचारों के झरोखे खोलता प्रकाश अनंत जीवों और पारिस्थितिक तंत्रों को निरंतर पोषित करता है। जीवन कथा को अमर बनाए रखने के लिए समय की धारा के साथ नई प्रजातियां और उनके आनुवंशिक रूप जीवन को समृद्धि और आनंद का उपहार देते रहते हैं। एक बहती नदी के समान ऊर्जा जीवन के विभिन्न माध्यमों से स्वयं को अभिव्यक्त करती है। पदार्थ निष्क्रिय होता है, ऊर्जा क्रियाशील। पदार्थ की क्रियाशीलता ऊर्जा के कारण ही होती है। संपूर्ण ब्रह्मांड की गतिशीलता का स्त्रोत ऊर्जा ही है। मुक्तावस्था में ऊर्जा विध्वंसक रूप ले सकती है, जिसे एन्ट्रॉपी कहते हैं। असंख्य जीव-वाहिकाओं में प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से प्रवेश कर सौर ऊर्जा एक रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रदर्शित करती है। सभी जीवधारियों का व्यवहार और उनके कार्य-कलाप उसी ऊर्जा की रचनात्मक अभिव्यक्तियां हैं। मुक्तावस्था में यही ऊर्जा अराजक हो सकती थी। ऊर्जा जीवन की जितनी विविधता में क्रियाशील होगी, उतनी ही सृजनशीलता और संतुलन की अवस्था में होगी। इसी प्रकार, पृथ्वी की भी ब्रह्मांड के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका है। ब्रह्मांड की एन्ट्रॉपी को नियंत्रित कर एक ब्रह्मांडीय संतुलन स्थापित करना ही जैव विविधता-भरी पृथ्वी का अनुष्ठान है। पृथ्वी पर जीवन केवल पृथ्वी का ही नहीं, ब्रह्मांड का एक उपादान है। पृथ्वी का उदय ब्रह्मांड के विकास की अनवरत यात्रा का एक लक्ष्य रहा होगा। ब्रह्मांड में 'बिग बैंग' की घटना से कालांतर में पृथ्वी-रूपी अमृत निकला, जैव विविधता जिसकी बूंदें हैं! ऐसे परिदृश्य पर विचार करें, जहां जीवन केवल एक ही प्रजाति के रूप में हो। ऐसा जीवन निरा अनिश्चित-सा होगा और ऐसी दशा में पृथ्वी कभी भी दुर्भिक्ष या किसी महामारी के कारण जीवन-विहीन हो सकती है। जीवों की घनी विविधता ने ऐसी संभावनाओं को क्षीण कर दिया। जीवन की स्थिरता, गतिशीलता और निरंतरता उसकी विविधता पर निर्भर है। जैव विविधता जीवन को जलवायु संबंधी अनियमितताओं के प्रति लचीला बनाती है और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम जीव समुदायों को पोषित करती है। विविधता स्वयं जीव समुदाय के लिए अस्तित्व का कारक है। जैव विविधता का समृद्ध भंडार जैव-रासायनिक चक्रों की निरंतरता सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, जैव विविधता पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखती है और जैवमंडल के जीवन-निर्वाह को संरक्षित करती है। जैव विविधता हमारे जिंदा ग्रह को जीवन-शक्ति प्रदान करती है। इस अद्भुत विविधता के जागरूक प्रबंधक के रूप में आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन के बहुरूप दर्शन को संरक्षित करना हमारा परम दायित्व है। पारिस्थितिक दार्शनिक हेनरिक स्कोलिमोस्की ने अस्तित्व संरक्षण के लिए जैव विविधता के आंतरिक मोल पर जोर देते हुए मानवता और प्रकृति के बीच गहन अंतसंबंध को गहराई से स्पष्ट किया है। जीवों के पारस्परिक तालमेल और मानव सहित संपूर्ण जीवन के अस्तित्व के लिए जैव विविधता जीवन के मूल सार का प्रतीक है।

इन दिनों

# हजारीबाग लोक सभा संसदीय क्षेत्र के चुनाव का गौरवशाली इतिहास



विजय केसरी

*1980* के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर डॉ. बसंत नारायण सिंह ने कांग्रेस पार्टी की अजीमा हुसैन को भारी मतों से हराया था। इस बीच जनता पार्टी की मिली जुली सरकार आपसी खींचातानी में मोरारजी देसाई की सरकार चली गई थी। कुछ समय के लिए चौधरी चरण सिंह देश के प्रधानमंत्री बने थे। उसके बाद इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनी थीं। 1984 लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के दामोदर पांडेय ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को हराया था । इसी वर्ष 31 अक्टूबर, 1984 को इंदिरा गांधी की निर्मम हत्या कर दी गई थी। श्रीमती गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री बने थे । 1989 लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की ओर से बिल्कुल एक नए उम्मीदवार यदुनाथ पांडेय प्रवेश हुआ था । उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को पराजित किया था। यदुनाथ पांडेय का प्रवेश रामनवमी जुलूस के मार्ग को तत्कालीन जिला प्रशासन द्वारा रोक दिए जाने के कारण प्रवेश हुआ था। रामनवमी जुलूस के आंदोलन को गंतव्य तक पहचाने के चलते ही यदुनाथ पांडेय हजारीबाग से सांसद चुन लिए गए थे। इसी कालखंड में 21 मई 1991 को राजीव गांधी की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस दौरान कुछ महीनो के लिए चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बने थे। उसके बाद पी.वी.नरसिंह राव देश के प्रधानमंत्री बने थे 1996 लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के एक उम्मीदवार के रूप में महावीर लाल विश्वकर्मा ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार भुवनेश्वर मेहता को हराया था । इसी कालखंड में मात्र 16 दिनों के लिए अटल बिहारी वाजपेई देश के प्रधानमंत्री बने थे। उसके बाद लगभग 1 साल के लिए एच.डी देवगौड़ा देश के प्रधानमंत्री बने थे। 1998 लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से यशवंत सिन्हा को उतार गया था।? यशवंत सिन्हा ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को हराया था। इस दौरान 1997 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में आई. के.गुजराल थे। 1999 लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने



प्रथम निर्वाचित सांसद बाबूराम नारायण सिंह

राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार अकलू रम को हराया था। तब देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई थे। यशवंत सिन्हा एक केंद्रीय मंत्री के रूप में हजारीबाग का नाम राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया था। 2004 के लोक सभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने भाजपा के के नेता यशवंत सिन्हा को हराया था। तब अटल बिहारी वाजपेई की सरकार को लोकसभा चुनाव में बहुमत नहीं आने के कारण उनकी सरकार चली गई थी। तब कांग्रेस पार्टी के डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री बने थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्रसे भारतीय जनता पार्टी के नेता यशवंत सिन्हा ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सौरव नारायण सिंह को पराजित किया था । सौरव नारायण सिंह विधायक थे। वे पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़े थे। सौरभ नारायण सिंह रामगढ़ राज्य के तीसरी पीढ़ी के थे। तब देश के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी ने यशवंत सिन्हा के पुत्र जयंत सिंह को उम्मीदवार बनाया था। जयंत सिन्हा ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सौरभ नारायण सिंह को भारी मतों से पराजित किया था। इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को देश की जनता ने अपार जन समर्थन दिया था। फलस्वरुप केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी थी । नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से एक बार फिर जयंत सिन्हा को भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार बनाया था। जयंत सिन्हा ने कांग्रेस पार्टी के गोपाल साहू को लगभग चार लाख से अधिक मतों से पराजित कर अपना परचम लहरा दिया था। देश की जनता ने इस बार के लोकसभा चुनाव में एनडीए को भारी समर्थन दिया था। नरेंद्र मोदी पुणे देश के प्रधानमंत्री बने। 2019 के लोकसभा चुनाव में 2014 के लोकसभा चुनाव में मिली सीटों की तुलना में अधिक सांसद जीते थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से 17 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। सभी उम्मीदवार अपनी-अपनी जीत के दावे कह रहे हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मनीष जायसवाल और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जे.पी. पटेल के बीच है। दोनों के बीच कांटे का संघर्ष है। गौरतलब है कि दोनों उम्मीदवार पहली बार हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों विधायक हैं।है केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार है। हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 20 मई को चुनाव होना है। देखना यह है कि हजारीबाग लोक सभा संसदीय क्षेत्र की जनता मनीष और पटेल में किसे अपना सांसद चुनती है?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात



### घातक है धार्मिक विभाजन

इंडिया गठबंधन की सरकारें अपने अपने राज्यों में अपने अपने हिसाब से नीतियां अपनाएंगे। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में पुलिस बहाली में एसटी एससी और ओबीसी को कोई चारा नहीं डालती है और वह 200 मुस्लिम पुलिस इंस्पेक्टर एकमुश्त बहाल करती है लेकिन भाजपा को छोड़कर कोई आदिवासी संगठन या राजनीतिक दल चूं तक नहीं करते। तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है वहां एसटी, एससी और ओबीसी के लिए संवैधानिक आरक्षण को मुसलमानों दे रही है केरल में भी एसटी एससी और ओबीसी के शत प्रतिशत



आरक्षण पर मुसलमान काबिज है इस पर भी भाजपा के अलावा सभी राजनीतिक दल मौन हैं। भारतीय जनता पार्टी को हराने के चक्कर में यह भारतीय समाज भारत में गजवा ए हिन्द (इस्लामी राष्ट्र) लाने के लिए क्यों उतावला है। जबकि देश के अनेक हिस्सों मुस्लिम नेताओं का तथा मुस्लिम संगठनों की ओर से धमकी दिया जा रहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार हटने के बाद हम जैसा चाहेंगे वैसा करेंगे।गैर मुस्लिम एसटी एससी और ओबीसी केरल, काश्मीर, कर्नाटक, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित देश के दूसरे राज्यों में भी तो हैं लेकिन उनका अस्तित्व क्या है? गैर मुस्लिम एसटी एससी और ओबीसी पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानिस्तान में भी तो थे आज उनका अस्तित्व क्या है? एसटी एससी और ओबीसी का अस्तित्व दुनिया में तभी तक है जबतक सनातन धर्म और संस्कृति का अस्तित्व है अन्यथा ईसाई और इस्लाम एसटी एससी और ओबीसी को निगलने के लिए तैयार है। जब कांग्रेस पार्टी के प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह ने लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस पर घोषणा किया किया कि देश की संपूर्ण संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है तब भारत के किसी भी हिस्से से न आदिवासियों ने विरोध किया न दलितों ने विरोध किया और न ओबीसी (पिछड़ों) ने विरोध किया, सड़क से संसद तक अगर कोई विरोध किया तो भारतीय जनता पार्टी ने किया।देश विभाजन का विरोध किया तो भारतीय हिन्दू समाज ने किया। आज वर्तमान भारत का अस्तित्व है तो 21 लाख हिन्दुओं के बलिदान (कत्लेआम) के कारण है और शायद इसी लिए हिन्दुओं को तोड़ने के लिए अंग्रेजों की चाल पर चलते हुए कांग्रेस ने एसटी एससी और ओबीसी में विभाजित किया है ताकि हिन्दू कभी हिन्दू एकजुट होकर राष्ट्र के साथ खड़ा न हो जाए

**- स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी प्रांत संयोजक मार्ग दर्शक मंडल, विश्व हिन्दू परिषद् सह प्रांत अध्यक्ष अखिल भारतीय संत समिति झारखंड।**

विश्व एड्स वैक्सीन दिवस पर विशेष

# धर्म आधारित जनसंख्या का बढ़ता असंतुलन




डॉ. रमेश ठाकुर

*एड्स* से निजात के लिए हमें सिर्फ सतर्कता और जागरुकता पर ही निर्भर नहीं होगा, इसके आगे भी सोचना पड़ेगा। आगे सोचने का मतलब, एड्स की वैक्सीन, दवा या टीके के अविष्कार की ओर कदम बढ़ना? क्योंकि दिनों दिन ये लाइलाज बीमारी भयाभय रूप लेता जा रही है। प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में एचआईवी पॉजिटिव केस सामने आते हैं जिनमें हजारों की संख्या में मौत के मुंह में समा जाते हैं। ये सच है, एड्स से डरावनी बीमारी शायद आज भी दूसरी कोई और नहीं? जिसका मात्र नाम सुनते ही लोगों की रूह कांप जाती हैं। लोग भगवान से दुआ करते हैं, उन्हें कोई भी हारी-बीमारी क्यों न हो जाए, पर एड्स न हो? एड्स समाज की सबसे बड़ी कलंकित बीमारी है। कलंकित इसलिए क्योंकि इस बीमारी के चलते समाज में असमानता फैल रही है जो सभ्य समाज में कतई स्वीकार्य नहीं? यही


**प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में एचआईवी पॉजिटिव केस सामने आते हैं जिनमें हजारों की संख्या में मौत के मुंह में समा जाते हैं। ये सच है, एड्स से डरावनी बीमारी शायद आज भी दूसरी कोई और नहीं?**

कारण है, एचआईवी लक्षण पता होने पर पॉजिटिव व्यक्ति से समाज एक तरह से नकार ही देता है। एड्स हो जाने के बाद समाज के अलावा सगे-संबंधी भी दूरी बना लेते हैं। तब दुखी होकर पीड़ित एकांतवास जीवन जीने को मजबूर हो जाता है। जबकि, देखा जाए तो एड्स की बीमारी मौत का तत्काल कारण नहीं बनती। एड्स रोगी लंबा जीवन जीते हैं। इसे स्वास्थ्य तंत्र की नाकामी कहें, या हुकूमतों की लापरवाही? दशकों बीत जाने के बाद भी एड्स वायरस पर विजय प्राप्त नहीं हो सकी और न ही आजतक कोई मुकम्मल दवा या वैक्सीन बन सकी। एड्स से बचाव के लिए हम आज भी मात्र सतर्कता और जागरूकता पर ही निर्भर हैं, जो नाकाफी हैं। दरकार,अब वैक्सीन और दवा की है। पहले के रिसर्च में यह तो तय हो चुका है कि एचआईवी एड्स की बीमारी जानलेवा है। चपेट में आने वाले मरीज की मौत होना निश्चित है। क्योंकि, एचआईवी के वायरस अपनी स्थित को बहुत तेजी के साथ बदलते हैं। एचआईवी का वायरस मरीज के प्रतिरक्षा सिस्टम पर सीधा प्रहार करता है। वायरस अपनी मौजूदगी को नित बदलता रहता है। हिंदुस्तान के अलावा पूरे संसार की बात करें, तो एड्स पीड़ितों की संख्या इस समय लाखों-हजारों में नहीं, बल्कि करोड़ों-अरबों में हैं। पिंड छुड़ाने के लिए देश-विदेश की हुकूमत लाखों नाकाम कोशिशें करती हैं। हालांकि रिसर्च-औषधियों के शोध लगातार जारी हैं।

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# प्रधानमंत्री के रोड शो और सामाजिक समरसता



मृत्युंजय दीक्षित

*भारतीय* जनता पार्टी के शीर्ष नेता, सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में सामाजिक समरसता का अनूठा दर्शन हो रहा है। वह वाराणसी से तीसरी बार उम्मीदवार हैं। परचा भरने से एक दिन पहले वाराणसी में भी प्रधानमंत्री ने रोड शो किया। रोड शो में उमड़ा जनसमुद्र काशी के चुनावी इतिहास में अद्भुत व अकल्पनीय रहा। वाराणसी के पूर्व ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से लेकर बिहार की राजधानी पटना तक के रोड शो में जिस प्रकार की जन भावनाएं मोदी के प्रति देखने को मिलीं, उनसे साफ संकेत मिलता है कि अबकी बार फिर मोदी सरकार ही बनने जा रही है। प्रधानमंत्री के रोड शो की सबसे बड़ी विशेषता सामाजिक समरसता है। इनमें नारी शक्ति का वंदन भी हो रहा है और एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन भी हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उनके समाजसेवा व भक्ति भाव के विविध रूपों के दर्शन भी हो रहे हैं। रोड शो के दौरान वह भीड़ में भी बच्चों को भी दुलार कर संदेश दे रहे हैं कि यह कल के निर्माता हैं। जहां कहीं भी प्रधानमंत्री का रोड शो होता है वहां से नया समीकरण सामने आ जाता है और विपक्ष हतप्रभ रह जाता है। उसे समझ में नहीं आता कि वह करे तो क्या करे। जब पटना में प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो निकल रहा था, उस समय उनके साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थे और लोगों के आश्चर्यचकित होने का ठिकाना उस समय नहीं रहा जब उन्होंने नीतीश कुमार के हाथ में कमल का फूल देखा अर्थात पटना के रोड शो में बिहार के मुख्यमंत्री के हाथ में उनकी अपनी पार्टी का चुनाव चिह्न न होकर कमल का फूल था जिसे लेकर अब बिहार की राजनीति में तरह-तरह के कयास लगने आरम्भ हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद बिहार का राजनीति किधर जाती है, नीतीश कुमार यह इशारा काफी है। वाराणसी का रोड शो तो स्वाभाविक रूप से ही अद्भुत होना ही था। यहां मां गंगा के बेटे का रोड शो जो था। वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी की एक झलक पाने के लिए और उन्हें देखने के लिए हर कोई बेताब था। अपने सांसद के लिए पूरा बनारसी जनसमुद्र उमड़ पड़ा। स्वागत में झांकियां सजायीं गईं। पुष्प वर्षा की गई। भगवा और तिरंगे लहराये। हर-हर महादेव और जय श्रीराम से आसमान गुंजायमान कर दिया गया। ऐसा प्रतीत हुआ कि सनातन का सूर्योदय हो चुका है बस उसका तिलक ही शेष रह गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पांच किलोमीटर लंबे रोड शो के माध्यम से सामाजिक, आध्यात्मिक व जातीय गुणा -गणित पूरी तरह से साध लिया है। वाराणसी की धरती पर यह लहर नहीं, सुनामी का आगाज है। प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय राजग गठबंधन के सभी बड़े नेताओं की उपस्थिति रही।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

# प्रेम मंदिर वृंदावन

*जिसमे* हम आपको प्रेम मंदिर के बारे में पूरी जानकारी देने जा रहें हैं

**प्रेम मंदिर का इतिहास**

प्रेम मंदिर का इतिहास ज्यादा वर्ष पुराना नहीं है। आपको बता दें कि इस मंदिर की आधारशिला 14 जनवरी 2001 को जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज के द्वारा हजारों भक्तों की उपस्थिति में रखी थी। प्रेम मंदिर श्री वृंदावन धाम को समर्पित था जिसे जगद्गुरु कृपालु प्रतिष्ठा (जेकेपी) के प्रायोजन के तहत बनाया गया था, जो एक अंतरराष्ट्रीय, गैर-लाभकारी, आध्यात्मिक, शैक्षिक, सामाजिक और धर्मार्थ संगठन है। इस संगठन की स्थापना स्वयं जगदगुरु श्री कृपालु जी महाराज द्वारा की गई थी। आपको बता दें कि प्रेम मंदिर का निर्माण होने में लगभग 11 से 12 साल का समय लग गया था। मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद इसे 15 फरवरी से 17 फरवरी 2012 तक उद्घाटन समारोह के



बाद 17 फरवरी को जनता के लिए खोल दिया गया।

2. **वृंदावन का प्रेम मंदिर की वास्तुकला**

वृंदावन का प्रेम मंदिर एक बेहद भव्य संरचना है जिसका निर्माण पूरा होने में हजारों कारीगरों ने दिन-रात काम किया था। आपको बता दें कि मंदिर का निर्माण होने में लगभग 150 करोड़ रुपए खर्च हुए थे।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### कैब ड्राइवर वसूल रहे दुगुना किराया, जानें फेक फेयर स्क्रीन स्कैम क्या है?

*क्या* आप भी कहीं जाने के लिए कैब बुक करते हैं। तो बता दें, आपको कैब ड्राइवर वसूल रहे दुगुना किराया है। उबर कंपनी ने किया सावधान। आखिर क्या है फेक स्क्रीन स्कैम, इससे कैसे बचा जाएं। नकली स्क्रीन एक डुप्लीकेट स्क्रीन होती है जो सवारियों से अतिरिक्त किराया वसूलने के उद्देश्य से बनाई गई वास्तविक उबर ऐप के समान दिखती है। कई सालों में भारत में ऑनलाइन कैब बुकिंग ऐप्स तेजी से लोकप्रिय हो गए है। आज भारत के कई शहरों में ऑनलाइन कैब बुकिंग उपलब्ध है। इन ऐप्स की मदद से कहीं भी आसानी से कैब बुकिंग करवाई जा सकती है। फिलहाल इन कैब बुकिंग ऐप्स के जरिए ग्राहकों के साथ ठगी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। बता दें, कुछ दिन पहले दिल्ली में कैब सर्विस कंपनी उबर के ड्राइवर द्वारा फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर ग्राहक से दोगुना किराया वसूल रहे है। इस तरह की शिकायत बेंगलुरु से भी मिलीं। कैब ड्राइवर्स द्वारा किया जा रहा एक स्कैम है।

उबर कंपनी ने इस स्कैम को लेकर यात्रियों को सावधान किया है। उबर ने कहा है कि यह फेक फेयर स्क्रीन स्कैम है, जिसे दिखाकर उबर ड्राइवर आपसे ज्यादा किराया वसूल सकता है। इससे सावधान होने की जरुरत है।

**क्या है फेयर स्क्रीन स्कैम?**

नकली स्क्रीन एक डुप्लीकेट स्क्रीन होती है जो सवारियों से अतिरिक्त किराया वसूलने के उद्देश्य से बनाई गई वास्तविक उबर ऐप के समान दिखती है।

**फेक फेयर स्क्रीन स्कैम से बचने की तरीका**

- कैब बुकिंग के दौरान ऐप में दिखाया गया किराया जरुर चेक करें।
- राइड शुरू होने से पहले ड्राइवर से किराए की राशि की जरुर पूछें।
- अपने फोन ऐप में चेक करें कि दोनों जगह दिख रहा किराया एक है या नहीं। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# स्वाति ने बताई आपबीती, कहा- मारा, घसीटा और अपशब्द कहे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल के मामले में पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। एफआईआर में स्वाति ने आपबीती बतायी है। उनका कहना है कि उन्हें थप्पड़ मारे गए, घसीटा गया और पेट और निचले हिस्से में मारा गया। साथ ही उन्हें कहा गया, तू हमारी बात कैसे नहीं मानेगी, ... तेरी



औकात क्या है।

दिल्ली पुलिस की एफआईआर में स्वाति मालीवाल ने कहा कि वे 13 मई को सुबह नौ बजे मुख्यमंत्री आवास पर उनसे मिलने गई थीं। यहां मुख्यमंत्री के पीए बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की। वे उनपर चिल्लाए और कहा, तू हमारी बात कैसे नहीं मानेगी? .... तेरी औकात क्या है कि हमको न कर दे। समझती क्या है खुद को, नीच औरत। तूझे तो हम सबक सिखायेंगे। मालीवाल ने कहा कि पहले उन्हें थप्पड़ मारे गए । इसके बाद बार-बार छाती, पेट और निचले हिस्से में मारा गया। बिभव ने उन्हें कहा, कर ले तुझे जो करना है। तू हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। तेरी हड्डी पसली तुड़वा देंगे और ऐसी जगह गाड़ेंगे किसी को पता भी नहीं चलेगा। उन्होंने बार-बार कहा कि उनके पीरियड चल रहे हैं। मारपीट के बाद वे सौफे पर बैठ गईं और पुलिस को कॉल की। इसी बीच बिभव गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को ले आया।

### जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, एक दिन सच्चाई सामने आएगी : मालीवाल

स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में हुई मारपीट के मामले में एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह सौफे पर बैठी हैं और पुलिस बुलाने की बात कर रही हैं। वीडियो पर सवाल खड़े करते हुए स्वाति मालीवाल ने इसे 'राजनीतिक हिटमैन' की खुद को बचाने की कोशिश बताया है। उन्होंने कहा, जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है। एक ना एक दिन सब की सच्चाई दुनिया के सामने आएगी। हालांकि स्वाति के सोशल मीडिया पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं है कि वे किसे 'राजनीतिक हिटमैन' कह रही हैं। वीडियो मुख्यमंत्री आवास में उस दिन का है। इसमें सुरक्षा कर्मी स्वाति मालीवाल को बाहर जाने को कह रहे हैं। दूसरी ओर वह कह रही हैं कि उन्होंने 112 नंबर कॉल की है। वह पुलिस को बुला रही हैं। वीडियो कमरे के दरवाजे पर खड़े किसी व्यक्ति ने बनाया है।

# एसिड अटैक सरवाइवर्स की याचिका पर केंद्र को नोटिस

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने एसिड अटैक सरवाइवर्स को डिजिटल केवाईसी नहीं मिलने पर केन्द्र सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। सर्वोच्च न्यायालय में एसिड अटैक सरवाइवर्स ने डिजिटल केवाईसी की मांग को लेकर एक याचिका दायर की थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने खुद इस मामले की सुनवाई की और कहा कि यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से एक समावेशी डिजिटल केवाईसी प्रक्रिया लाने के लिए दिशा निर्देश देने की मांग की है।न्यायालय ने कहा कि इस दिशा निर्देश में एसिड अटैक सरवाइवर्स और आंख गंवाने वाले व्यक्तियों को भी शामिल किया जाए। वहीं मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होगी। 9 एसिड अटैक सरवाइवर्स ने याचिका दायर की और कहा कि अगर वह इस हमले में किसी भी तरह से बच भी गए तो उनका जीवन खत्म नहीं हो जाता है। उन्हें कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एसिड अटैक सरवाइवर्स ने कहा कि बैंक अकाउंट खोलने से लेकर सिम कार्ड खरीदने तक उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में केंद्र सरकार केवाईसी के लिए एक अलग से दिशा निर्देश दे।याचिका दायर करते हुए एक एसिड अटैक सरवाइवर रेशमा खातून ने मीडिया से बात करते हुए बताया था कि रोजमर्रा की जिंदगी में उन्हें सिम कार्ड लेने से लेकर बैंक अकाउंट खुलवाने बैंकिंग कार्यों को करने और आधार कार्ड बनवाने में तमाम तरह की की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा था कि ऐसे में उन्हें पति भाई या किसी परिजन के नाम पर सिम लेने या अकाउंट खुलवाने के लिए कहा जाता है। उन्होंने ने बताया था कि आधार बनवाने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, और जब उनका आधार ही नहीं बन पाएगा, तो ऐसे में उनकी पहचान कैसे हो पाएगी। पीड़ितों ने न्याय के लिए सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी।



इनकी डिजिटल केवाईसी नहीं बन रही

# विश्व कल्याण के लिए हम भारत को बनाना चाहते हैं महाशक्ति : राजनाथ

**एजेंसी। बलिया**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि हम भारत को महाशक्ति बनाना चाहते हैं। किसी पर आक्रमण के लिए नहीं, बल्कि विश्व के कल्याण के लिए। उन्होंने कहा कि 21 हजार करोड़ का निर्यात करके आया हूं। चार हजार करोड़ की ब्रह्मोस मिसाइल भी भारत ने निर्यात किया है। आगे पांच सालों में भारत करिश्मा करेगा। हम आंख नहीं दिखाते। यदि किसी ने आंख दिखाई तो हम मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं। रक्षामंत्री सिंह सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रवींद्र कुशवाहा के समर्थन में सिकंदरपुर स्थित गांधी इंटर कालेज के मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा समाप्त पार्टी है। 2015 में ही साइकिल की चेन उतर गई थी। 2017, 2019 और 2022 में भी चेन नहीं चढ़ी। जिस साइकिल पर चेन ही नही हो वह आगे कैसे बढ़ेगी। जैसे विश्व की धरती से डायनासोर लुप्त हो गए, वैसे ही कांग्रेस भी लुप्त हो जाएगी। उन्होंने देवरहा बाबा को नमन करते हुए कहा कि आजाद भारत में हर नागरिक राजनीतिक रूप से समझदार हो गया है। चार चरणों में दुनिया ने मान लिया है कि भाजपा चार सौ से अधिक सीटें जीतकर सरकार बना रही है। उन्होंने कहा कि देश में नेताओं ने इतने वादे किए हैं कि जनता का विश्वास कम हो गया है। इस विश्वास के संकट को यदि चुनौती के रूप में किसी दल ने स्वीकार किया है तो वह भाजपा है। उन्होंने अनुच्छेद 370, तीन तलाक और राममंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बनाने के बाद हमने जो भी कहा था, वह अक्षरशः पूरा किया। सपा कांग्रेस वाले राममंदिर की तारीख पूछते थे। हमने भव्य मंदिर बनाया। भारत में रामराज्य का आगाज होकर रहेगा। जिस समय लोगों के अंदर दायित्वबोध पैदा होगा, उसी दिन रामराज्य आ जाएगा।

रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि चीन के मामले पर कांग्रेस गुमराह कर रही है। चीन से बराबरी की बात चल रही है। पीओके हमारा था, है और रहेगा। अब तो पीओके के लोग मांग कर रहे हैं कि हम भारत के साथ रहना चाहते हैं। इसका श्रेय पीएम मोदी को जाता है।

उन्होंने कहा कि भारत का मस्तक ऊंचा करने के लिए सहयोग चाहिए। हमने फैसला किया है कि देश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होने चाहिए। क्या यह तानाशाही है। विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के लोग आपस में लड़ रहे हैं।

### सीएए कानून किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा



*उन्होंने* कहा कि नागरिकता का कानून लाया गया तो हाय-तौबा मचाई गई। सीएए कानून किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा। जिन लोगों ने इमरजेंसी लगाई वे लोग कहते हैं कि 400 सीटें आईं तो भाजपा लोकतंत्र का गला घोंट देगी। उन्होंने कहा कि कोई माई का लाल लोकतंत्र का गला नहीं घोंट सकता। मोदी ने दस सालों में एक भी सरकार भंग नहीं की।

## यूपी रोडवेज की बस और ट्रक में टक्कर 5 महिलाओं की मौत

**भरतपुर।** जयपुर-आगरा हाईवे पर भरतपुर के हलैना के पास शुक्रवार को दोपहर में जयपुर जा रही यूपी रोडवेज की बस आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस भीषण सड़क हादसे में पांच महिलाओं की मौत हो गई। 12 यात्री घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश परिवहन के अलीगढ़ डिपो की बस अलीगढ़ से जयपुर जा रही थी। हाईवे पर जयपुर की तरफ जा रहा लकड़ियों से भरा ट्रक आगे चल रहा था। ट्रक की स्पीड कम थी। बस की स्पीड तेज थी। बस ड्राइवर ने ओवरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान सामने से दूसरा ट्रक आया तो बस ड्राइवर ने ब्रेक लगाने की जगह साइड में चल रहे ट्रक में बस घुसा दी। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस के ड्राइवर और कंडक्टर घायल हैं। इसी बीच ट्रक ड्राइवर फरार हो गया।

## पटना के निजी स्कूल से मिला चार साल के छात्र का शव

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के दीघा थाना क्षेत्र में एक स्कूल में छात्र का शव मिलने के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने सड़क जाम कर हंगामा किया और स्कूल में भी आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, चार साल का आयुष गुरुवार को स्कूल गया था, लेकिन घर नहीं लौटा। परिजनों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन दिन भर बच्चे के घर जाने की बात बताता रहा। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज में बच्चा एक बार दिखाई दिया है, उसके बाद वह क्लास से गायब हो गया था। काफी खोजबीन के बाद रात में करीब ढाई बजे बच्चे का शव स्कूल के गटर से बरामद किया गया। शव मिलने के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया और स्कूल भवन में आग लगा दी।

**संदेशखाली स्टिंग वीडियो**

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने गिरफ्तार भाजपा नेता को रिहा करने का दिया आदेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार को झटका देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को संदेशखाली की महिला भाजपा नेता मम्पी दास को रिहा करने का आदेश दिया। एक स्थानीय भाजपा नेता के स्टिंग ऑपरेशन का वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था जिसमें कहा गया था कि महिलाओं के विरोध-प्रदर्शन की पटकथा भाजपा ने रची थी और उसी ने उसे कार्यान्वित किया तथा इसमें दास की महत्वपूर्ण भूमिका थी। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल पीठ ने गिरफ्तारी के लिए अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाते हुए पूछा कि पुलिस की कार्रवाई के पीछे किसका हाथ है। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने दास को निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया और उनके खिलाफ लगाई गई आईपीसी की धारा 195ए (गलत साक्ष्य देने की धमकी के लिए सजा) पर रोक लगा दी।

## आज का राशिफल

**मेष** — शुभांक 3-5-7

जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**वृषभ** — शुभांक 5-6-9

कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**मिथुन** — शुभांक 2-5-7

अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**कर्क** — शुभांक 5-6-7

संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**सिंह** — शुभांक 4-6-7

स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**कन्या** — शुभांक 6-8-9

कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें।

**तुला** — शुभांक 6-7-8

प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक

**वृश्चिक** — शुभांक 5-6-8

स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं।

**धनु** — शुभांक 5-6-7

नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**मकर** — शुभांक 5-8-9

एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुम्भ** — शुभांक 3-7-9


सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**मीन** — शुभांक 1-6-9

धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन हैं। ह्यह्नआगे-आगे गौरख जागेह्नह्न वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**चारधाम यात्रा**

## केदारनाथ धाम मार्ग पर बिना रजिस्ट्रेशन वाले यात्री वाहनों की एंट्री बंद



**केदारनाथ/देहरादून।** चारधाम यात्रा के तहत केदारनाथ धाम तक बिना पंजीयन के आने वाले वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। सीतापुर और सोनप्रयाग स्थित पार्किंगों में सीमित स्थान होने के कारण स्थानीय प्रशासन केवल निर्धारित तिथि का पंजीकरण होने पर ही वाहनों को प्रवेश दे रही है। रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने शुक्रवार को चौकी जवाड़ी पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम सहित यात्रा पड़ावों पर रुकने वालों की एक निश्चित क्षमता है।

## ईडी की 8वीं चार्जशीट में आप, सीएम अरविंद केजरीवाल का नाम

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुक्रवार को अपनी आठवीं चार्जशीट दायर की। ईडी ने इसमें आप और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल को आरोपी बनाया है। गुरुवार को ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि आप और उसके राष्ट्रीय संयोजक के खिलाफ अभियोजन शिकायत पाइपलाइन में है और जल्द ही विशेष अदालत के समक्ष दायर की जाएगी। एएसजी राजू ने यह दलील तब दी जब केजरीवाल की अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर बहस हो रही थी।

# भारत-मंगोलिया की बैठक में द्विपक्षीय रक्षा संबंध मजबूत करने पर हुई चर्चा

- *दोनों देशों के बीच चल रहे रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया गया*

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालयों के बीच 12वीं संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) बैठक 16-17 मई को उलानबटार में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव ब्रिगेडियर जनरल गंखुयाग दावगदोरज ने की। बैठक में मंगोलिया में भारत के राजदूत अतुल मल्हारी गोत्सुर्वे भी शामिल हुए।





जेडब्ल्यूजी की बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच चल रहे रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पहलों पर प्रगति की समीक्षा करते हुए इन क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। संयुक्त सचिव ने भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता और योग्यता पर प्रकाश डाला और मंगोलिया के सशस्त्र बलों के साथ एक उपयोगी साझेदारी की आशा व्यक्त की।

## अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया में भारतवंशियों के अधिक प्रतिनिधित्व की जरूरत : कमला

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका में निर्वाचित पदों पर भारतवंशियों को अधिक प्रतिनिधत्व मिलना चाहिए। यह मांग करते हुए अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या उनकी बढ़ती आबादी को नहीं दशार्ती है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा भारतवंशियों को राजनीति में सक्रिय होना चाहिए। कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी के थिंक टैंक इंडियन अमेरिकन इंपैक्ट के वार्षिक सम्मेलन में यह बात कही। यह संगठन देश भर में निर्वाचित पदों के लिए चुनाव में उतरने वाले भारतीय अमेरिकियों को समर्थन और धन मुहैया कराता है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारतवंशियों से खचाखच भरे कक्ष में कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक चुनाव प्रक्रिया में शामिल हुए। लेकिन फिर भी यह संख्या उनकी बढ़ती जनसंख्या के सही अनुपात को नहीं दशार्ती। वर्तमान में अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के पांच निर्वाचित सदस्य हैं, जिसमें डा. अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं।



**कोविड टीके पर सवाल**

## बीएचयू के शोधकर्ताओं ने किए चौंकाने वाले खुलासे

# कोवैक्सिन लेने वाले 30%लोगों को स्वास्थ्य समस्याएं

- *कोमोरबिडीटी वाले वयस्कों में वैक्सीनेशन के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की आशंका दो गुना से अधिक दिखी*
- *कोवैक्सिन की दो खुराक लेने वाले वयस्कों की तुलना में तीन खुराक लेने वालों में जोखिम चार गुना अधिक*

**आरपी सिंह। वाराणसी**

एस्ट्राजेनेका की कोविड वैक्सीन (भारत में कोविशील्ड) के दुष्प्रभाव को लंदन की एक अदालत में स्वीकार करने के बाद अब भारत में बचाव करते हुए कह रही है कि वैक्सीन के कारण होने वाले दुष्प्रभाव काफी दुर्लभ हैं, 10 लाख में से 8-10 लोगों में इसका जोखिम हो सकता है। लेकिन इसी कोविशील्ड को लेकर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) द्वारा जारी हालिया अध्ययन में शोधकताओं ने बताया है कि सिर्फ कोविशील्ड ही नहीं अन्य टीकों के कारण भी लोगों में कई प्रकार के दुष्प्रभाव देखे जा रहे हैं। शोध में अध्ययनकर्ताओं ने बताया है कि कोवाक्सिन लेने वाले भी करीब 30 फीसदी लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

बीएचयू में शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा एक साल के अनुवर्ती अध्ययन के अनुसार, भारत बायोटेक की वैक्सीन कोवाक्सिन प्राप्त करने वाले लगभग एक-तिहाई लोगों एक साल बाद तक कई दुष्प्रभावों की शिकायत की है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या कोविड के टीके वास्तव में सुरक्षित नहीं हैं? जिन लोगों ने वैक्सीन ले ली है उन्हें अब किस प्रकार की सावधानियां बरतनी चाहिए? 926 प्रतिभागियों पर किए गए अध्ययन में लगभग 50 प्रतिशत ने शोध की अवधि के दौरान भी संक्रमण की शिकायत की। कई लोगों में ऊपरी श्वसन पथ के संक्रमण देखे गए। इतना ही नहीं कोवाक्सिन ले चुके लगभग एक फीसदी लोगों में इसके गंभीर साइड-इफेक्ट्स भी देखे गए जिसके कारण लोगों ने स्ट्रोक और गुइलेन-बैरी सिंड्रोम जैसी समस्याओं की भी शिकायत की।

जनवरी 2022 से अगस्त 2023 तक किए गए अध्ययन में 635 किशोरों और 291 वयस्कों को शामिल किया गया था। शोधकर्ताओं ने बताया कि कोवाक्सिन ले चुके लोगों में तीन प्रकार के गंभीर लक्षण रिपोर्ट किए गए हैं। 10.5 प्रतिशत लोगों में त्वचा से संबंधित समस्या, 10.2 प्रतिशत में सामान्य विकार और 4.7 प्रतिशत में तंत्रिका से संबंधित समस्याएं देखी गईं। 4.6 प्रतिशत महिला प्रतिभागियों में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं भी देखी गईं। 2.7 प्रतिशत व 0.6 प्रतिशत प्रतिभागियों में नेत्र संबंधी असामान्यताएं और हाइपोथायरायडिज्म के मामले रिपोर्ट किए गए हैं।

### टीकाकरण करा चुके चार लोगों की मौत





अध्ययन के मुताबिक कोवाक्सिन ले चुके चार वयस्कों की मृत्यु (तीन महिला व्यक्ति, एक पुरुष व्यक्ति) भी हुई। ये चारों डायबिटीज के शिकार थे, और तीन में हाई ब्लड प्रेशर की भी दिक्कत थी। चार में से दो मौतें स्ट्रोक के कारण हुईं, जबकि एक मृत्यु पोस्ट-कोविड-19 राइनो सेरेब्रल म्यूकोर्मिकोसिस के कारण रिपोर्ट की गई। म्यूकोर्मिकोसिस को गंभीर फंगल संक्रमण माना जाता है, रिपोर्ट के मुताबिक ये कथित तौर पर टीकाकरण के बाद फैल गया था। शोधकर्ताओं के अनुसार कोवाक्सिन के कारण होने वाली गंभीर समस्याओं को समझने के लिए विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता है। अध्ययन में कहा गया है कि कोमोरबिडिटी वाले वयस्कों में वैक्सीनेशन के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की आशंका दो गुना से अधिक देखी गई है।

## पर्यटन के विकास से चीन में आर्थिक विकास की निहित शक्ति दिखती है



**बीजिंग।** हर साल 19 मई को चीन का पर्यटन दिवस है। इस साल 14वां पर्यटन दिवस 1 से 31 मई तक मनाया जा रहा है, जिसका विषय है पूरे चीन में घूमें और सूखी जीवन का आनंद लें। पर्यटन दिवस के दौरान विभिन्न पर्यटन स्थल यात्रियों को लाभ पहुंचाने वाले तरह-तरह कदम उठाते हैं, ताकि पर्यटन में भाग लेने के लिए अधिक नागरिकों को आकर्षित किया जा सके। दस से अधिक सालों के विकास के बाद यह देशव्यापी दिवस व्यापक यात्रियों में लोकप्रिय होने लगे हैं। आंकड़ों के अनुसार इस साल के मई दिवस की छुट्टियों के दौरान चीन में 29 करोड़ 50 लाख लोगों ने यात्रा की, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है।







# फीफा महिला विश्व कप २०२७ का मेजबान होगा ब्राजील




**नई दिल्ली।** ब्राजील फीफा महिला विश्व कप का 2027 का मेजबान होगा। यह इस टूर्नामेंट का 10वां संस्करण होगा। शुक्रवार को थाईलैंड में आयोजित 74वीं फीफा कांग्रेस में उक्त घोषणा की गई। ब्राजील ने 1950 और 2014 में पुरुष फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी की थी। अब महिलाओं का समय है। यह दक्षिण अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला महिला विश्व कप होगा।

ब्राजील ने नीदरलैंड, बेल्जियम और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए मेजबानी का अधिकार हासिल किया। अप्रैल में, संयुक्त राज्य अमेरिका और मेक्सिको ने अपनी बोली यह कहते हुए कि वापस ले ली कि उन्होंने इसके बजाय 2031 के लिए अपनी बोली पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई है। नवंबर में दक्षिण अफ्रीका ने भी ऐसा ही किया था। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, स्वीडन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, कनाडा और फ्रांस ने भी पहले प्रतियोगिता की मेजबानी की है। 1991 में अपनी शुरूआत के बाद से, फीफा महिला विश्व कप का कद और लोकप्रियता बढ़ी है। उद्घाटन टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमों के साथ, प्रतियोगिता का विस्तार होकर इसमें 32 टीमें शामिल हो गई हैं।

**शुक्रवार को महिला वर्ग में खेले गए दो मैच**

## सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और हॉकी गुमला की टीम ने हासिल की जीत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हॉकी झारखंड के सहयोग से हॉकी रांची द्वारा दिनांक 20 अप्रैल 2024 से 02 जून तक आयोजित प्रथम हॉकी रांची लीग महिला एवं पुरूष 2024 में आज चौदहवें दिन महिला वर्ग के 02 मैच खेले गए। पहले मैच में हॉकी गुमला ने साई रांची को 02- 01 से तथा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरियातू ने न्यू राइजिंग स्टार हुलहुन्दू को 03- 00 गोल से पराजित कर पूरे अंक हासिल किया। साई रांची की ओर से 11वें मिनट में प्रियंका डांग ने गोल कर अपने टीम को बढ़त दिलाई एवं हॉकी गुमला की ओर से 13वें मिनट में पूनम बारला ने गोल कर अपने टीम को बराबरी की तथा 29वें मिनट में दीपिका होरो ने गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरियातू की ओर से 4थे 33वें एवं 57वें मिनट में रोशनी आइन्द ने गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई। आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के माइकल लाल, जयन्त केरकेट्टा, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, नोमिता टोप्पो, नीतू कुमारी, प्रमोद केरकेट्टा, डेनिस केरकेट्टा, अभिषेक साहू इत्यादि उपस्थित थे।

# आखिरी प्लेऑफ स्थान के लिए CSK VS RCS

**एजेंसी। बेंगलुरू**

लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल प्लेऑफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी। इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका भी है। हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं।

आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं। छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है। आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ चुके हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी से अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। मध्यक्रम में रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन अच्छा खेल रहे हैं। महिपाल लोमरोर और दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच का फायदा उठाना चाहेंगे। आरसीबी के गेंदबाजों में यश दयाल ने इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। लॉकी फर्ग्यूसन, मोहम्मद सिराज, ग्रीन और स्वप्निल सिंह के सामने कड़ी चुनौती है। चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद है। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने भी उपयोगी पारियां खेली है। पिछली चार पारियों में नाकाम रहे शिवम दुबे से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम को मुस्ताफिजूर रहमान, मथीषा पथिराना और दीपक चाहर की कमी खल रही है। महेंद्र सिंह धोनी की मौजूदगी चेन्नई के लिए प्रेरणास्त्रोत है लेकिन देखना होगा कि वह चोट के बीच कितना योगदान दे पाते हैं।



**चेन्नई सुपर किंग्स :** राचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, समीर रिजवी, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेट कीपर), मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, सिमरजीत सिंह

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, दिनेश कार्तिक (विकेट कीपर), महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, यश दयाल, मोहम्मद सिराज, स्वप्निल सिंह

**टी20 विश्व कप 2024**

# 27 से 1 जून तक खेले जाएंगे अभ्यास मैच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए आधिकारिक अभ्यास मैचों के कार्यक्रम की घोषणा गुरुवार देर रात कर दी है। मैच सोमवार 27 मई से शनिवार 1 जून तक पूरे अमेरिका में और वेस्ट इंडीज में त्रिनिदाद और टोबैगो में दो स्थानों पर खेले जाने हैं। 16 अभ्यास मैचों की मेजबानी के स्थान ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी टेक्सास, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा और त्रिनिदाद और टोबैगो में क्वींस पार्क ओवल व ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी हैं। अभ्यास मैच 2-20 ओवर के खेले जाएंगे और इन्हें अंतरराष्ट्रीय टी20 दर्जा नहीं होगा क्योंकि टीमों को अपने 15-खिलाड़ियों वाले दल के सभी सदस्यों को मैदान में उतारने की अनुमति होगी। टीमों के पास अब आयोजन में आगमन के समय के आधार पर दो अभ्यास मैच खेलने का विकल्प होगा।

## अभ्यास मैचों के कार्यक्रम इस प्रकार हैं

**सोमवार 27 मई-**
कनाडा बनाम नेपाल, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास ओमान बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, नामीबिया बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो

**मंगलवार 28 मई**
श्रीलंका बनाम नीदरलैंड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा बांग्लादेश बनाम यूएसए, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो

**बुधवार 29 मई**
दक्षिण अफ़्रीका इंट्रा-स्क्वाड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ़्लोरिडा अफगानिस्तान बनाम ओमान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो

**गुरुवार 30 मई**
नेपाल बनाम यूएसए, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास स्कॉटलैंड बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो नीदरलैंड बनाम कनाडा, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास नामीबिया बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, वेस्ट इंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो

**शुक्रवार 31 मई**
आयरलैंड बनाम श्रीलंका, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा स्कॉटलैंड बनाम अफगानिस्तान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो

**शनिवार 1 जून**
बांग्लादेश बनाम भारत, स्थान टीबीसी यूएसए

## तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी थाईलैंड ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**बैंकॉक।** भारतीय महिला युगल जोड़ी तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा गुरुवार को थाईलैंड ओपन 2024 बैडमिंटन टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं है। तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा ने चीनी ताइपे की हंग एन-त्जु और लिन यू-पेई को 21-19, 21-17 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को शुरूआती दौर में बाई मिली थी। वहीं, रूतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा महिला युगल के दूसरे दौर में जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त रिन इवानागा और की नाकानिशी के हाथों 21-16, 21-13 से हारकर बाहर हो गईं।

## रांची जिला बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर कल से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय रांची जिला बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में आगामी 19 मई को प्रातः सात बजे होगा। प्रशिक्षण शिविर में रांची जिले के किसी भी कोटि के विद्यालय, महाविद्यालय, क्लब एवं ग्रामीण क्षेत्रों के इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इस प्रशिक्षण शिविर के आधार पर सभी आयु वर्गों में बीस-बीस सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला टीम की घोषणा की जाएगी। यह प्रशिक्षण शिविर के मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, सहायक प्रशिक्षक वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी संजय कुमार, निखिल कुमार की देखरेख में सुबह साढ़े पांच बजे से सुबह आठ बजे तक प्रतिदिन चलेगा। यह जानकारी रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।



## आयरलैंड के खिलाड़ियों को वेतन वृद्धि के साथ मिलेगा संशोधित केंद्रीय अनुबंध

**एजेंसी। डबलिन**

क्रिकेट आयरलैंड (सीआई) और आयरिश क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) के बीच एक समझौते के बाद आयरलैंड के खिलाड़ियों को वेतन वृद्धि के साथ संशोधित केंद्रीय अनुबंध भी मिलेगा। खिलाड़ी जून में आगामी टी20 विश्व कप में अनुबंध पर खेलने जा रहे थे जो इस साल फरवरी में समाप्त हो गया था। गुरुवार शाम को सीआई और आईसीए ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि खिलाड़ी अनुबंध की शर्तों पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं और दोनों पक्ष समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने पर काम कर रहे हैं। सीआई और आईसीए ने एक संयुक्त बयान में कहा, यह समझौता क्रिकेट आयरलैंड और अनुबंधित खिलाड़ियों के बीच समग्र संबंधों को सुरक्षित करेगा और दुनिया भर के अन्य फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन से जुड़े देशों में मौजूद सर्वोत्तम अभ्यास संबंधों को प्रतिबिंबित करेगा। अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची अभी घोषित नहीं की गई है लेकिन बयान में पुष्टि की गई है कि संशोधित अनुबंध सूची शीघ्र ही जारी किए जाएंगे और फरवरी 2025 के अंत तक लागू होंगे। सीआई के मुख्य कार्यकारी, वॉरेन ड्यूट्रोम ने बयान में पुष्टि की कि खिलाड़ियों के वेतन में भी वृद्धि की गई है।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए यूरोप रवाना हुई भारतीय महिला टीम



**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ब्रुसेल्स के लिए रवाना हुई। लीग का यह चरण बेल्जियम और इंग्लैंड में शुरू होगा, जिसमें एंटवर्प 22 मई से 26 मई तक मैचों की मेजबानी करेगा और लंदन 1 से 9 जून तक मैचों की मेजबानी करेगा। इस चरण के दौरान भारत का सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी से दो-दो बार होगा। वर्तमान में, टीम आठ मैचों में आठ अंक अर्जित करके एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 अंक तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा टेटे भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि मिडफील्डर नवनीत कौर उनकी डिप्टी होंगी। सलीमा टेटे ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए रवाना होने से पहले कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान के रूप में, एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण में हमारी प्रतिभाशाली टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया श्रृंखला ने हमें मूल्यवान सबक सिखाया है, और हम उन्हें लागू करने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि हम यूरोप में मजबूत विरोधियों का सामना कर रहे हैं।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# एक लाख रुपये के डाउनपेमेंट में खरीद सकते हैं टाटा नेक्सॉन

**नई दिल्ली। कार फाइनेंस की बंपर चलन के बीच आप भी अगर इन दिनों अपने लिए कोई नई एसयूवी लोन लेकर खरीदने की सोच रहे हैं तो यह काफी आसान है। अब बात जब एसयूवी सेगमेंट की हुई तो टाटा मोटर्स की पॉपुलर कॉम्पैक्ट एसयूवी नेक्सॉन भी अच्छा विकल्प है और आप महज एक लाख रुपये डाउन पेमेंट के बाद इसके स्मार्ट और स्मार्ट प्लस मैनुअल पेट्रोल वेरिएंट्स को फाइनेंस करा सकते हैं और अपने घर ले जा सकते हैं। इसके बाद आपको कितना कार लोन लेना होगा और और किस ब्याज दर से कितने महीनों के लिए कितनी ईएमआई देनी होगी, आज हम आपको सारी जानकारी देने वाले हैं।**

**पहले कीमत और खासियत देख**

टाटा नेक्सॉन के पेट्रोल मैनुअल ऑप्शन में स्मार्ट और स्मार्ट प्लस वेरिएंट की एक्स शोरूम प्राइस क्रमशः 8.15 लाख रुपये और 9.20 लाख रुपये है। इन दोनों वेरिएंट में 1199 सीसी का पेट्रोल इंजन लगा है, जो कि 118.27 बीएचपी की पावर जेनरेट करता है। इनकी माइलेज 17.44 'स्त्र' की है। इस 5 सीटर एसयूवी में आपको मल्टी फंक्शनल स्टीयरिंग व्हील, टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम समेत काफी सारे और भी स्टैंडर्ड और सेफ्टी फीचर्स मिल जाते हैं, जो कि इनकी प्राइस रेंज के अनुसार ठीक हैं। अब आपको नेक्सॉन के इन दोनों वेरिएंट की फाइनेंस डिटेल बताते हैं।



**टाटा नेक्सॉन स्मार्ट पेट्रोल मैनुअल वेरिएंट लोन डाउन पेमेंट ईएमआई डिटेल्स**

टाटा नेक्सॉन के पेट्रोल मैनुअल ऑप्शन में दूसरे सबसे सस्ते वेरिएंट नेक्सॉन स्मार्ट की ऑन-रोड प्राइस 9.15 लाख रुपये है। आप अगर इस एसयूवी को एक लाख रुपये डाउनपेमेंट के साथ फाइनेंस कराते हैं तो फिर आपको 8.15 लाख रुपये लोन मिलेगा। कार लोन अगर 5 साल के लिए कराते हैं और ब्याज दर 9 फीसदी है तो फिर अगले 5 साल तक के लिए आपको हर महीने करीब 17 हजार रुपये ईएमआई के रूप में चुकाने होंगे। नेक्सॉन के इस वेरिएंट को ऊपरी शर्तों के अनुसार फाइनेंस कराने पर आपको 2 लाख रुपये ब्याज लग जाएंगे।

टाटा नेक्सॉन स्मार्ट प्लस पेट्रोल मैनुअल वेरिएंट लोन डाउन पेमेंट ईएमआई डिटेल्स

टाटा नेक्सॉन के तीसरे सबसे सस्ते वेरिएंट नेक्सॉन स्मार्ट प्लस की ऑन-रोड प्राइस 10.31 लाख रुपये है। आप अगर इस वेरिएंट को एक लाख रुपये डाउनपेमेंट कर फाइनेंस कराते हैं तो फिर 9.31 लाख रुपये लोन लेना होगा। लोन अगर 5 साल के लिए 9 पर्सेंट ब्याज दर के हिसाब से कराते हैं तो फिर अगले 60 महीनों तक के लिए 19,326 हजार रुपये मासिक किस्त के रूप में चुकाने होंगे। नेक्सॉन स्मार्ट प्लस मैनुअल पेट्रोल वेरिएंट को ऊपरी शर्तों के साथ फाइनेंस कराने पर करीब 2.29 लाख रुपये ब्याज लग जाएंगे। टाटा नेक्सॉन के इन दोनों वेरिएंट में से कोई भी फाइनेंस कराने से पहले आप नजदीकी टाटा मोटर्स डीलरशिप पर जानकर लोन, ईएमआई समेत सारी डिटेल्स जरूर चेक कर लें।

# भारत को विनिर्माण क्षेत्र में और तेजी लाने की जरूरत : निर्मला सीतारमण

- **भारतीय उद्योग परिसंघ हमेशा अपने और देश के सामने सरकार के साथ मिलकर काम करने का दृष्टिकोण रखा है**




**एजेंसी। नई दिल्ली**


केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतामरण ने शुक्रवार को कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण में हिस्सेदारी बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है।

वित्त मंत्री ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक बिजनेस समिट 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने सीआईआई व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग जगत के प्रमुखों को संबोधित करते हुए उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की जरूरत को भी रेखांकित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देकर भारत न केवल घरेलू मांग को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा कर सकता है बल्कि आयात पर निर्भरता भी कम कर सकता है। इस तरह आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि सीआईआई द्वारा दिए गए सुझावों को जुलाई के बजट में एकीकृत किया जाएगा।

# जेईई एडवांस का एडमिट कार्ड हुआ जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने आज, 17 मई को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2024 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने जेईई एडवांस्ड 2024 परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है, वे मुख्य साइट से अपने हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं।jeeadv.ac.if.जेईई एडवांस्ड एडमिट कार्ड सुबह 10 बजे जारी किया गया और इसके लिए एक सीधा लिंक उम्मीदवारों की पंजीकृत ईमेल आईडी पर ईमेल द्वारा भेजा गया।यह बहुप्रतीक्षित परीक्षा देश भर के आईआईटी और अन्य शीर्ष संस्थानों में प्रमुख इंजीनियरिंग डिग्री के लिए एक कदम के रूप में कार्य करती है। जिन लोगों ने परीक्षा की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत की है, उनके लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड करना एक महत्वपूर्ण कदम है। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, जेईई एडवांस्ड परीक्षा 26 मई को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जेईई एडवांस्ड पेपर 1 सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा और एडवांस्ड पेपर 2 दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## डॉल्बी एटमॉस साउंडबार भारत में हुई लॉन्च

**नई दिल्ली।** नए साउंडबार को आज भारत में लॉन्च कर दिया गया है। यह साउंडबार डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट के साथ आते हैं। गोवो की ओर से गोवो गो सराउंड 975 और 940 साउंडबार को लॉन्च किया गया है। यह पहला मेड इन इंडिया डॉल्बी एटमॉस साउंडबार हैं। गोवो गो सराउंड 975 और 940 को गुड़गांव के मानेसर फेसिलिटी में बनाया गया है।

**गोवो साउंडबार की डिजाइन और चिपसेट**



गोवो गो सराउंड 975 और 940 को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी और डिजाइन के साथ बाजार में उतारा गया है, जिससे लोग घर पर अपने एंटरटेनमेंट का लुत्फ उठा पाएं। इन साउंडबार में एक शक्तिशाली चिपसेट है, जिससे डॉल्बी एटमॉस के डीप साउंड का लुत्फ उठाया जा सकता है। इसमें एडवांस्ड डीएसपी सिग्नल प्रोसेसिंग और 2.1.2 कॉन्फिगरेशन दिया गया है। साउंडबार बेहतर ऑडियो क्वालिटी के साथ आते हैं।

**गोवो साउंड आउटपुट कितना है?**

साउंडबार में 400-वाट आउटपुट मिलता है। इसमें मेगा बास दिया गया है। इसमें यूनिवर्सल एचडीएमआई, ब्लूटूथ 5.3, ऑक्स और यूएसबी कम्पेटिबिलिटी ऑप्शन दिए गए हैं। नए साउंडबार में म्यूजिक, फिल्म और न्यूज का शानदार एक्सपीरिएंस मिलता है।

**गोवो साउंडबार कीमत और खरीदारी**

गोवो साउंडबार लॉन्च में डॉल्बी और चैनलप्ले ने नई दिल्ली में एक खास कार्यक्रम रखा, जिसमें ग्रैमी पुरस्कार विजेता कलाकार रिकी केज ने लाइव परफॉर्म किया। गोवो साउंड बार की कीमत 12,999 रुपये है। इसे आज से अमेजन से खरीदा जा सकेगा।

## अब नेपाल ने भी एमडीएच और एवरेस्ट पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश एवं दुनिया में स्वाद एवं सुगंध के लिए मशहूर भारतीय मसाले हानिकारक कीटनाशक पाए जाने के बाद से लगातार विवादों के घेरे में है। सिंगापुर, हांगकांग और ऑस्ट्रेलिया के बाद अब नेपाल ने भी भारत के दो मसाला ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट की बिक्री, खपत तथा आयात पर रोक लगा दी है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दो भारतीय मसाला ब्रांडों एमडीएच एवं एवरेस्ट के आयात, उपभोग और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रवक्ता के मुताबिक इन दो ब्रांड्स के मसालों में केमिकल एथिलीन ऑक्साइड के स्तर के लिए परीक्षण की जांच चल रही है। अंतिम रिपोर्ट आने तक प्रतिबंध लागू रहेगा। इससे पहले अप्रैल महीने में सिंगापुर, हांगकांग एवं सिंगापुर में एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ प्रोडक्ट्स में पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की लिमिट से ज्यादा मात्रा होने के कारण उन्हें बैन किया था। इन प्रोडक्ट्स में इस पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है।

## एक नजर

### पांकी विधानसभा क्षेत्र में मतदान 20 को

**मेदिनीनगर।** जिला परिवहन पदाधिकारी श्री जितेंद्र कुमार यादव ने जानकारी दी के 20 मई के मतदान के लिए पांकी विधानसभा क्षेत्र में 98 गाड़ियों को चलाया जाएगा। यह 98 गाड़ियां अधिग्रहित हो चुकी है इनमें से 50 बस , 20 बोलेरो स्कॉर्पियो जैसी गाड़ियां है और 28 ऐसी गाड़ियां हैं जिनमें प्रत्येक गाड़ी में दो पोलिंग पार्टी और सुरक्षा कर्मी सुविधा से जा सकते हैं। यह सभी गाड़ियां मतदान कर्मियों को लेकर 19 मई को रवाना होगी। पांकी विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या 326 है और मतदाताओं की संख्या 3 लाख 20 हजार से कुछ ज्यादा है।

### दो बाइक की भिड़ंत में युवक घायल

**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रखंड कार्यालय के समीप गुरुवार शाम दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गयी। इस घटना में भारत फाइनेंस बैंक का एक कर्मी घायल हो गया। बताया जाता है कि रांची जिला के खलारी निवासी श्रवण कुमार (30) अपनी बाइक में सवार होकर कुछ आवश्यक कार्य के लिए बालूमाथ से चंदवा की ओर जा रहा था। इसी दौरान दूसरी ओर से आ रही अज्ञात बाइक ने श्रवण कुमार को सीधी टक्कर मार दी। जिससे श्रवण बाइक से गिरकर घायल हो गया।

### अभाविप ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कमलेश उरांव ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान का उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान कराना है। उन्होंने बताया कि इसके लिए टोलियां बनाकर डोर टू डोर जा कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। खासकर सुदुरवर्ती इलाकों में जहां मतदान प्रतिशत कम होता है, वहां जाकर लोगों को उनके एक वोट की कीमत समझायी जा रही है। उन्हें मतदान के लिए अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### इंटर साइंस के फेल विद्यार्थियों की कापी जांच की मांग कैसे होगी पूरी

# संपूरक परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंटरमीडिएट साइंस की फेल छात्र-छात्राओं के परेशानी कम नहीं होती दिख रही है। केजी स्कूल की 45 छात्राओं ने इंटरमीडिएट साइंस की परीक्षा दी थी। 38 छात्राएं इस परीक्षा में फेल हो गई। इसी तरह की हालत योंध सिंह नामधारी महिला कॉलेज की राही जहां 325 से ज्यादा लड़कियों ने इंटरमीडिएट साइंस की परीक्षा दी जिन में 171 फेल हो गई। इन सभी फेल छात्राओं ने पिछले सप्ताह जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा के कार्यालय पहुंचकर उनसे अपनी मांगों को रखा था। उनकी मांग थी कि उनकी कॉपी पुनः जांची जाए और उनके रिजल्ट में सुधार हो।

इधर, झारखंड अधिविध परिषद ने अब संपूरक परीक्षण जिसे आम भाषा में कंपार्टमेंटल परीक्षा कहा जाता है उसके फार्म भरने की तिथि की घोषणा करती है। इस कंपार्टमेंटल परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि आज ही मई 17 से शुरू हो चुकी है जो 31 मई तक रहेगी। यह फॉर्म ऑनलाइन भरा जा सकेगा और बिना किसी लेट शुल्क के। लेकिन 1 जून से 6 जून तक इंटरमीडिएट के तीनों संकाय कला विज्ञान और



वाणिज्य के कंपार्टमेंटल परीक्षा के लिए लेट फाइन के साथ ऑनलाइन भरे जाने की तिथि 1 जून से 6 जून तक की है। बिना विलंब शुल्क के फि आरटीजीएस के माध्यम से 3 जून तक जमा किया जा सकता है जबकि विलंब होने पर विलंब शुल्क के साथ 10 जून तक कंपार्टमेंटल परीक्षा का फॉर्म भरा जा सकता है। यहां यह दिलचस्प है लिखना की स्क्रुटनी के अंतिम तारीख 15 मई ही थी जो 2 मई से शुरू हुई थी और 15 मई को खत्म हुई। स्क्रुटनी विषय वार होता है और हर विषय के लिए झारखंड अधिवित परिषद ने एक फि का निर्धारण किया है यदि वह विषय अंग्रेजी , हिंदी , जीव विज्ञान हो या गणित हो या कोई भी विषय हो कोई एक विषय का इंटरमीडिएट का सर का स्क्रुटनी का फी 750 रुपए है। यानी यदि एक छात्र या छात्रा एक विषय में फेल है और वह उस अपनी उत्तर पुस्तिका का स्क्रुटनी करना चाहता है तो उसे 750 रुपए लगेंगे। यदि दो विषय है तो 1500 और यदि तीन विषय हो जाएंगे तो 2150 रुपए लगेंगे। समस्या यहां यह उत्पन्न हो गई कि 2 मई से 15 मई तक स्क्रुटनी के लिए आवेदन करना था और उसके साथ प्रत्येक विषय के लिए सारे ?750 भी जमा करना था। लेकिन ठीक 1 दिन बिछकर यानी 17 मई से झारखंड अधिविध ने फेल छात्रों के लिए कंपार्टमेंटल परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि की घोषणा कर दी। जो 15 मई से 30 मई तक बिना विलंब शुल्क के और 1 जून से 6 जून तक विलंब शुल्क के साथ। अब यदि कोई छात्र-छात्र जो स्क्रुटनी करना चाहता है और उसने 750 रुपए फि भी जमा कर दिए हैं तो वह स्क्रुटनी के आश्रय में लगे रहता है तो इधर उसका कंपार्टमेंटल परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि निकल सकती है। इस बात पर जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री दुगानंद झा ने प्रेस को बताया कि यह समस्या निश्चित रूप से सामने खड़ी है।

### बाजार की जमीन बिक्री हो जाने पर ग्रामीणो ने रास्ता के लिए किया हंगामा

**पाटन।** पाटन प्रखंड के किशुनपुर मे सप्ताह में दो दिन बाजार लगने वाला जमीन पर एग्रीमेंट के माध्यम से एक व्यक्ति द्वारा चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा था। जिसको वहा के ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि इसी बाजार के जमीन पर आवागमन का रास्ता रोड पर निकलने के लिए है। कहा की आवा गमन का का रास्ता वर्षो पुराना है। इस बाजार जमीन का कुल रकबा 28 डिसमिल है। जो बद्री झा के परिजन कल्याणी झा के द्वारा एक किशुनपुर के व्यक्ति शुभम क्रांति को 8 डिसमिल एग्रीमेंट कर जमीन दे दी। शुभम क्रांति अपने 8 डिसमिल जमीन का चार दीवारी निर्माण करा रहा था। इसी बीच आक्रोशित ग्रामीण ने चार दीवारी को तोड़फोड़ करने लगे। और अपने घर से निकलने वाले रास्ते के लिए मांग करने लगे। यह जानकारी मिलते हैं। किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज अपने दल बल के साथ उक्त जमीन पर पहुंचे। और ग्रामीणों को शांत कराया। उक्त मामले में जमीन के मालिक अशोक झा,नगु झा,कल्याणी झा के द्वारा ग्रामीणों को बताया गया।

## सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में हरिहरगंज के आर्यन राज सफल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं के परिणाम में स्थानीय मेन रोड़ महावीर मंदिर के निकट निवासी समाजसेवी रॉबर्ट गुप्ता के पुत्र आर्यन राज ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वह बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर स्थित डीएवी स्कूल का छात्र है। स्कूल टॉपर आर्यन ने कड़ी मेहनत के बदौलत 10वीं की 500 अंक की परीक्षा में 483 अंक अर्जित किया। इसके शानदार सफलता पर स्कूल प्रबंधन ने उसे सम्मानित कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। आर्यन राज की सफलता पर स्वजनों में खुशी का माहौल है। आर्यन ने परीक्षा में प्राप्त अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, स्वजनों व गुरुजनों को दिया है।

# मुझे मुद्दे की क्या जरूरत है, जब मोदी की गारंटी है...

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है। वायरल इस वीडियो में एक एंकर चतरा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह से पूछता है कि आप किन एजेंडों और मुद्दों के साथ चुनाव में उतरे हैं। इसपर कालीचरण सिंह दो टूक जवाब देते हैं कि मुझे मुद्दों की क्या जरूरत है। जब पूरे देश में मोदी की बयार चल रही है। जब मोदी की गारंटी है, तो मुझे मुद्दों की क्या जरूरत है। मेरी बस इतनी ड्यूटी है कि मैं उनके मत लूंगा और चुनाव जीतूंगा। अब इससे ही समझा जा सकता है कि राष्ट्रीय पार्टी का एक प्रत्याशी किस कदर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है। उनकी बॉडी लैंगवेज भी इसकी गवाही दे रहा है। वे बिना किसी मुद्दे के ही सिर्फ मोदी के नाम व चेहरे पर चुनावी मैदान में हैं।



जबकि चतरा संसदीय क्षेत्र में समस्याओं की भरमार है। कई केंद्रीय परियोजनाएं लंबित हैं। कल कारखानों के अभाव में बेरोजगारी व पलायन चरम पर है, ऐसे में कोई प्रत्याशी यह कहे कि उसे मुद्दों की क्या जरूरत है, तब मतदाताओं को एक बार सोचना ही पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर अंदरखाने से आ रही खबरों के अनुसार, अति आत्मविश्वास से लबरेज भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को ग्रामीण क्षेत्रों मे इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी और एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी डॉ। अभिषेक कुमार सिंह से कड़ी टक्कर मिल रही है। लोगों का कहना है कि सिर्फ शहर में भी भाजपा की लहर है। ग्रामीण क्षेत्रो में खास आदिवासी व मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी की पकड़ धीरे-धीरे मजबूत होती जा रही है। बताया जाता है कि चतरा संसदीय क्षेत्र से त्रिकोणीय संघर्ष की पृष्टभूमि तैयार हो रही है।

**जानिए भाजपा प्रत्याशी को**

भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह वर्तमान में सोनबिघा, पोस्ट तपेज जिला चतरा निवासी हैं। इन्होंने रांची विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक किया है। कालीचरण सिंह पर चतरा थाना में प्रतिबंधित खनिज परिवहन करने के आरोप में कांड संख्या 195/2022 दर्ज है।

### लापता सहायक पुलिसकर्मी सकुशल बरामद

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ थाना में पदस्थापित सहायक पुलिस जयराम कुमार के लापता होने के लगभग 35 दिन बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से उसकी सकुशल घर वापसी हो गई। जानकारी देते हुए लापता पुलिस कर्मी के परिजनों ने बताया कि जयराम कुमार (27) बालूमाथ थाना में झारखंड सहायक पुलिसकर्मी के पद पर पदस्थापित थे। बीते आठ अप्रैल की सुबह से गायब हो गये थे। परिवार वाले के द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर स्थानीय थाना में लिखित आवेदन के माध्यम से लापता होने की सूचना दी गई थी। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस लगातार सहायक पुलिस कर्मी जयराम की खोजबीन कर रही थी। इसी दौरान सोमवार देर शाम बालूमाथ थाना प्रभारी के द्वारा फोन कर परिवारों को थाना बुलाकर जयराम को सकुशल सौंपा गया। जयराम को सकुशल देख परिवार काफी खुश होते हुए परिवार वाले लातेहार एसपी अंजनी अंजन, बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय समेत पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## शिवपुरी कॉलोनी में एक सप्ताह से बिजली नहीं, गर्मी में परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद/ पलामू ।** हुसैनाबाद के जपला रेलवे स्टेशन के सामने शिवपुरी कालोनी में एक सप्ताह से लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। बिजली तार जोड़े जाने की मांग को लेकर लोगों ने हंगामा किया। बताया जा रहा है कि वाहन की टक्कर से बिजली का पोल टूट गया था। बाद में स्थानीय लोगो के सहयोग से बिजली के पोल को खड़ा किया गया। स्थानीय लोगो ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग तार को नही जोड़ रहा है। मिस्त्री आकर चले जा रहे हैं। सड़क किनारे मोड पर एक मकान है जो तार जोड़ने में रुकावट पैदा कर रहा है। वही विधायक प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और लोगो को आश्वासन देकर शांत कराया। वही बिजली विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि बिजली विभाग के एसडीओ व जेई को सूचना दी गयी है। समस्या का समाधान होगा।

**बिजली कर दी गई बहाल**

शिवपुरी कॉलोनी के एक क्षेत्र में कई दिनों के बाद बिजली बहाल हो गया। बिजली विभाग द्वारा खड़े किए गए पोल पर केबल तार लगा कर जोड़ दिया गया। इसके बाद सभी घरों में बिजली आपूर्ति बहाल हो गयी। बता दें कि सुबह में आक्रोशित लोगों ने कई दिनों से बिजली नही रहने के कारण काफी हंगामा किया था।

### चार दिन पहले हुई दुर्घटना में घायल लाल बाबू की आज मौत

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड नंबर 20 के पूर्व वार्ड पार्षद निरंजन प्रसाद उर्फ लाल बाबू का निधन बृहस्पतिवार की शाम रांची के रिम्स अस्पताल में हो गया। ज्ञात हो कि 13 मई को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। हुआ यह था कि लाल बाबू बेलवाटिकर चौक पर सड़क के किनारे अपनी गाड़ी के सहारे खड़े थे। तभी एक टेंपो उन पर आकर पलट गई। और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दुर्घटना के बाद जो बेहोश हुए फिर उन्हें होश नहीं आया। उनका इलाज 2 दिन पहले रांची के रिम्स में हो रहा था। लाल बाबू का शव शुक्रवार की शाम को लाया गया। लाल बाबू के निधन की खबर से बेलवाटिकर मोहल्ले में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जो भी इस खबर को सुन रहा था वह स्तब्ध हो जा रहा था। लोग कह रहे थे लाल बाबू ने किसी के साथ बुरा नहीं किया था।

## झारखंड

### रांची जिला के 214 आर्म्स लाइसेंस को प्रशासन ने किया रद्द

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला प्रशासन ने 214 आर्म्स लाइसेंस को रद्द कर दिया है। रांची उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने एसएसपी रांची की अनुशंसा पर कार्रवाई करते हुए 176 शस्त्र लाइसेंसधारियों के लाइसेंस रद्द किए हैं। इन लाइसेंसधारियों ने बार-बार नोटिस जारी होने के बाद भी न तो हथियार जमा किए, न ही छूट के लिए आवेदन जमा किया था। इसके अलावा स्वेच्छा से, लाइसेंसधारियों की मौत के बाद लाइसेंस सरेंडर एवं या पूर्व में शस्त्र जमा करने पर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए 38 लाइसेंस रद्द किया गया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र निर्वाचन संपन्न कराने को लेकर रांची जिला के सभी शस्त्र लाइसेंसधारकों को अपने शस्त्रों को थाना/ओपी अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में जमा कराने को कहा गया था। इसे लेकर अखबारों में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कई तिथियों को सूचित किया गया था, जिन शस्त्र लाइसेंसधारियों ने अपने शस्त्र जमा नहीं किए, उनके खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा-17 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की गई। लाइसेंसधारियों से शस्त्र जमा नहीं करने पर व्यक्तिगत पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण की भी मांग की गई थी। विभिन्न राष्ट्रीय एवं स्थानीय अखबारों में विज्ञापन के माध्यम इस संबंध में जानकारी भी प्रकाशित की गई थी। स्पष्टीकरण नहीं देने वाले 212 लाइसेंसधारियों के नाम, पता एवं लाइसेंस संख्या का विज्ञापन छपवाकर जवाब समर्पित करने का अंतिम मौका भी दिया गया था। बार-बार नोटिस के बावजूद उदासीनता दिखाने वाले 176 लाइसेंस धारियों के लाइसेंस को विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए रद्द कर दिया गया है।

# आईसीएआर ने जारी करने के लिए चिह्नित की बीएयू के पंखिया सेम की नई किस्म

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित खरीफ फसल पंखिया सेम के नए प्रभेद बिरसा कमरेंगा (आरडबल्यूबी-13) को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने जारी करने के लिए चिह्नित किया है। इसका चयन बेहतर उपज क्षमता (14.29 क्विंटल प्रति हेक्टेयर), उच्च प्रोटीन उपलब्धता (30.29 प्रतिशत) और तेल की मात्रा (25.81%) के आधार पर किया गया है।

आईसीएआर के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ टीआर शर्मा की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने इसके चयन संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया और राष्ट्रीय पहचान संख्या आईसी 156524 आवंटित किया। इसे पूर्वोत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों के लिए जारी करने हेतु चिह्नित किया गया है। पोटेंशियल क्रॉप संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत लगभग एक दशक के शोध प्रयासों के बाद यह किस्म चिह्नित की गई है। परियोजना के प्रधान वैज्ञानिक पौधा आनुवंशिकी विभाग




के सहायक प्राध्यापक डॉ जयलाल महतो हैं। आसानी से पैदा होने वाली पंखिया सेम अपने उच्च पोषक तत्व और निम्न कैलोरी के लिए जानी जाती है। इसका पूरा पौधा खाद्य होता है। इसके पत्ते, फूल, जड़, फली को कच्चा या पकाकर खाया जा सकता है। इसके दाने जब नहीं पके होते हैं, तब तक इसे कच्चा खाया जा सकता है। बीज बन जाने पर इसे पकाकर ही खाया जाता है।

प्रोटीन से भरपूर पंखिया सेम एक अल्पप्रयुक्त सब्जी फसल है, जो कुपोषण से लड़ने में समर्थ है। इसका प्रसार मुख्य रूप से बीज से होता है, विशेष परिस्थितियों में इसे तने से काटकर भी लगाया जा सकता है। इसे प्रायः मानसून प्रारंभ होने के समय जून जुलाई के महीने में लगाया जाता है। यह फसल ज्यादातर जनजातीय समाज द्वारा अपने घर की बाड़ी में लगाया जाता है। इसकी खेती असम, मणिपुर, मिजोरम, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक सहित आठ राज्यों में विशेष रूप से होती है।

### चेक पोस्ट का किया गया निरीक्षण

**रांची।** रांची लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक विरेंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने मुरी-पुरुलिया चेक पोस्ट एवं गोला-सिल्ली (गेड़ेबीर ) चेक पोस्ट का निरीक्षण करते हुए प्रतिनियुक्त एसएसटी एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि चेक पोस्ट पर सभी वाहनों की जांच करें।

### एनटीपीसी में चला स्वच्छता अभियान


**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय-एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने स्वच्छता पखवाड़ा मनाने के हिस्से के रूप में शुक्रवार को स्कूली बच्चों के लिए विषयगत पेंटिंग प्रतियोगिता और कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। रांची के बजरा स्थित सरकारी स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता की शुरूआत से पहले स्कूली बच्चों ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए स्वेच्छा से एक वर्ष में 100 घंटे और सप्ताह में कम से कम दो घंटे का समय समर्पित करने की शपथ ली।

### राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल की अनुशंसा पर दो विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई

# एक प्राचार्य, एक वार्डन, शिक्षिका और एक लेखपाल का वेतन रुका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए लागू किए गए 'प्रयास' सह 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' के अनुश्रवण के लिए गठित राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों ने एक बार फिर कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर अनियमितता बरतने, अनुशासनहीनता और कर्तव्यहीनता के मामले में कार्रवाई की अनुशंसा की है। रामगढ़ स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन सह पूर्णकालिक शिक्षिका निशा भारती और लेखपाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज कुमार गुप्ता के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। इस बाबत दोनों को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने शोकॉज जारी किया है। अनुश्रवण दल ने औचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में वितरण के लिए मिले जूतों को स्टोर रूम में धूल फांकता पाया। इस मामले में वार्डन सह शिक्षिका निशा भारती से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने और जवाब मिलने में विलंब को देखते हुए टीम ने तत्काल निशा भारती और मनोज कुमार गुप्ता के वेतन को रोकने की अनुशंसा की। इसके बाद कार्रवाई करते हुए दोनों का वेतन अगले आदेश तक के लिए रोक दिया गया है। साथ ही, विद्यालय को अनियमितता बरतने के मामले में दोषी पाते हुए शोकॉज जारी किया गया है, जिसका जवाब विद्यालय को अगले 24 घंटे के भीतर देना अनिवार्य है। जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर टीम दोनों की सेवा तत्काल समाप्त करने की अनुशंसा भेजेगी। निरीक्षण के क्रम में हजारीबाग के केबीएसएस 2 उच्च विद्यालय चौपारण पहुंचे राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों ने विद्यालय भवन को जर्जर पाया। साथ ही, विद्यालय में सौंदर्यीकरण का अभाव पाया। विद्यालय में पर्याप्त साफ-सफाई का भी अभाव था। टीम ने स्कूल को प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम के कार्यान्वयन में लापरवाही बरतने का दोषी पाया। अनुश्रवण दल में शामिल पदाधिकारियों ने पाया कि स्कूल में कुल नामांकित 3012 छात्रों में केवल 149 छात्र ही उपस्थित हैं। साथ ही, स्कूल द्वारा कक्षा 9वीं और 11वीं में औपबंधिक नामांकन भी नहीं लिया जा रहा था। टीम ने विद्यालय के शिक्षकों में आपसी समन्वय का भी अभाव देखा। विद्यालय द्वारा नियमों को ताक पर रखकर बाहरी शिक्षकों से सेवा ली जा रही थी।



**जारी है विद्यालयों का औचक निरीक्षण**

राज्य शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा गठित राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में सरकारी विद्यालयों का औचक निरिक्षण जारी है। कई जिलों में टीम द्वारा अनुश्रवण किया जा चुका है, जिसकी राज्य मुख्यालय द्वारा समीक्षा की जा रही है। टीम द्वारा अनियमितता, अनुशासनहीनता और कर्तव्यहीनता के मामले में कई शिक्षकों, पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है।

## जिला राजद ने एचईसी में चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला राजद अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को एचईसी के विभिन्न क्षेत्रों में इंडी गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा मौजूद थे। जनसंपर्क अभियान के दौरान राजद कार्यकर्ता एचईसी को बचाना है, सुबोध कांत को लाना है, महागठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय जिंदाबाद, सुबोध कांत सहाय जिंदाबाद, लालू यादव जिंदाबाद शिबू सोरेन जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। कार्यकर्ताओं के हाथों में अपनी-अपनी पार्टी के झंडे थे। जनसंपर्क अभियान में राजद नेता विजय राय, नवीन कुमार, हरेंद्र यादव, कांग्रेसी नेता संजय झा, पंकज कुमार, हरेश्वर यादव, रीना यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। जनसंपर्क अभियान टंकी साइट, शिव मंदिर, अमर मैदान, बुढ़िया दुकान, कमला खटाल, सीटीआई कॉलोनी एवं नायक मोहल्ला में चलाया गया।

***कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को वोट देने की अपील की***

## पेज एक का शेष

### पब्लिक स्कूल और पिछड़ते सरकारी स्कूल

कुल मिलाकर, शिक्षा का मौलिक अधिकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अधिकार में तब्दील नहीं हुआ है, इसलिए निजी ट्यूशन और कोचिंग संस्थान तेजी से बढ़ रहे हैं। कोचिंग संस्थान लंबे समय तक एक अनियमित बाजार बने रहे, और कई शिकायतों और छात्रों की आत्महत्याओं के बाद ही सरकार कोचिंग सेंटरों को संचालित करने के लिए दिशा-निर्देश लेकर आई है। कोचिंग सेंटर का पंजीकरण और विनियमन, 2024 दिशा-निर्देश कोचिंग सेंटरों को भ्रामक वादे करने या सफलता की गारंटी देने से रोकते हैं। हालांकि, इसका उपाय स्कूली शिक्षा, उच्च अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की नींव में सीखने के परिणामों में सुधार करना है। इसके अलावा, हर कोई कोचिंग का खर्च नहीं उठा सकता और सरकारी नौकरी की आकांक्षा नहीं कर सकता। गैर-औद्योगिकीकरण और संरचनात्मक परिवर्तन के उलट होने की स्थिति में जो कुछ बचा है, वह है गिग इकनॉमी, जो बिना किसी सामाजिक सुरक्षा जाल के कार्यबल को केवल निर्वाह प्रदान करती है। इस प्रकार, समकालीन भारत में नौकरियों को पुनर्जीवित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।यदि सरकार कोचिंग को सरकारी शिक्षा का आसान विकल्प मान रही है तो भी इसे नियंत्रित करने के लिए कुछ नियम बनाए जाने की आवश्यकता है ।

### वह हेमंत की कमाई : कल्पना सोरेन

**सवाल** : आपकी जेठानी सीता सोरेन पार्टी और परिवार छोड़कर भाजपा की ओर से चुनाव लड़ रही हैं। वह आप लोगों पर कई तरह के आरोप लगा रही हैं।

**जवाब** : देखिए, उन्होंने अपना फैसला लिया। वह जो सोच रही हैं, जो कर रही हैं, वह उनका व्यक्तिगत निर्णय है। हमारी दीदी हैं वो। पारिवारिक रिश्ते में उनका हमेशा सम्मान है। हमारे परिवार के ज्यादातर लोग सार्वजनिक जीवन में हैं और जनता हमारे बारे में सब कुछ जानती है।

**सवाल** : झारखंड में लोकसभा चुनाव में एक तरफ नरेंद्र मोदी का प्रभावशाली चेहरा है और दूसरी तरफ कई नेताओं के चेहरों वाला आप लोगों का गठबंधन। आपके हिसाब से इस मुकाबले का नतीजा 4 जून को क्या आने वाला है?

**जवाब** : उनका सिर्फ एक व्यक्ति-एक चेहरे पर जोर है और हमारा चेहरा करोड़ों जनता के चेहरे से कुछ अलग नहीं है। उनके चेहरे पर चढ़ा जुमलों पर नकाब उतर गया है। हमारी ओर से जनता खुद मुकाबले में उतरी है। जनतंत्र में जनता की ही जीत होगी। हमें भरोसा है कि हम झारखंड में सभी 14 लोकसभा सीटों और गांडेय विधानसभा सीट पर जीत रहे हैं। वैसे, 4 जून में अब देर ही क्या है, पूरी तस्वीर सबके सामने होगी।




# अमेठी और रायबरेली में इंडी गठबंधन-भाजपा के बीच प्रतिष्ठा की जंग

## मोदी ने छीना आपका फूड पार्क, मैं अमेठी का था, हूं और रहूंगा, आपसे मोहब्बत है : राहुल



उत्तर प्रदेश के अमेठी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि अमेठी में फूड पार्क से लाखों लोगों को रोजगार मिलता, लेकिन, मोदी सरकार ने वह आपसे छीन लिया। उन्होंने कहा कि हम अमेठी में फूड पार्क लेकर आए थे। फूड पार्क से अमेठी बदल जाती। यहां चिप्स, अचार, टोमैटो केचअप जैसे फूड प्रोसेसिंग के कई कारखाने लगते। फूड पार्क से लाखों लोगों को रोजगार मिलता। लेकिन, मोदी सरकार ने वह आपसे छीन लिया। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही मैं अमेठी में फूड पार्क लगवाऊंगा। यह मेरी गारंटी है। उन्होंने कहा कि 4 जून को हर प्रदेश के गरीब लोगों की लिस्ट बनेगी, हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा और फिर 5 जून को हम कानून बना देंगे और हर महिला के अकाउंट में साल के एक लाख रुपए भेजेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मेरे पापा ने 150 कोऑर्डिनेटर बनाए थे। उसमें किशोरी लाल शर्मा भी थे। किशोरी ने अमेठी में आपके लिए काम किया। आप बाकी कोऑर्डिनेटर को देखें, तो कोई कुछ न कुछ जरूर बन गया। कोई कहीं एमपी और एमएलए बन गए। सभी ने स्टेट तक चलाए, लेकिन, किशोरी लाल ने 40 साल अमेठी की जनता को दिए हैं। इन्होंने आपके लिए अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया।

**अमेठी**
**चुनावी रण**

> *अमेठी में फूड पार्क से लाखों लोगों को रोजगार मिलता, लेकिन, मोदी सरकार ने वह आपसे छीन लिया। फूड पार्क से अमेठी बदल जाती।*

## लोस चुनाव में रायबरेली और अमेठी दोनों सीटें भाजपा की झोली में जाने वाली हैं : अमित शाह



लोकसभा चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) को बड़ा झटका लगा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडेय को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान शाह ने दावा किया कि इस बार रायबरेली और अमेठी दोनों सीटें भाजपा की झोली में जाने वाली है। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा के बाद सपा विधायक मनोज कुमार पांडेय ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया। मनोज पांडेय के भाजपा में आने से लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की राह आसान होगी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि परिवारवादी लोग चाहते हैं कि उनके परिवार के लोग ही मुख्यमंत्री बने। बंगाल में ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं, बिहार में लालू यादव अपने बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं। वो कहते हैं कि रायबरेली और अमेठी की सीट गांधी परिवार की सीट है, ये सीट किसी की नहीं बल्कि जनता की है, जनता जिसे सीट देगी, उसे ही सीट मिलेगी। रायबरेली और अमेठी की सीटें भाजपा जीतेगी। गृह मंत्री शाह ने कहा कि आजादी के 70 साल के बाद पीएम मोदी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की है। कांग्रेस वाले कहते हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ढंग से नहीं हुई। लेकिन, मेरी बात याद रखना अगर ये इंडी अलायंस वाले आ गए, तो ये राम मंदिर पर फिर से बाबरी ताला लगा देंगे।

> *रायबरेली और अमेठी की सीट गांधी परिवार की नहीं। ये सीट किसी की नहीं, बल्कि जनता की है। जनता जिसे सीट देगी, उसे ही सीट मिलेगी।*

# कांग्रेस-सपा सरकार में आए तो राम मंदिर पर चलवा देंगे बुलडोजर : प्रधानमंत्री मोदी



**एजेंसी**

**बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और विपक्ष पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि अगर सपा-कांग्रेस की सरकार आई तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल देगी। कांग्रेस राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। पीएम मोदी शुक्रवार को बाराबंकी में जैदपुर मार्ग के पास एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा के बड़े नेता ने रामनवमी के दिन कहा कि राम मंदिर तो बेकार है। वहीं, कांग्रेस तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने की तैयारी कर रही है। इनके लिए सिर्फ अपना परिवार और पावर ही मायने रखते हैं। सपा-कांग्रेस वाले अगर सरकार में आए, तो राम लला को फिर से टेंट में भेजेंगे और मंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे। प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन को नसीहत भी दी कि उन्हें योगी जी से ट्यूशन लेना चाहिए कि कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं। आपके एक वोट की ताकत ने 500 साल के इंतजार को खत्म कर भव्य राम मंदिर में श्री रामलला को विराजमान कराया। पहले जब लोग रामलला को टेंट में देखते थे तो सरकार को भद्दी भद्दी गालियां देते थे।

- **दोनों शहजादे सीएम योगी से ट्यूशन लें, कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं**
- **मोदी कभी हिंदू-मुसलमान नहीं करता इंडी के पापों का इतिहास बताता है**

### आपके अधिकार की रक्षा के लिए मांग रहा 400 पार

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब संविधान बन रहा था तो बाबा साहब धर्म के आधार पर आरक्षण के सबसे बड़े विरोधी थे। यहां तक कि इनके परनाना ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था। कर्नाटक में जितने मुसलमान थे उन सभी को रातों रात ओबीसी बना दिया। क्या एससी, एसटी, ओबीसी का हक आप इन्हें छीनने देंगे। पीएम ने कहा कि बिहार में चारा घोटाला के जो चैंपियन हैं, जिन्हें अदालत ने सजा दी है और तबियत खराब होने के बहाने बाहर घूम रहे हैं, वो कहते हैं कि पूरा आरक्षण मुसलमानों को देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आपके अधिकारों की रक्षा के लिए 400 पार मांगता हूं।

### आपके एक वोट से बना राम मंदिर

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश में दमदार सरकार होती है तो फर्क भी साफ साफ दिखता है। कमजोर सरकार का पूरा फोकस इस बात पर होता है कि किसी तरह उनकी गाड़ी चलती रहे। भाजपा की दमदार सरकार का मतलब क्या होता है, ये हमारा अवध क्षेत्र बेहतर जानता है। जो पहली बार वोट डाल रहे हैं, जो युवा हैं उन्हें पता ही नहीं होगा कि 500 साल से पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे पूर्वज संघर्ष करते रहे, बलिदान देते रहे, त्याग की पराकाष्ठा करते रहे। आज रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं जोकि इतिहास की बहुत बड़ी घटना है।

## भाजपा पुलिस में भी अग्निवीर योजना लाना चाहती है : तेजस्वी

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने केंद्र की बीजेपी सरकार को एक बार फिर निशाने पर लिया है। उन्होंने पुलिस विभाग में भी सेना की तरह अग्निवीर योजना लाने की मंशा रखने का बीजेपी पर आरोप लगाया है। पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि पूरे देश भर में युवाओं के बीच जो सबसे बड़ा मुद्दा बन रहा है वह अग्निवीर योजना है। हमारी अधिकारियों से बात हुई है। सरकार पुलिस में भी अग्निवीर योजना लाना चाहती है। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले तो ओल्ड पेंशन स्कीम को खत्म कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि साल 2000 में भाजपा सरकार ने ही सबसे पहले पेंशन खत्म किया था, इससे लोगों में काफी आक्रोश है। युवाओं में आक्रोश है, खासकर उन नौजवानों में जिन्हें 4 साल में ही बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने पर इन युवाओं को शहीद का दर्जा भी नहीं दिया जाएगा। इस युवाओं को ना पेंशन का लाभ मिलेगा और ना ही कैंटीन की सुविधा मिलेगी। देश के नौजवानों को सताने वाला काम किया जा रहा है, तंग किया जा रहा है, परेशान किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर शिक्षकों को सताने के साथ-साथ मुसलमान और पिछड़ा समाज का शोषण करने का आरोप लगाया। वहीं, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की ओर से भ्रष्टाचारी को ठोक कर जेल भेजने वाले बयान पर तेजस्वी ने कहा कि सभी भ्रष्टाचारियों को भाजपा में उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है, टिकट दिया जा रहा है और जो बलात्कारी है उनको विदेश भाग दिया जा रहा है। बता दें, सम्राट चौधरी ने कहा था कि भ्रष्टाचार करने वाले लोग भाजपा से परेशान हैं। सभी भ्रष्टाचारियों को ठोक के जेल में डालूंगा, जो भ्रष्टाचार करेंगे उसे कोई बचा नहीं सकता है। पीएम मोदी की गारंटी है, सीएम केजरीवाल, हेमंत सोरेन, लालू यादव सबको जेल में ही रहना है।



*पहले ही इन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम को खत्म कर दिया*

## फिर पीएम बनेंगे मोदी, जल्द शुरू होगा पूर्ण बजट का काम : वित्त मंत्री

- *अगले पांच साल में वैश्विक जीडीपी में भारत का योगदान 18 प्रतिशत होगा*

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा को विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारी बहुमत के साथ वापस आयेंगे और सरकार गठन के तुरंत बाद 2024-25 के पूर्ण बजट पर चर्चा शुरू होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने व्यापार संगठन सीआईआई के वार्षिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और अगले कुछ साल यही स्थिति बनी रहेगी। कहा, आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, अगले पांच साल में वैश्विक जीडीपी में भारत का योगदान 18 प्रतिशत होगा। इस ऊंची विकास दर के पीछे बुनियादी वजह सरकारी नीतियों में स्थिरता और भ्रष्टाचार मुक्त निर्णय हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार की पीएलआई (प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन) योजना ने स्मार्टफोन इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को पूरी तरह बदलकर रख दिया है।



**चुनावी जंग का रोमांच** / **पांचवें चरण में 20 को यूपी के 14 सीटों पर होगा चुनाव**

## मुकाबले में पांच मंत्रियों को बचानी होगी साख

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मोदी सरकार के पांच मंत्रियों को अपनी साख बचानी होगी। इनके भाग्य का फैसला 20 मई को जनता करेगी। इस चरण में मोदी सरकार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, कौशल किशोर, साध्वी निरंजन ज्योति, भानु प्रताप वर्मा और योगी सरकार के मंत्री दिनेश सिंह रायबरेली से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ताल ठोक रहे हैं। पांचवे चरण में यूपी में 14 सीटों पर चुनाव होगा। 2019 के चुनाव में सिर्फ रायबरेली को छोड़कर सभी सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। राजनाथ सिंह लखनऊ से तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस से रविदास मेहरोत्रा और बसपा के सरवर अली हैं। अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक बार फिर लड़ रही हैं। उनके खिलाफ गांधी परिवार के खास किशोरीलाल शर्मा हैं। मोहनलाल गंज से केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर तीसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उनको सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार आर.के. चौधरी से कड़ी चुनौती मिल सकती है। फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा से प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति एक बार फिर से चुनावी रण में हैं। भाजपा ने जालौन सीट से पांच बार के सांसद और वर्तमान में मंत्री भानु प्रताप वर्मा को उतारा है।



### रायबरेली से ताल ठोक रहे राहुल गांधी

इसके अलावा इस चरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली से ताल ठोक रहे हैं। उनका मुख्य मुकाबला भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह से है। राहुल गांधी ने इस चुनाव में वायनाड के अलावा रायबरेली सीट से भी पर्चा भरा है। वायनाड में पहले ही वोटिंग हो चुकी है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
आरसीटी
पायरिया का ईलाज
टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
स्माईल डिजाइन
इनविजिवल क्लिप
दंत रोपण
फिक्स दाँत लगाना
अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com